CMYK

खबरों के 41 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

सतना, मंगलवार 06 अक्टूबर 2026 । वर्ष –41 । अंक –213 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ मताधिकार पर जस्टिस... ■ बच्चों के पोषण में... 04
■ इमरान खान की खातिर सड़कों पर उतरी... ■ नरेन्द्र मोदी ने रचा 25 वर्षों के स्वर्णिम... 09
■ 6 अक्टूबर से महंगी होगी हवाई यात्रा ■ शेयर बाजार ने पकड़ी रफ्तार 11
■ वेस्टइंडीज के खिलाफ... ■ वैभव को अपने मौके... 10

### सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानेश कुमार को झटका भी.. राहत भी

# बर्खास्त करने से इनकार, गैर कानूनी काम पर नतीजे भुगतने की चेतावनी



*मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि- 'हमने फ़ॉर्म 6 में बदलावों को मंज़ूरी नहीं दी है। कोर्ट यह पता लगाने के लिए रिकॉर्ड की जांच करना चाहता है कि बदलाव किसने किए?*

***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *एसआईआर और उसके तहत फार्म -6 में बदलाव तथा मुख्य निवार्चन आयुक्त की शक्तियों को लेकर दायर याचिकाओं में देश की शीर्ष अदालत ने जहां निवार्चन आयोग और ज्ञानेश कुमार को राहत दी है, वहीं गैर कानूनी काम पाये जाने पर नतीजे भुगतने की सख्त चेतावनी भी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भी जारी किए हैं। और फार्म-6 के बदलाव का रिकॉर्ड स्वयं देखने के बाद आवश्यक फैसला लेने की बात भी कही। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक हलकों में समर्थन-विरोध का सिलसिला और तेज हो गया है। सत्तारूढ एनडीए जहां इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया करार दे रहा है वहीं विपक्ष ने सीधे शब्दों में कहा है कि- निचार्वन आयोग की धांधली का अब पूरा खुलासा हो गया है। ज्ञानेश कुमार को पद से हटना ही पड़ेगा।*

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को साफ किया कि उसने नए वोटरों के रजिस्ट्रेशन के लिए इस्तेमाल होने वाले 'फॉर्म-6' में किसी भी बदलाव को मंज़ूरी नहीं दी है। कोर्ट यह बात 'स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न' के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की शक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कही है। यह स्पष्टीकरण तब आया जब कोर्ट को , एसआईआर प्रक्रिया के तहत फ़ॉर्म 6 में किए गए बदलावों के बारे में बताया गया। बेंच ने साफ़ किया कि उसने ऐसे किसी बदलाव को मंज़ूरी नहीं दी है। मुख्य न्यायधीश सूर्यकांत ने कहा, 'जब रिकॉर्ड पेश किया जाएगा, तो हम देखना चाहेंगे कि फॉर्म 6 में बदलाव किसने किया है?

**फॉर्म-6 में क्या बदलाव हुआ है-**फॉर्म 6 का विवाद चुनाव आयोग के एक अतिरिक्त एसआईआर डिक्लेरेशन से जुड़ा है, जिसमें नए वोटरों को पुरानी वोटर लिस्ट से लिंक देने की ज़रूरत होती है। चुनाव आयोग का कहना था कि यह सिर्फ़ एक एनेक्शर है, जबकि आलोचकों का तर्क था कि इसने तय कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना असल में एक कानूनी फ़ॉर्म को बदल दिया। सुको ने ईसीआई से फैसलों का रिकॉर्ड लाने को कहा है ताकि यह देखा जा सके कि फैसला सिर्फ ज्ञानेश कुमार ने लिया था या ईसीआई ने बहुमत से या सर्वसम्मति से लिया था। चीफ जस्टिस ने कहा है कि अगर कोई गैर-कानूनी काम हुआ है, तो उसके नतीजे भी भुगतने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को सस्पेंड करने के लिए कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। ज्ञानेश पर आरोप था कि उन्होंने अन्य दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा फैसले लिए। सर्वोच्च अदालत पटना के रहने वाले राकेश कुमार सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## सार संक्षेप

### उप्र राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की 8 उम्मीदवारों की सूची

**मंत्री हरदीप सिंह पुरी को नहीं मिली जगह**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 16 अक्टूबर को होने वाले राज्यसभा चुनाव की दस सीटों के लिए होने वाले मतदान के लिए सोमवार को अपने 8 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। पार्टी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, यह सूची भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी और राज्यसभा सांसद तरुण चुग ने जारी की है। भाजपा ने इस बार कई नए चेहरों को मौका दिया है। वहीं, मौजूदा राज्यसभा सांसद और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को इस सूची में जगह नहीं मिली है। भाजपा की लिस्ट में सामाजिक समीकरण का ध्यान रखा गया है। 3 ओबीसी, 2 दलित, 2 ब्राह्मण और 1 ठाकुर समुदाय के उम्मीदवार को मौंका मिला है। **ये हैं उम्मीदवार-** सूची में धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पाण्डेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान, श्रुति गंगवार शामिल हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच नंदीग्राम व रेजीनगर में आज मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट और मुर्शिदाबाद जिले की रेजीनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान किया जाएगा। दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए सुरक्षा बलों की 71 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। सुरक्षा बलों की 37 कंपनियां नंदीग्राम और 34 कंपनियां रेजीनगर में तैनात की जाएंगी। इसके अलावा, 15,119 राज्य पुलिस के कर्मियों को तैनात किया जाएगा।




**चूहा-सुनती हो-** सुप्रीम कोर्ट से निवार्चन आयोग को राहत भी मिली है और चेतावनी भी।

**चुहिया- हां प्रिये-** न्याय होते भी तो दिखना चाहिए।

# ज्ञानेश के खिलाफ विपक्षी सांसदों का मार्च आज

## चौथे दिन भी जारी रहा विरोध प्रदर्शन

### सिविल सोसायटी के लोग भी सड़क पर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता को पद से हटाने और एसआईआर रद्द कराने की मांग को लेकर विपक्ष के सभी सांसद मंगलवार को संसद भवन के मकर द्वार से चुनाव आयोग तक पैदल मार्च करेंगे। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि विपक्ष अपनी तीन मांगों से पीछे नहीं हटेगा।

इसमें पहली यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा दें, दूसरी एसआइआर को रद्द किया जाए और तीसरी मांग यह है कि चुनाव ईवीएम के बजाए बैलेट पेपर से कराए जाएं। उन्होंने अन्य संगठनों व सिविल सोसायटी के संघर्ष को भी अपना समर्थन दिया है। इस बीच चौथे दिन सोमवार को भी दिल्ली में इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन हुए। एक तरफ कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई का प्रदर्शन हुआ तो दूसरी तरफ भारत सरकार को पूर्व गृह सचिव गोपाल कृष्ण पिल्लई समेत कई पूर्व ब्यूरोक्रेट्स व सिविल सोसायटी के लोगों ने चुनाव आयोग जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश व केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सांसदों का मार्च सुबह साढ़े 10 बजे से शुरू होगा और चुनाव आयोग के मुख्यालय तक जाएगा। इसमें सभी विपक्षी पार्टियों के सांसदों को शामिल होने का न्योता दिया गया है।

### ज्ञानेश ने फॉर्म-6 में बदलाव कर भाजपा की मदद की: राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ऑनलाइन फॉर्म-6 में अवैध और एकतरफा बदलाव किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद का दुरुपयोग कर भाजपा की मदद की है।

### 'सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026' आज भोपाल में

# मुख्यमंत्री युवाओं से करेंगे सीधा संवाद



- आईआईटी मुंबई, आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ और एम्स के मनोचिकित्सक देंगे मार्गदर्शन
- शिक्षा, कौशल, नवाचार, उद्यमिता और रोजगार पर होगी विशेष चर्चा
- जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित 'सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026' में प्रदेश के युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य युवाओं को नई दिशा, प्रोत्साहन और अवसर उपलब्ध कराना है।

कॉन्क्लेव में प्रदेश से 20 हजार से अधिक युवा सहभागिता करेंगे। कॉन्क्लेव में युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान और उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े अवसरों की जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव युवाओं से संवाद कर उनकी आकांक्षाओं, विचारों और अपेक्षाओं को जानेंगे तथा उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विकास पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार भी उपस्थित रहेंगे। कॉन्क्लेव में युवाओं के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल तथा कबीर कैफे द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहेंगी। कॉन्क्लेव में आईआईटी मुंबई और आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ युवाओं ➤➤शेष पृष्ठ 3 पर

### शिक्षक भर्ती पर राहुल का मुख्यमंत्री को पत्र

# कहा- एक लाख पद खाली तो इतनी कम भर्ती क्यों?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-2 और वर्ग-3 के पदों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। 29 सितंबर 2026 को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के खाली पदों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

राहुल गांधी ने पत्र में लिखा कि इंदौर में छात्रा की गूंज कार्यक्रम के दौरान शिक्षक अभ्यर्थियों ने वर्ग-2 और वर्ग-3 की भर्ती में पदवृद्धि की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहले से ही एक लाख से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली हैं और इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। इसके बावजूद शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-3 के केवल 13,089 और वर्ग-2 के केवल 10,800 पदों पर भर्ती निकाली गई है।

राहुल गांधी ने कहा कि युवा अभ्यर्थियों की मांग है कि शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके और हजारों युवाओं को नौकरी का मौका मिल सके। उन्होंने पत्र में कहा कि कई अभ्यर्थी परीक्षा में अच्छे अंक ला चुके हैं और कई अतिथि शिक्षक के रूप में पढ़ा भी रहे हैं। लेकिन सीमित पदों के कारण वे पक्की नौकरी से वंचित हैं। इंतजार करते-करते कई अभ्यर्थी आयु सीमा के करीब पहुंच चुके हैं।

### लखनऊ में बाढ़ से तबाही: 40 हजार घरों में घुसा पानी, सड़क पर नाव

**लखनऊ ( उत्तर प्रदेश )।** लखनऊ में आई भीषण बाढ़ ने तबाही मचा दी है। गोमती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिसका पानी राजधानी के 40 हजार घरों में घुस गया है। आलम यह है कि करीब 10 हजार लोग अपने घरों को छोड़कर जाना पड़ा है। लखनऊ की गलियों में नावें चल रही हैं। वहीं जिला प्रशासन ने शनिवार को गोमती रिवरफ्रंट को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया है। नदी के दोनों किनारों पर बने रास्तों और बाकी हिस्सों में पानी ही पानी नजर आ रहा है। पिछले एक सप्ताह से जबकि लखनऊ और उत्तर प्रदेश में बारिश नहीं हुई है। इसके बाद भी शहर से लेकर गांव तक जलमग्न हो गए हैं। क्योंकि पड़ोसी राज्य बिहार और पहाड़ों के साथ साथ बांधों से छोड़े गए पानी के कारण यूपी के 11 जिलों की 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं।

### एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री की अपील

# अफवाहों पर ध्यान न दें, पात्र युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मतदाता सूची के एसआईआर को लोकतंत्र के लिए जरूरी प्रक्रिया बताया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि एसआईआर को लेकर किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह पर भरोसा न करें और निर्वाचन आयोग की तय प्रक्रिया के अनुसार ही जानकारी लें। डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब मतदाता सूची अद्यतन, पारदर्शी और विश्वसनीय हो। एसआईआर के जरिए मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इसमें हर जागरूक मतदाता की भागीदारी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि- नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि करें और निर्धारित प्रक्रिया में सहयोग करें। फॉर्म 6 और डिक्लेयेरशन सहित पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित है। सही जानकारी के लिए सिर्फ निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी और निर्धारित प्रक्रिया पर ही विश्वास करें। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेरा आग्रह है कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं और प्रत्येक नागरिक अपने नाम की भी पुष्टि करे। आइए, अपनी जिम्मेदारी निभाएं और एक विश्वसनीय मतदाता सूची के निर्माण में सहभागी बनें।

### दुष्कर्म की घटनाओं पर कोर्ट सख्त

# अपराधियों में डर पैदा करने की जरूरत

- पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में रेप की हालिया घटनाओं पर सख्ती दिखाते हुए दिल्ली पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा है कि आपको अपराध करने की सोच रखने वाले व्यक्ति के मन में डर पैदा करना होगा। दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते रेप और दूसरे अपराधों पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को इसी 'सुओ मोटो' मामले में जस्टिस जेबी पार्दीवाला की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा है कि जरूरत पड़ने पर वे सख्त रुख अपनाएं।

कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसे लोग भी होंगे जो आर्टिकल 21 की बात करेंगे, यानी वे मानवाधिकार समूह जो अपराधियों के साथ बुरे बर्ताव का विरोध करते हैं। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी ऐसे समूहों की परवाह किए बिना, रेप जैसे घिनौने अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सकते हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि जब तक आप अपराधियों के मन में यह डर पैदा नहीं करते कि 'अगर हमने ऐसा कुछ किया तो मारे जाएंगे', तब तक आप ऐसे अपराधों को रोक नहीं पाएंगे। आपको ऐसे अपराध करने की सोच रखने वाले व्यक्ति के मन में डर पैदा करने की जरूरत है। जस्टिस जेबी पार्दीवाला ने कहा, 'दुर्गा पूजा और दिवाली जैसी छुट्टियों के दौरान, ये बदमाश और गुंडे अधिक सक्रिय हो जाते हैं। आपको उनके मन में डर पैदा करना होगा।

### मेडिसिन के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान

# डेइसेरोथ, हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को मिला पुरस्कार



**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** स्टॉकहोम में कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट की नोबेल असेंबली ने सोमवार को बताया कि फिजियोलॉजी या मेडिसिन के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार कार्ल डेइसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागेल को दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार लाइट-गेटेड आयन चैनल और ऑप्टोजेनेटिक्स से जुड़ी खोजों के लिए मिला है। ऑप्टोजेनेटिक्स एक ऐसी तकनीक है जिसने दिमाग की स्टडी के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। दिमाग कैसे यादें, भावनाएं और व्यवहार बनाता है, इसे समझना लंबे समय से रिसर्च करने वालों का सपना रहा है। ऑप्टोजेनेटिक्स की मदद से जीवित दिमाग में अलग-अलग नर्व सेल्स (तंत्रिका कोशिकाओं) की एक्टिविटी को चालू या बंद करना संभव हो गया है। फिजियोलॉजी या मेडिसिन के लिए नोबेल कमेटी के चेयरमैन पेर स्वेनिंगसन ने कहा, 'ऑप्टोजेनेटिक्स दिमाग की मैपिंग के ऐसे मौके देता है जिनके बारे में हम कभी सिर्फ सपने ही देख सकते थे।' एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, हेगेमैन और नागेल ने 'चैनलरोडोप्सिन' की खोज की, जो खास गुणों वाला एक प्रोटीन है। उन्होंने पाया कि चाहे वे प्रोटीन को किसी भी सेल में डालें, वे सेल रोशनी के प्रति संवेदनशील हो जाते थे। बयान में कहा गया है, 'डाइसेरोथ ने चूहों की नर्व सेल्स में 'चैनलरोडोप्सिन' का जीन डाला। नीली रोशनी से सेल्स को रोशन करके, वे नर्व सिग्नल शुरू करने में कामयाब रहे। बाद में, उन्होंने नर्व सेल्स के लिए रोशनी से कंट्रोल होने वाले इस स्विच को जिंदा चूहों के दिमाग में काम करने लायक बनाया।'

रोशनी से नर्व सिग्नल्स को कंट्रोल करने के इस तरीके को अब ऑप्टोजेनेटिक्स कहा जाता है और इसने तेजी से दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है। हेगेमैन की रिसर्च से यह पता लगाने में मदद मिली कि कुछ सूक्ष्मजीव खास प्रोटीन्स के जरिए रोशनी को कैसे महसूस करते हैं। इसके बाद नागेल ने यह दिखाने में मदद की कि ये प्रोटीन्स रोशनी से कंट्रोल होने वाले आयन चैनल्स के तौर पर काम कर सकते हैं। डाइसेरोथ अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में बायोइंजीनियरिंग, साइकियाट्री और बिहेवियरल साइंसेज के प्रोफेसर हैं। हेगेमैन एक जर्मन बायोफिजिसिस्ट हैं, उन्होंने माइक्रोऑर्गेनिज्म में रोशनी के प्रति संवेदनशील प्रोटीन की स्टडी की। जर्मन न्यूरोसाइंटिस्ट नागेल ने माइक्रोबियल ऑप्सिन की खोज और उनकी विशेषताओं को समझने में योगदान दिया और यह दिखाया कि वे रोशनी से कंट्रोल होने वाले आयन चैनल के तौर पर काम कर सकते हैं।

**भावनाओं और व्यवहारों को कंट्रोल करते हैं-** ऑप्टोजेनेटिक्स का इस्तेमाल करके, रिसर्चर उन न्यूरल सर्किट का पता लगाने में कामयाब रहे हैं जो न्यूरोलॉजिकल और साइकियाट्रिक बीमारियों से जुड़ी खास यादों, भावनाओं और व्यवहारों को कंट्रोल करते हैं। क्लीनिकल मेडिसिन में रिसर्चर इस तरीके का इस्तेमाल उन लोगों की नजर वापस लाने की कोशिश में कर रहे हैं, जिन्हें देखने में परेशानी है।






# ई-चालान के नाम पर की जा रही साइबर ठगी की कोशिश

## वाहन मालिकों को लगातार मिल रहे मैसेज, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई शिकायत




**सतना, देशबन्धु।** किसी भी वाहन को चलाते वक्त यातायात के नियमों का पालन करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर कार्रवाई का प्रावधान है। पुलिस अर्थ दंड वसूल सकती है या मामला न्यायालय में भी पेश हो सकता है। इसी कार्रवाई का भय दिखाकर साइबर क्रिमिनल इन दिनों लोगों को फर्जी ई-चालान भेजकर ठगने का प्रयास कर रहे हैं। बीते दिनों शहर में ऐसे मामले सामने आ चुके हैं जहां मोबाइल फोन पर ई-चालान का मैसेज मिलने पर जब ट्रैफिक पुलिस से इस संबंध में संपर्क किया गया तो पता चला कि ऐसा कोई चालान नहीं हुआ है।




मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर साइबर क्राइम सेल को इसकी सूचना दी गई। साइबर क्राइम सेल ने इस तरह के फ्रॉड से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी की लेकिन अभी इस तरह के मैसेज आना बंद नहीं हुए हैं लिहाजा सचेत रहने की आवश्यकता है।

### 3 मालिकों के फोन पर आए मैसेज

प्राप्त जानकारी के मुताबिक वाहन क्रमांक एमपी 19 सीबी 8998, एमपी 19 सीबी 8188 एवं एमपी 19 सीबी 7860 नंबर की कार के लिए ई-चालान का मैसेज वाहन मालिकों को उनके मोबाइल




फोन पर प्राप्त हुआ है। खास बात यह है कि पहले की तरह इस बार भी सभी मैसेज में ई-चालान का नंबर एक समान ए.जेड 11002448 है। यहां बता दें कि इसी चालान नंबर पर पहले भी दो वाहन मालिकों को ई-चालान का मैसेज मिला था। मालूम हुआ है कि ई-चालान सभी को एक ही नंबर के भेजे गए हैं, लेकिन इसका मैसेज सभी को अलग-अलग मोबाइल फोन नंबर से भेजा गया है। इन




सभी को एक एक हजार रुपए जमा करने के लिए लिंक दी गई है।

### मैसेज मिलते ही पहुंचे थाने

यहां बता दें कि ई-चालान का मैसेज मिलने पर लोग पैसा जमा करने यातायात थाने पहुंच रहे हैं,वहां उन्हें इस ई-चालान मैसेज की असलियत का पता चल रहा है। सोमवार 5 अक्टूबर को एक वाहन मालिक ने इस मैसेज के संबंध में यातायात थाने सहित पुलिस अधीक्षक कायाज़्लय में शिकायत भी की है।यहां एक विचारणींय प्रश्न है कि मैसेज भेजने वालों को गाड़ी नंबर के साथ उसके मालिक के मोबाइल फोन नंबर की सटीक जानकारी कैसे उपलब्ध हो रही है। क्या मोबाइल फोन यूजर्स के डेटा-डिटेल कहीं से चोरी या लीक हो रहे हैं।

### मैसेज संदिग्ध प्रतीत होने पर दर्ज कराएं शिकायत

गौरतलब है कि ई-चालान का मैसेज मिलने पर संबंधित व्यक्ति मानसिक तनाव में आ जाता है,सोचने लगता है कि नियम के पालन में उससे चूक कब और कहां हुई। इसी उधेड़बुन में वो कथित जुर्माना भरने के लिए मैसेज में प्राप्त लिंक को ओपन कर सकता है। यदि वो ऐसा करता है तो उसका फोन और बैंक खाता हैक हो सकता है। शायद इसी योजना के तहत साइबर क्रिमिनल ने ठगी के इस नए तरीके को ईजाद किया है। जिसके बारे में सतर्क सावधान रहने की एडवाइजरी साइबर सेल ने जारी की है। यदि किसी को ऐसा संदेश मिलता है तो पहले वो इसकी पुष्टि अवश्य कर ले, और मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर शिकायत दर्ज कराए।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाला चौथा फरार आरोपी भी पकड़ाया

**सतना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया है। मिल जानकारी मुताबिक फरियादी देव त्रिवेदी पिता स्व. अजय त्रिवेदी 24 सितंबर को थाना आकर रिपोर्ट किया कि 23 सितंबर को मै और भाई हर्षित व किरायेदार आशुतोष द्विवेदी खाना खाकर अपने घर मे थे तभी रात्रि करीब 10 बजे अंकित तिवारी, यश शुक्ला, सजल वर्मा लगभग 6-7 लोग मारपीट करने लगे जब मोहल्ले वाले इकट्ठा हो गये तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस अपराध कायम कर विवेचना में लिया और आरोपियो की तलाश करते हुए 3 आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



### अन्य की तलाश जारी

वहीं फरार आरोपी अंकित वर्मा सोधिंया पिता राजेश सोधिया 25 वर्ष एवं शिवांशू सोंधिया पिता स्व.शंकरलाल सोंधिया 20 वर्ष दोनो निवासी मुख्तयारगंज को अलग-अलग जगहो से गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सहित प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, आरक्षक सुभाष पटेल, शिवकुमार तिवारी, सैनिक रंजीत सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही।



## आज का मौसम

| न्यूनतम तापमान | अधिकतम तापमान | आर्द्रता |
|---|---|---|
| 22.00 डि.से. | 34.09 डि.से. | सुबह : 64 |
| | | शाम : 53 |

## सार-समाचार



### शांति समिति की बैठक में दिए गए निर्देश

**सतना, देशबन्धु।** नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौरव पाण्डेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मनीष त्रिपाठी सीएसपी, थाना प्रभारी कोतवाली, कोलगवा, सिविल लाइन, दशहरा उत्सव समिति, डीजे वाले एवं प्रतिमा पंडाल वाले उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण त्यौहार मनाए जाने के संबंध में चर्चा की गई। डी वालों को शासन द्वारा निर्धारित डेसिबल मे ही डीजे बजाये जाने के निर्देश देते हुए नवदुर्गा समितियों को आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के सुव्यवस्थित इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

### कसौधन समाज के चुनाव में धांधली का आरोप

**सतना, देशबन्धु।** कसौधन वैश्य समाज नगर कमेटी का रविवार को हुए त्रैवार्षिक चुनाव में बड़ी धांधली सामने आई है। समाज के अध्यक्ष द्वारा नगर के बाहर के गांवो को फर्जी तरीके से सदस्य बनाकर मतदान कराए गए। इस बात को निर्वाचन टीम ने भी गंभीरता से न लेते हुए देर रात आए उपेक्षित परिणामों के साथ पदाधिकारियों की घोषणा बिना प्रमाण पत्र व घोषणा पत्र के कर दिया गया, जिससे अन्य प्रत्याशियों में रोष व्याप्त होते ही चुनाव अधिकारियों को स्थल से भागना पड़ा। मामला देर रात थाने पहुंचा और मतपेटियों को सील कर पुराना पॉवर हाउस चौक के पास स्थित धर्मशाला में रखकर तालाबंदी कर दी गई। इधर चुनाव में खड़े अन्य प्रत्याशियों ने पुलिस से मतपेटियों की सुरक्षा के साथ जिला प्रशासन एवं निर्वाचन विभाग से इस चुनाव को रद्दी कर पुनः चुनाव कराए जाने की मांग की गई है।

### विंध्य प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**सतना, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार दीपक शर्मा के पिता एवं सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिभुवन प्रसाद शर्मा के निधन पर विंध्य प्रेस क्लब



द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्व. त्रिभुवन प्रसाद शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। क्लब के जिला अध्यक्ष अमन त्रिपाठी ने कहा कि स्व. त्रिभुवन प्रसाद शर्मा की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने उनके नाम से प्रतिवर्ष एक सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक आज

**सतना, देशबन्धु।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक पीसी एण्ड पीएनडीटी के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शुक्ला ने बैठक में सभी संबंधित सदस्यों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत



**सतना, देशबन्धु।** एकेएस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग सीएसई विभाग द्वारा नवप्रवेशित छात्रों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होने नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह और महापौर योगेश ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के निदेशक अमित सोनी, डॉ. अखिलेश ए. वाऊ, डॉ. जीके प्रधान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर गौतम और कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सांसद गणेश सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई के साथ तकनीकी ज्ञान, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता पर ध्यान देने की बात कही। महापौर योगेश ताम्रकार ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान आयोजित प्रतिभा प्रदर्शन में एमसीए के छात्र अजय शर्मा को मिस्टर फ्रेशर और सीएसई की छात्रा प्रांजलि जोशी को मिस फ्रेशर चुना गया। अतिथियों और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने दोनों छात्रों को सम्मानित किया।

# बेरोजगार युवक का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश



फाइल: फोटो

**सतना, देशबन्धु।** कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्म परिवर्तन कराने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। फरियादी जगविजय उर्फ जग्गी वर्मा की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 और 5 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 25 वर्षीय फरियादी जग्गी वर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह शिक्षित हैं और लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे हैं। आरोपी कंचन महतो उन्हें ईसाई धर्म मानने वाली रेनू समुद्रे के पास ले गई, जहां उन्हें अच्छी नौकरी मिलने और सभी कष्ट दूर होने का झांसा दिया गया। 4 अक्टूबर को जब फरियादी टिकुरिया टोला

### कोलगवां थाना पुलिस ने पंजीबद्ध किया अपराध

स्थित रेनू समुद्रे के घर पहुंचा तो वहां आरोपी ईशू समुद्रे और अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोपियों ने फरियादी से हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य, नौकरी और रहने का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। मामले का भंडाफोड़ होने पर फरियादी ने विकास चतुर्वेदी और अश्वनी दाहिया के साथ थाना कोलगवां पहुंचकर आरोपियों रेनू समुद्रे, कंचन महतो और ईशू समुद्रे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने त्वरित वैधानिक कार्यवाही की है।

### लालच और डर से धर्म परिवर्तन का दवाब

धर्म परिवर्तन करने वालों पर कार्यवाही करने के संबंध में बजरंग कालोनी टिकुरिया टोला निवासी 25 वर्षीय जगविजय उर्फ जग्गी पिता रामलाल वर्मा ने कोलगवां थाना में जो शिकायत की है, उसमें बताया है कि वो एक पोस्ट ग्रेजुएट है और नौकरी के लिए प्रयास कर रहा है। इस बीच बजरहा टोला के कंचन महतो से उसका संपर्क हुआ तो उसने कहा कि तुम कभी मेरे साथ रेनू समुन्द्रे के पास चलो वह इसाई धर्म को मानती है, उसकी दुआ से तुम्हें अच्छी नौकरी मिल जाएगी। तब करीब 10-15 दिन पहले कंचन महतो के साथ टिकुरिया टोला रेनू समुद्रे के घर गया था। उसने कहा कि ईसाई धर्म अपना लो और प्रभू ईशू की प्रार्थना में आया करो तुम्हारे सारे दु:ख तकलीफदूर हो जाएंगे। उस दिन से मैं ईशू मसीह का नाम जपने लगा था। तब भी मुझे कोई राहत नही मिली। तब मैं 4 अक्टूबर को कंचन महतो के साथ करीब एक बजे टिकुरिया टोला रेनू समुद्रे पति संजय मलिक निवासी टिकुरिया टोला के घर पहुंचा तो वहां पर पहले से ही ईशू समुद्रे पिता किशन निवासी टिकुरिया टोला, रेनू समुद्रे एवं अन्य कुछ महिलायें बैठी थीं। तब मैं रेनू समुद्रे से बोला कि इतने दिन से प्रभु ईशू मसीह का नाम जप रहा हूं मुझे कोई राहत नहीं मिल रही है तब रेनू समुद्रे, कंचन महतो, ईशू समुद्रे सभी लोग लोग मुझसे मेरे कष्टों के बारें में पूंछे तो मैं बताया कि मेरी तबियत खराब रहती है मैं पढा लिखा हूं मुझे नौकरी नहीं मिल रही है। तब वे लोग बोले कि तुम हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लो, हिन्दू धर्म में रहोगे तो तुम्हे कभी सफलता नही मिलेगी तुम बीमार ही रहोगे। तुम्हारे परिवार का विनाश हो जाएगा। प्रभू ईशू तुम्हारी तबियत ठीक कर देंगे और तुम्हे एक अच्छी नौकरी मिल जाएगी। तुम्हे रहने के लिए चर्च की ओर से मकान बनवाने के लिए पैसे दिलवा देंगे। मुझे समझ में आया कि ये लोग झूठ बोलकर मेरा धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। जब मैं पता किया तो वहां पर जितने लोग थे उनके अलावा बहुत सारे लोगों को ये लोग प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराए हैं। तब मै विकास चतुर्वेदी, अश्वनी दाहिया एवं अन्य लोगों को घटना की जानकारी दिया और उनके साथ थाना पहुंचकर रिपोर्ट किया।



# राहत वितरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करें: कलेक्टर

**सतना, देशबन्धु।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिले के राजस्व अधिकारियों को अतिवृष्टि और बाढ प्रभावितों को स्वीकृत राहत सहायता राशि का वितरण शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि नदी के तटीय क्षेत्रों में बाढ से क्षतिग्रस्त हुई उड़द, मूंग की फसल का शीघ्र संयुक्त सर्वे पूरा कर राहत स्वीकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि 11 अक्टूबर से दुर्गोत्सव प्रारंभ हो रहा है। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र की शांति समितियों की बैठक कर ले और प्रतिमा विसर्जन स्थल पर पूर्व से ही चाक-चौबंद व्यवस्थायें पूरी कर ले। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में यह निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा कि बरसात के बाद मच्छर जन्य बीमारियों, डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए एन्टीलार्वा स्प्रे एवं अन्य दवाइयों का छिडकाव कराये। पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कराये तथा लोगों को स्वच्छ, साफ जल पीने के लिए जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन 19 अक्टूबर को होगा।

# दुर्गा पंडाल ऐसे लगाए जहां यातायात बाधित न हो

**सतना, देशबन्धु।** कैट का सुझाव है कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल मुख्य मार्ग को अवरुद्ध करने के बजाय सड़क के किनारे उपलब्ध रिक्त भूमि अथवा ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहां यातायात बाधित न हो। त्योहारों के दिनों में वैसे ही बाजारों और प्रमुख मार्गो पर आवागमन काफी सघन हो जाता है। ऐसे में यदि पंडाल मुख्य मार्ग पर बनाए जाते हैं तो सड़क और संकरी हो जाती है, जिससे जाम, यातायात अव्यवस्था और आम नागरिकों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कैट का मानना है कि आस्था और परंपरा के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात का भी ध्यान रखना आवश्यक है। पंडाल आयोजकों और प्रशासन के बीच समन्वय से ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है, जिससे धार्मिक आयोजन भी भव्यता से हों और यातायात भी सुचारु बना रहे।

# पीएम आवास व स्वनिधि हितग्राहियों को आसानी से मिले ऋण: आयुक्त

**सतना, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आईएसएस से जुड़े ऋण प्रकरणों की समीक्षा की। आयुक्त ने बैंक अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों को आसानी से ऋण उपलब्ध हो इसके लिए बैंकिंग प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से



पीएम स्वनिधि के 702 लंबित प्रकरणों की बैंक एवं शाखावार की समीक्षा

निराकरण किया जाए। बैठक में पीएम स्वनिधि योजना की बैंक एवं शाखावार समीक्षा की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के ऋण प्रकरणों में स्वीकृति और वितरण की स्थिति पर संबंधित बैंक अधिकारियों से जानकारी ली गई। समीक्षा में तीनों चरणों को मिलाकर 602 प्रकरण ऋण स्वीकृति तथा 100 प्रकरण ऋण वितरण के लिए लंबित पाए गए। आयुक्त ने 702 लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से जुड़े पात्र पथ विक्रेताओं को ऋण प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैंक पात्र आवेदनों की प्राथमिकता से जांच कर ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करें। नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को भी बैंकों के साथ नियमित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# मेडिकल कैंप में 1300 मरीजों ने लिया लाभ



**सतना, देशबन्धु।** भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा द्वारा आयोजित मेगा मेडिकल कैंप में लगभग 1300 मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया और 25 डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों एवं डाक्टरों का सम्मान किया गया। संस्था अध्यक्ष विकास सुखेजा बाबन ने बताया कि निशुल्क मेडिकल कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य जांचों एवं

### 25 डॉक्टरों की टीम ने दी नि:शुल्क सेवाएं

पैथोलॉजी की सुविधा के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने से संबंधित सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री महेश थारवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सुखेजा, संजय तीर्थवानी उपाध्यक्ष विंध्य विकास प्राधिकरण, मणिकांत माहेश्वरी, संभाग प्रभारी विक्रम चौधरी, प्रदेश मंत्री देवेंद्र सतवानी सहित दादा गोपीचंद गेलानी, गोपी कापड़ी, विजय जग्यासी, अशोक आहूजा, अशोक चंदवानी, विनोद गेलानी की उपस्थिति और मार्गदर्शन भी टीम के लिए प्रेरणादायी रहा। इस पूरे आयोजन में भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की बहनों का भी योगदान रहा।



### अच्छेलाल व रामा बने वार्ड प्रभारी

**सतना, देशबन्धु।** हनुमान नगर विकास मंच नईबस्ती की आयोजित आबादी अभियान संगठन विस्तार कामकाजी बैठक में मुहल्ला एवं वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई। अच्छेलाल दाहिया को वार्ड 14 एवं रामा आदिवासी को अंबेडकर नगर वार्ड 17 का प्रभारी बनाया गया। अगली बैठक शाम 4 बजे कमलेश सिंह पटेल के घर अंबेडकर नगर में होगी। बैठक में अभियान प्रमुख विनोद द्विवेदी, पूर्व सरपंच विजय विश्वकर्मा, ओंकार त्रिपाठी, जगदीश गर्ग, दिलीप चौधरी, विवेक सिंह, सूरज चौधरी, संतोष साकेत, शान्ति यादव, सुरेश रजक, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का वैश्य महासम्मेलन ने किया स्वागत

**सतना, देशबन्धु।** प्रदेश अध्यक्ष एवं वैश्य शिरोमणि हेमंत खंडेलवाल के सतना आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा सेमरिया चौक स्थित होटल उमा रेजिडेंसी में आयोजित व्यापारी मिलन समारोह में अजगर माला, शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश पटेल, बृजेश खंडेलवाल, अनिल अग्रहरि शिवा, हरिओम गुप्ता, सौभाग्य केसरी, कमलेश गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, राजेश केसरवानी, रोहित अग्रवाल लोहा, रज्जू केसरवानी, विनोद जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विजय गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।



# संतों की वाणी से गूंजा सेवा और मानवता का संदेश

**सतना, देशबन्धु।** स्वामी उधवदास का 42वां वर्सी महोत्सव संत मोतीराम आश्रम में महंत स्वामी खीम्यादास के सानिध्य में बड़े धूमधाम व हषोज़्ल्लास के साथ संपन्न हुआ। आश्रम के सेवादारी खेमचंद सुखनानी ने बताया कि तीन दिवसीय वरसी महोत्सव के समापन अवसर पर सुबह 11 बजे श्रीचंद सिद्धांत सागर का भोग, 1 बजे पल्लव एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्वामी खिम्यादास ने कहा कि संत कभी शरीर से हमारे बीच नहीं रहते, लेकिन उनके विचार, संस्कार और मानवता की सेवा का संदेश सदैव



स्वामी उधवदास वर्सी महोत्सव संपन्न

समाज का मार्गदर्शन करता है। महोत्सव में श्रद्धालुओं ने संत चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वर्सी में स्वामी रमेश प्रकाश कटनी, स्वामी तुलसीदास भोपाल, स्वामी कमल दास, स्वामी हंसदास रीवा, राजू लालवानी कल्याण, स्वामी आसन दास जबलपुर, महंत स्वामी ईश्वरदास, महंत स्वामी संतोख़दास, महंत स्वामी पुरषोत्तम दास, भाई मुरलीधर, भाई राजा, राजकुमार जग्यसी, पं. घनश्याम दास शर्मा, पं. प्रशान्त श्रृंगी, पं. प्रदीप शर्मा, भाई विजय जग्यासी, भाई अशोक आहूजा उपस्थित रहे।

# कलर बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

**सतना, देशबन्धु।** की ऑफ लाइफ अकैडमी की मेन ब्रांच धवारी में कराते कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ, जिसमें अकैडमी के लगभग 136 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से कराते कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन एवं मूल्यांकन मुख्य परीक्षक सेंसेई लखनलाल गुप्ता एवं सेंसेई पिपिन गुप्ता द्वारा किया गया। परीक्षा अकैडमी के डायरेक्टर सिहान भरत कुमार गुप्ता की अगुवाई में संपन्न हुई। परीक्षा में खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट से ब्लैक बेल्ट तक की परीक्षा दी और उनका एग्जाम बेसिक कराते तकनीक, पंच, किक,



काता एवं कुमिते का परीक्षण किया गया। परीक्षा के दौरान एकेएस के डायरेक्टर अजय सोनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। परीक्षा के सफल आयोजन पर अकैडमी के संरक्षक रविशंकर गौरी, मनीष मिश्रा, दिलीप कुमार पचौरी, अन्वीक्षा वर्मा, वाशवी खरे, प्रखर अग्रवाल, रितिका पांडेय और अनिरुद्ध गुप्ता, समृद्धि चतुर्वेदी, ऋषा शुक्ला, आदर्शिता राज आदि ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दी।

# संजय अस्पताल में फिर युवक से मारपीट, नर्स भी घायल





**रीवा देशबन्धु।** जिले के मनगवा थाना क्षेत्र के आलमगंज में हुए पारिवारिक जमीनी विवाद के बाद घायल हुए एक युवक को इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया था, आरोप है कि यहां इलाज कराने पहुंचे घायल युवक के साथ डॉक्टर और सिक्योरिटी गार्डों ने ही जमकर मारपीट कर दी। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अस्पताल परिसर में युवक के साथ मारपीट किए जाने का दावा किया जा रहा है। पीड़ित युवक के मुताबिक, जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान उसे चोटें आई थीं, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उससे पूछा कि शरीर के किन-किन हिस्सों में चोट लगी है। पीड़ित का आरोप है कि जब वह अपनी चोटों के बारे में डॉक्टरों को जानकारी देने

## युवक ने कहा शिखा पकड़ कर डॉक्टरों ने पीटा

लगा, तभी डॉक्टरों ने उस पर नाटक करने का आरोप लगाया और देखते ही देखते विवाद की स्थिति बन गई।

पीड़ित के मुताबिक इसके बाद डॉक्टर और सिक्योरिटी गार्डों ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वहां मौजूद एक युवक पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर रहा था। आरोप है कि वीडियो बनाए जाने की जानकारी होने के बाद डॉक्टर ने उस युवक को भी पकड़ लिया और उसके साथ भी मारपीट की गई। अब इस पूरी घटना का वीडियो सामने आने के बाद संजय गांधी अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और मरीजों के साथ अस्पताल में होने वाले व्यवहार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल यह है कि अगर कोई घायल व्यक्ति इलाज के लिए अस्पताल पहुंचता है तो क्या उसके साथ इस तरह मारपीट की जा सकती है, क्या अपनी चोटों के बारे में डॉक्टर को जानकारी देना भी अस्पताल में विवाद की वजह बन सकता है और अगर घटना के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाया जा रहा था तो उसके साथ मारपीट करने की जरूरत क्यों पड़ी।

फिलहाल पीड़ित ने डॉक्टर और सिक्योरिटी गार्डों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और वीडियो सामने आने के बाद पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। वहीं घटना के दौरान एक नर्स के घायल होने की बात भी सामने आई है। घायल नर्स ने बताया कि वह मरीज का उपचार कर रही थी इसी दौरान उसके साथ भी मारपीट की गई।

# जनसेवा से सद्भाव बढ़ेगा और प्रदेश आगे बढ़ेगा: खण्डेलवाल



**रीवा देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 267 व्यक्तियों के आंखों की जांच की गई। शिविर में चश्मे का नि:शुल्क वितरण भी किया गया।

शिविर के मुख्य अतिथि विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि शासन और समाज के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के तहत आंखों की जांच का शिविर लगाया गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा को हम सब सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से अभिनंदन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की पीड़ितों की अनवरत सेवा से प्रेरणा लेकर हर व्यक्ति सेवा का संकल्प ले। जनसेवा से समाज में सद्भाव बढ़ेगा और प्रदेश भी आगे बढ़ेगा। शिविर का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने दीप प्रज्वलन से किया। शिविर में 14 व्यक्तियों को सांकेतिक रूप से नि:शुल्क चश्मे का वितरण किया गया। शिविर में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक



केपी त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह चौहान, अनिल पटेल, अन्य जन प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पाण्डेय तथा मेडिकल एवं रेडक्रास की टीम ने शिविर को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान दिया।

## सार-समाचार

### हिन्दू धर्म परिषद का नवदुर्गा गरबा अब 17 से अटल पार्क में



*विन्ध्य और गुजरात के कलाकारों के प्रदर्शन से सजेगा विशाल पंडाल*

**रीवा देशबन्धु।** विगत 27 वर्षो से कराया जा रहा नव दुर्गा गरबा महोत्सव इस वर्ष 17 अक्टूबर से तीन दिवसीय आयोजन अटल पार्क में कराये जाने के लिये हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, संरक्षक अविराज, अध्यक्ष संजय तिवारी मुन्नू, के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। संगठन प्रभारी संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव ने वरिष्ठ कलाकार हिमांशु सिंह सेंगर को समूचे आयोजन का प्रभारी घोषित किया है। आयोजन को भव्य बनाने विशाल गरबा मंच के साथ पॉच हजार श्रद्धालु दर्शको के बैठने के लिये व्यवस्थित बी.आई.पी. व्यवस्था कराई जा रही है। इस आयोजन को आकर्षक एवं यादगार करने विन्ध्य के नामी डांस ग्रुपो के साथ सैकड़ो गुजराती गरबा कलाकारों के प्रदर्शन से नगर में सबसे बड़ा गरबा पंडाल सजेगा। ज्ञातव्य है कि श्री मनकामेश्वर मंदिर प्रांगण में निर्माण कार्य जारी रहने के कारण आयोजन स्थल बदला गया है।

*एनएसयूआई रीवा में बड़ा संगठनात्मक संकट*

### जिला उपाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक रूप से इस्तीफा

**रीवा देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला रीवा में संगठनात्मक गतिविधियों और जिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर असंतोष सामने आया है। जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह गहरवार सहित कई पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष को अपने-अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। जिला उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह गहरवार ने प्रेस वार्ता के माध्यम से अपना इस्तीफा सार्वजनिक करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन में रहते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ छात्र-छात्राओं की समस्याओं तथा उनके अधिकारों की लड़ाई के लिए कार्य किया, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में जिला नेतृत्व की कार्यप्रणाली से वे अत्यंत आहत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला अध्यक्ष द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में छात्रों के वास्तविक मुद्दों के बजाय अन्य मुद्दों को उठाकर प्राचार्यों एवं प्रोफेसरों पर कथित रूप से दबाव बनाने तथा बाद में आर्थिक लेन-देन के माध्यम से मामलों को समाप्त करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संगठन के पदाधिकारियों पर भी आर्थिक संसाधन जुटाने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

### आम आदमी पार्टी रीवा इकाई कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



**रीवा देशबन्धु।** आप रीवा इकाई कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी की आगामी कार्ययोजना, नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठन विस्तार तथा 10 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में 10 के कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकर्ताओं की भूमिका एवं आगामी गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष सतीश तिवारी, शुभ्रांशु द्विवेदी, राजेश दुबे, सीएम गुप्ता, एवं दीपक उपाध्याय सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां शुरू जिले के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ



**रीवा देशबन्धु।** जनगणना द्वितीय चरण के लिए जिले के पदाधिकारी का प्रशिक्षण हुजूर तहसील कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 8 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से आए प्रशिक्षक श्री नागेश पाठक एवं शशिकांत शुक्ला द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को समान रूप से कार्यभार आवंटन करने हेतु गणना ब्लॉक के गठन उप-गणना ब्लॉक किस प्रकार बनाए जाएंगे एवं अतिरिक्त कार्मिकों की आवश्यकता सहित उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया, इसके साथ ही इस बार भी स्व गणना का विकल्प रहेगा जिसका प्रयोग करते हुए परिवार के सदस्य अपनी सूचना पोर्टल के माध्यम से भर सकते हैं।

# राजस्व वसूली में सख्ती, बड़े बकायादारों पर होगी कार्रवाई

## कुर्की सहित सख्त कार्रवाई के सहायक आयुक्त ने दिए निर्देश



**रीवा देशबन्धु।** नगर पालिक निगम रीवा के सहायक आयुक्त एवं राजस्व अधिकारी रामनरेश तिवारी ने जोन क्रमांक-3 की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संपत्तिकर सहित अन्य करों की वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम वसूली पर असंतोष व्यक्त किया और निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान जिन प्रॉपर्टी आईडी में विसंगतियां पाई गई हैं, उन्हें शीघ्र दुरुस्त किया जाए तथा डिमांड रजिस्टर को लगातार अपडेट रखा जाए। मोबाइल टावर एवं बारात घरों की जानकारी जुटाकर उनसे नियमानुसार टैक्स जमा कराने के निर्देश भी दिए गए। बारात घरों द्वारा समय पर कर जमा नहीं करने पर तालाबंदी की कार्रवाई करने को कहा गया।

जिन प्रॉपर्टी आईडी का टैक्स जमा हो चुका है, उनकी रसीदों को प्रतिदिन ई-नगर पालिका में अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बकायादारों के विरुद्ध धारा 173 के तहत नोटिस की कार्रवाई पूर्ण कर धारा 174 के अंतर्गत आगे की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। सहायक आयुक्त ने बड़े बकायादारों को चिन्हित कर प्राथमिकता से वसूली करने तथा समय-सीमा में कर जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध कुर्की सहित सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम सीमा में ऐसी सभी संपत्तियों का सर्वे एवं चिन्हांकन करने को कहा, जो अब तक कर के दायरे से बाहर हैं, ताकि उन्हें कर निर्धारण में शामिल किया जा सके। राजस्व अमले को प्रतिदिन वसूली का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने और दैनिक प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

उन्होंने नागरिकों से समय पर संपत्तिकर एवं अन्य बकाया कर जमा कर नगर विकास में सहभागी बनने और कुर्की जैसी कार्रवाई से बचने की अपील की। बैठक में राजस्व निरीक्षक रवि प्रकाश मिश्रा, उपराजस्व निरीक्षक शकील अंसारी, उपेंद्र मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का देती है अवसर: उप मुख्यमंत्री



**रीवा देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक के मैदान में राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने खेलों में सद्भावना के प्रतीक मशाल को जलाकर तथा प्रतियोगिता के ध्वज को फहराकर इसका शुभारंभ किया।

समारोह में 10 संभागों तथा ट्राईबल विभाग के खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। समारोह में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देते हैं। खेलों में हारने वाला भी जीतने वाले को गले लगाकर बधाई देता है। हर खिलाड़ी प्रतियोगिता को जीतने का प्रयास करता है। प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। रीवा में 70वीं शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हम सबके लिए गौरव का क्षण है। प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों का पूरा सत्कार करने के साथ हम व्हाइट टाइगर सफारी और पुरवाफाल का भ्रमण भी कराएंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता में हैण्डबाल और थांगता मार्शल आर्ट की प्रतियोगिताएं होंगी। रीवा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विकसित स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण किया गया है। हैण्डबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन ग्राम अगडाल के खेल परिसर में किया जाएगा। हैण्डबाल के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय रामबिहारी मिश्र जी को नमन करने के लिए अगडाल में हैण्डबाल की प्रतियोगिता होगी। यह अगडाल वासियों के लिए भी गौरव का क्षण है। उप मुख्यमंत्री ने खेलों के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# वैज्ञानिक और पारदर्शी जाति जनगणना की मांग



**रीवा देशबन्धु।** देश में आगामी जनगणना की सरगर्मियों के बीच अन्य पिछड़ा वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व और न्याय दिलाने के लिए सियासी और सामाजिक आंदोलन तेज हो गया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के रीवा संभाग में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग द्वारा एक विशाल रैली निकालकर देश की राष्ट्रपति के नाम संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय समन्वयक कुंवर सिंह पटेल ने किया।

## ओबीसी कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन पत्र

ज्ञापन में ओबीसी सहित देश की सभी जातियों की वैज्ञानिक, प्रामाणिक और पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से गणना कराने की पुरजोर मांग की गई है। ओबीसी कांग्रेस ने पारंपरिक तरीकों के बजाय जनगणना को आधुनिक और तकनीकी रूप से त्रुटिहीन बनाने पर जोर दिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जाति जनगणना को महज एक प्रशासनिक औपचारिकता न बनाया जाए। इसके लिए सरकार को विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करनी चाहिए, जो इस पूरी गणना की पद्धति और रूपरेखा तय करे। साथ ही जमीन पर काम कर रहे सामाजिक संगठनों और पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों से विस्तृत परामर्श लिया जाना चाहिए, ताकि यह प्रक्रिया सर्वसमावेशी बन सके। कमिश्नर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय समन्वयक कुंवर सिंह पटेल एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि देश में ओबीसी वर्ग की आबादी लगभग 50 फीसदी से अधिक है। इसके बावजूद नीतियों और अधिकारों के निर्धारण में इस वर्ग की उपेक्षा की जा रही है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनगणना फॉर्म में ओबीसी के लिए स्पष्ट कोडिंग या तार्किक व्यवस्था नहीं की गई, तो यह पूरी कवायद और जनता का पैसा बेकार चला जाएगा।

# भूख हड़ताल शुरू होते ही प्रशासन ने उखाड़ा तम्बू

## एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहित कार्यकर्ता हिरासत में



**रीवा देशबन्धु।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय एवं नियुक्ति संबंधी अनियमितताओं, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति, परीक्षाओं व परीक्षा परिणामों में देरी तथा विद्यार्थियों के साथ कथित दोहरे मापदंड के विरोध में राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का आंदोलन सोमवार को भी जारी रहा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विश्व विद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल, धरना एवं सत्याग्रह शुरू किया गया। एनएस यूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में जैसे ही तंबू लगाया गया, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और तंबू हटवा दिया। इसके बाद पंकज उपाध्याय महात्मा गांधी की प्रतिमा लेकर अकेले शांतिपूर्वक बैठ गए। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें वहां भी बैठने से रोक दिया। उपाध्याय के अनुसार अधिकारियों ने कहा कि "ऊपर से दबाव है, यहां बैठने नहीं दिया जाएगा।"

बाद में पुलिस ने पंकज उपाध्याय सहित उनके साथियों को हिरासत में लेकर बिछिया थाने पहुंचाया, जहां उन्हें कई घंटे तक रखा गया। एनएसयूआई ने कार्रवाई को लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए विरोध जताया।

आंदोलनकारियों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव गुरमीत सिंह मंगू, पार्षद मनीष नामदेव एवं ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा सहित कांग्रेस पदाधिकारी भी थाने पहुंचे। पंकज उपाध्याय ने कहा कि प्रशासन को तीन दिनों के भीतर मांगों पर निष्पक्ष जांच और ठोस कार्रवाई करनी होगी। मांगों का निराकरण नहीं होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल दोबारा शुरू की जाएगी। इसके साथ जल सत्याग्रह सहित चरणबद्ध आंदोलन किए जाएंगे।

# टाटा न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**रीवा देशबन्धु।** रीवा जिले के रोझौही क्षेत्र में प्रस्तावित टाटा न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का विरोध एक बार फिर तेज हो गया है।

ग्राम पंचायत सरई कला में आयोजित ग्राम सभा ने न्यूक्लियर पावर प्लांट के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया है। इसके बावजूद शासन और कंपनी द्वारा काम आगे बढ़ाने की कोशिशों से आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## नेताओं से पूछे तीखे सवाल प्रदर्शन की भी दी चेतावनी

ग्रामीणों ने विनाश नहीं विकास चाहिए, न्यूक्लियर पावर प्लांट नहीं चाहिए के जोरदार नारों के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रस्तावित प्लांट को लेकर ग्रामीणों में रेडिएशन से होने वाले दूरगामी खतरों को लेकर गहरा भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि न्यूक्लियर के कचरे से जल, हवा और जमीन तीनों में व्यापक प्रदूषण फैलेगा, जिससे आसपास के हजारों गांव प्रभावित होंगे।

रूस के चेर्नोबिल और जापान के फुकुशिमा डाईची परमाणु हादसों का उदाहरण देते हुए ग्रामीणों ने अंदेशा जताया कि यदि यहां कोई दुर्घटना होती है तो आने वाली पीढ़ियों को जन्म जात विकलांगता और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ेगा।

**ग्रामीणों का गुस्सा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों** डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और विधायक दिव्यराज सिंह पर भी फूटा। ग्रामीणों ने तीखे शब्दों में कहा कि नेता अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ाते हैं और खुद वहीं बस जाएंगे, लेकिन स्थानीय गरीब ग्रामीणों को रेडिएशन और खतरनाक बीमारियों के हवाले करना चाहते हैं। सरई कला और रोझौही के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई और न्यूक्लियर पावर प्लांट की योजना को रद्द नहीं किया गया, तो जिला मुख्यालय का घेराव कर बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 3960/ स्टोर / 2026 रीवा, दिनांक-03/10/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2026-27**

प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर सर्विस का कार्य कराया जाना है। अतः निविदा दिनांक 27.10.2026 शाम 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत शर्तें निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी स्टोर शाखा एवं महाविद्यालय की वेबसाइट www.trscollege.com से प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा ( म.प्र. )

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुख्यमंत्री युवाओं से...

को शिक्षा, तकनीकी विकास, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। एम्स के मनोचिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगे।

17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता

कॉन्क्लेव में 17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। उच्च शिक्षा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, तकनीकी शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, आयुष तथा पुलिस एवं साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विभाग युवाओं को अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं, अवसरों और गतिविधियों से परिचित कराएंगे। मध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर एवं सेडमैप द्वारा स्वरोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास और नवाचार से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

80 से अधिक प्रदर्शनी कक्षों में दिखेगी अवसरों और संभावनाओं की तस्वीर-कॉन्क्लेव में विभागों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे। इनमें रोजगार, प्रशिक्षण, कॅरियर, उद्यमिता, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और शासकीय योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी।

विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, कॅरियर मार्गदर्शन और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित भविष्य की आवश्यकताओं से जुड़े विषयों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

विचार से नवाचार और नवाचार से उद्यमिता तकमध्यप्रदेश स्टार्टअप सेंटर के माध्यम से विभिन्न नवोदित उद्यम अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। युवा इन नवाचारों के माध्यम से विचार को उत्पाद और उत्पाद को उद्यम में बदलने की प्रक्रिया को समझ सकेंगे। इससे उन्हें स्वयं का उद्यम स्थापित करने तथा नए विचारों पर कार्य करने के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलेगा।

उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेष फोकसकृत्रिम बुद्धिमत्ता (ह्र), रोबोटिक्स, ड्रोन प्रौद्योगिकी, अर्धचालक प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत वाहन (श्वङ्क) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां कॉन्क्लेव के प्रमुख विषयों में शामिल रहेंगी।

देशबन्धु

सतना, मंगलवार, 06 अक्टूबर 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मताधिकार पर जस्टिस भुईयां की अहम टिप्पणी

ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए देश में तेज हो रहे आंदोलन, चुनाव चोरी के मसले पर मोदी सरकार के खिलाफ बढ़ती नाराजगी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ बढ़ते संदेह के बीच एक राहत देने वाला बयान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुईयां की तरफ से आया है। हालांकि जस्टिस भुईयां ने यह टिप्पणी किसी सुनवाई के दौरान नहीं की है, न ही यह किसी फैसले का हिस्सा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश होने के नाते ही उनकी यह टिप्पणी काफी अहम है, क्योंकि इसमें नागरिकता और मताधिकार के बीच के अटूट संबंध को रेखांकित किया गया है। एसआईआर पर विवाद इसी वजह से ही उठे हैं कि मतदाता सूची शुद्धिकरण के नाम पर दस-बीस नहीं कम से कम 13 करोड़ लोगों से मताधिकार छीन लिया गया है। मताधिकार छीनने की कवायद को जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार के समान बताया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रक्रिया लाखों भारतीय नागरिकों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर उन्हें अपने ही देश में बिना वोट वाले नागरिकों में बदल देती है, तो ऐसी प्रक्रिया 'स्वाभाविक रूप से मनमानी' होगी और संविधान के मूल ढांचे पर चोट करेगी।

हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में आयोजित 19वें जस्टिस बोध राज साहनी मेमोरियल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन पर जस्टिस भुईयां ने कहा कि भारतीय संविधान नागरिकों की दो श्रेणियां नहीं बनाता- एक वे जिनके पास वोट देने का अधिकार है और दूसरी वे जिनके पास यह अधिकार नहीं है। वोट छीनने वाली किसी भी प्रक्रिया को स्वभावत: मनमाना बताते हुए उन्होंने कहा कि इसे किसी भी तरह की दलील या बहाने से जायज नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक ऐसी स्थिति संविधान के 'दिल' पर चोट करती है और भारत द्वारा अपनाए गए संवैधानिक शासन-व्यवस्था की ही नकार बन जाती है। जस्टिस भुईयां ने अपने भाषण में सीधे तौर पर न एसआईआर का नाम लिया, न ज्ञानेश कुमार का जिक्र इस संदर्भ में किया, न ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर को जायज ठहराने वाले जो फैसले पिछले कुछ वक्त में आए हैं, उन पर कुछ कहा, लेकिन यह सब सीधे तौर पर न कहते हुए भी जस्टिस भुईयां ने अपने भाषण में दो टूक कहा कि किसी भारतीय नागरिक की पहचान से उसके वोट देने या मतदाता सूची में शामिल होने के अधिकार को अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसकी तुलना शरीर से आत्मा निकालने से की। यानी नागरिकता और मताधिकार को एक-दूसरे से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कानून के विद्यार्थियों और भावी वकीलों के जरिए देश को याद दिलाया कि भारत जैसे लोकतंत्र में आम नागरिक के लिए सरकार के संचालन में भागीदारी का सबसे महत्वपूर्ण और सीधा माध्यम उसका वोट है। उन्होंने कहा कि मताधिकार नागरिकता का सार है और यही वह माध्यम है जिसके जरिए देश का सामान्य नागरिक शासन-व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है।

जस्टिस भुईयां ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया जो लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों को वयस्क मताधिकार के आधार पर कराए जाने की संवैधानिक व्यवस्था करता है। जस्टिस भुईयां ने साफ कहा कि अनुच्छेद 326 के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई प्राधिकरण ऐसा नहीं कर सकता और कोई अदालत भी ऐसी प्रक्रिया को मंजूरी नहीं दे सकती जो संवैधानिक मताधिकार को बड़े पैमाने पर खत्म करती हो। उन्होंने कहा कि 'कोई भी संविधान से ऊपर नहीं है।'

इसके साथ ही जस्टिस भुईयां ने अनुच्छेद 326 को संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के सिद्धांत से भी जोड़ा। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण की गारंटी देता है। जस्टिस भुईयां के अनुसार सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार इस समानता को वास्तविक लोकतांत्रिक अर्थ देता है। यानी समाज में ऊंची स्थिति वाला व्यक्ति और सबसे निचले सामाजिक-आर्थिक पायदान पर खड़ा व्यक्ति दोनों की नागरिक के तौर पर एक जैसी हैसियत है और दोनों के चुनाव में एक-एक वोट हैं। उन्होंने इसे भारतीय संविधान के उस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के रूप में प्रस्तुत किया जिसमें आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के बावजूद राजनीतिक समानता सुनिश्चित की गई है। जस्टिस भुइयां ने अनुच्छेद 325 का भी उल्लेख किया। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में एक सामान्य मतदाता सूची का प्रावधान है। जस्टिस भुईयां ने बाबा साहेब अंबेडकर के उद्देश्य को याद दिलाया कि संविधान निर्माताओं ने मताधिकार को केवल संसद द्वारा बनाए जाने वाले सामान्य कानून के भरोसे नहीं छोड़ा, बल्कि इसे संविधान में ही जगह दी।

इसके साथ ही जस्टिस भुईयां ने मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 और सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी मतदाता का नाम एक बार मतदाता सूची में दर्ज हो जाने के बाद, मृत मतदाता के मामले को छोड़कर, उसे बिना नोटिस और सुनवाई के हटाया नहीं जा सकता। यह टिप्पणी एसआईआर के संदर्भ में खास महत्व रखती है। एक अकादमिक कार्यक्रम में जस्टिस भुईयां के संवैधानिक और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर आधारित भाषण का महत्व एसआईआर तत्काल बंद करने की मांग के बीच और बढ़ जाता है। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार के कारण देश में लोकतंत्र कुचलने का जो निराशाजनक माहौल बनाया गया है, उसमें इन दिनों चल रहा आंदोलन और इसके साथ जस्टिस भुईयां का भाषण वैसा ही है जैसा फैज़ अहमद फैज़ ने कहा था कि-बीमार को बेवज्ह क़रार आ जाए।

# सामाजिक प्रतिक्रांति का युद्धघोष

पितृसत्ता से लेकर जाति का विनाश, इतिहास के गैर-ब्राह्मणीकरण से मनु का श्राप तक'— पहली नजर में बेशक यह किसी को भी सामाजिक सुधार और जागरण की कार्यसूची लग सकती है। जाहिर है कि फुले दम्पति, पेरियार, डॉ अम्बेडकर तथा अन्य तमाम समाज सुधारकों की नहीं, अपने जरा अलग तरीके से गांधी की तथा उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन की कार्यसूची का भी यह सब जरूरी हिस्सा रहा था। इसीलिए तो, इस राष्ट्रीय आंदोलन के गर्भ से जिस स्वतंत्र भारत का जन्म हुआ, उसका संविधान कम से कम इस कार्यसूची के अनुरूप जरूर था। इससे स्वाभाविक अपेक्षा तो यही की जाती है कि देश की शिक्षा व्यवस्था और खासतौर पर उच्च शिक्षा व्यवस्था इस सामाजिक कार्यसूची को आगे बढ़ाने में मददगार होगी। हैरानी नहीं होगी कि इनके पांवों तले कुचले जाते रहे तबकों के बीच से तथा उनके हमदर्दों की कुछ गर्म आवाजें पितृसत्ता, जाति व्यवस्था, इतिहास के ब्राह्मणीकरण और मनुवाद को 'जहर' बताएं और इसकी काट या एंटी-डोट की तलाश को अपनी विद्वत्ता का लक्ष्य बनाएं। यह सामाजिक क्रांति का वह एजेंडा है, जिसे राष्ट्रीय आंदोलन पूरा तो नहीं कर सका, पर उसने बलपूर्वक देश के सामने रखा ही नहीं था, ऐसी शक्तियों को भी उन्मुक्त कर दिया था, जो इस एजेंडा को आगे ले जाने वाली थीं।

लेकिन, इसके उलट को क्या कहेंगे? पितृसत्ता के विरोध को, जाति के विनाश की वकालत को, इतिहास के ब्राह्मणीकरण की तथा मनु की आलोचना को ही अगर कोई 'जहर' बताए तो? स्वाभाविक रूप से इसका एक ही जवाब हो सकता है—यह तो सामाजिक प्रतिक्रांति का एजेंडा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा की सरकार के दबे-छुपे ढंग से सामाजिक प्रतिक्रांति की शक्तियों तथा प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने और उससे ज्यादा खुलेआम सामाजिक क्रांति की प्रवृत्तियों को कमजोर करने की बात तो किसी से छुपी हुई नहीं थी। लेकिन, ऐसा लगता है कि मोदी राज के तीसरे कार्यकाल में सामाजिक प्रतिक्रांति की ताकतों के हाथों में बढ़ते पैमाने शासकीय नीति की बागडोर ही सौंपी जा रही है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में वामपंथी के साथ-साथ अंबेडकरवादी विद्वत्ता/विचारों की मौजूदगी की जांच की सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय से सितंबर के आखिर में आयी मांग, इसी सच्चाई को गाढ़े रंग से रेखांकित करती है।

इस प्रसंग को चूंकि मुख्यधारा के मीडिया में बहुत हद तक अनदेखा ही कर दिया गया है, जबकि इस मामले में सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय की हैरान करने वाली सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है, जो पूरे शासन के इस दिशा में प्रवृत्त होने का संकेत देती है, इसलिए हम यहां इस प्रसंग का थोड़े विस्तार से जिक्र करना चाहेंगे। इस प्रकरण की शुरूआत, 26 सितंबर को, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आए एक गुमनाम ट्वीट से होती है। इस ट्वीट में देश के वर्तमान नीति निर्धारकों को चेताया जाता है कि पितृसत्ता, जाति, ब्राह्मणवाद, मनुवाद की आलोचनाओं का 'जहर' युवा दिमागों में भरा जा रहा है, जिसके जरिए वामपंथी जुंडली शिक्षण का उपयोग अपनी कतारों में भर्ती के लिए रंगरूट तैयार करने के लिए कर रही है!

बहरहाल, वामपंथ पर हमले की आड़ में वास्तव में सामाजिक रूप से उत्पीड़ितों,



राजेंद्र शर्मा

> राष्ट्रीय आंदोलन से उन्मुक्त हुई सामाजिक क्रांति को पलटने के लिए संघ-भाजपा का प्रतिक्रांतिकारी हमला दो टांगों पर खड़ा है—हिंदू श्रेष्ठतावाद और मनुवाद या ब्राह्मणवाद, जिसमें सवर्णवाद और मर्दवाद दोनों का योग है। शासन के विभिन्न स्तरों तक इस हमले के पहुंचने से सामाजिक प्रतिक्रांति का वास्तविक खतरा पैदा हो गया है।

खासतौर पर वंचित जातियों तथा महिलाओं के अधिकारों तथा उनकी समानता की पुकारों का रास्ता खोलने वाली और उनका रास्ता रोकने वाली मेधाओं को उच्च शिक्षा के दायरे से बहिष्कृत ही करने की आरएसएस की मांग तब पूरी तरह से उजागर हो जाती है, जब उक्त ट्वीट के साथ लगायी गयी सूची में डॉ. अंबेडकर की 'एन्हिलेशन ऑफ कास्ट' से लेकर, पेरियार, फुले दम्पति तक के लेखन को उक्त 'जहर' के उदाहरण के रूप में गिनाया जाता है। ट्वीट के साथ जोड़ी गयी तस्वीर में पूरी 35 पुस्तकें हैं, जिनमें आसानी से समझ में आने वाले कारणों से, महिला लेखिकाओं की संख्या अनुपातहीन तरीके से ज्यादा है। यानी यह वामपंथ का नाम लेकर, हर प्रकार की प्रगतिशील धाराओं और खासतौर पर जातिभेद-विरोधी तथा लिंगभेद-निषेधक बराबरी के विचारों को शिक्षा के दायरे से उसी तरह बहिष्कृत करने के प्रयासों का एक उदाहरण है, जिस तरह के हमलों के जरिए ब्राह्मणवाद ने बहुत पुराने जमाने में चार्वाक और आजीवक जैसी भौतिकवादी दार्शनिक धाराओं को हाशिए से भी नीचे धकेल दिया था।

इस गुमनाम ट्वीट के आने के बाद जो कुछ होता है, वह और भी ज्यादा मानीखेज है। प्रधानमंत्री कार्यालय इस ट्वीट का स्वत: संज्ञान लेकर, उच्च शिक्षा विभाग को इस संबंध में एक चिट्ठी लिखता है और संबंधित विभाग उसी दिन, यानी 27 सितंबर को ही सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों को चिट्ठी लिखकर उनसे फौरन इन शिकायतों पर उनका जवाब मांगता है। जाहिर है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय तुरंत इस मामले की समीक्षा में जुट जाते हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों से इस शिकायत के सिलसिले में पूछा गया एक सवाल और भी ज्यादा आशंकाएं पैदा करने वाला है। उन्हें यह भी बताना है कि उक्त 'जहर' फैलाने वाले विचारकों/ लेखकों से जुड़े पाठ्यक्रमों में कितने छात्र हैं। यानी कुल मिलाकर इस जहर के फैलने और फैलाने का पैमाना कितना है? इसके लिए कितनी और कैसी घेरेबंदी की जरूरत होगी?

बेशक, जातिवाद तथा मर्दवाद के पक्ष में वर्तमान शासन के सीधे हस्तक्षेप का यह पहला उदाहरण हो भी, तब भी इसके पीछे चले आ रहे एक लगातार जारी सिलसिले को याद रखना जरूरी है। पाठकों को याद होगा कि रोहित वेमुला की संस्थागत हत्या समेत उच्च शिक्षा संस्थाओं में जातिवादी भेदभाव के अनेक प्रकरणों की पृष्ठभूमि में, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर, विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने आधे-अधूरे तरीके से जो दिशा-निर्देश तैयार किए थे, उनके खिलाफ भी जाहिर है कि संघ परिवार के संगठनों की संलिप्तता के साथ, विरोध का तूफान खड़ा करने की कोशिश की गयी थी। तुरंत सुप्रीम कोर्ट ने भी इसकी सुनवाई कर, इन दिशानिर्देशों पर रोक ही लगा दी थी।

सवर्ण गोलबंदी के इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, नीट परीक्षाओं की धांधली से भड़के छात्रों और युवाओं के जंतर-मंतर आंदोलन के बाद के दौर में, उसके समानांतर सवर्ण युवाओं की लामबंदी की कोशिशों के जरिए, युवाओं को बांटने की कोशिश की गयी थी। और जब यह कोशिश, खास कामयाब नहीं हुई, तब जंतर-मंतर आंदोलन के फौरन बाद, आरक्षण व्यवस्था में सुधार के नाम पर, आरक्षण-विरोधी आंदोलन खड़ा करने की कोशिश की गयी। यह दूसरी बात है कि इसका ज्यादा व्यापक प्रभाव नहीं नजर आया, उल्टे इसके पीछे सत्ताधारी भाजपा तथा संघ के नेताओं का हाथ होने का सच ही उजागर हो गया। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के उप-मुख्यमंत्री, बृजेश पाठक खासतौर पर इस खेल के पीछे खड़े नजर आ रहे थे और उनकी सरकार इसे छुपाने की कोई कोशिश भी नहीं कर रही थी। इसी खुल्लमखुल्लापन को अब केंद्र की शिक्षा नीति में अगली मंजिल पर पहुंचा दिया गया है।

यह भी याद रहे कि संघ परिवार पहले से ही जातिवाद तथा लिंगभेद की सच्चाइयों को ही नकारने के जरिए, इन असमानताओं को मिटाने के संघर्षों को ही गैर-जरूरी साबित करने में लगा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, इसी प्रतिगामी रुख की शासकीय नीति के स्तर पर अभिव्यक्ति में, मोदी सरकार इसके लिए बराबर लड़ती आयी है कि रंगभेद-विरोधी वैश्विक एकजुटता में, भारत के जाति भेद के जिक्र को हर्गिज शामिल नहीं किया जाए। इसी प्रकार, पश्चिमी देशों में कुछ शैक्षणिक परिसरों में जहां भारतीय छात्रों की भी ठीक-ठाक उपस्थिति है, जब भी भेद-भाव विरोधी पहलों के हिस्से के तौर पर, जाति-भेद विरोधी कदमों के शामिल किए जाने की बात आयी है, संघ परिवार से जुड़े संगठनों ने ही नहीं, उनकी पीठ पर हाथ रखने के जरिए वर्तमान सरकार ने भी, ऐसी सभी कोशिशों का विरोध ही किया है। यह आरएसएस के बुनियादी एजेंडा को ही दिखाता है, जो अपने सारे दिखावे के बावजूद, जातिवादी तथा लिंगभेदी, विशेषाधिकारों का हिमायती ही बना रहा है।

राष्ट्रीय आंदोलन से उन्मुक्त हुई सामाजिक क्रांति को पलटने के लिए संघ-भाजपा का प्रतिक्रांतिकारी हमला दो टांगों पर खड़ा है—हिंदू श्रेष्ठतावाद और मनुवाद या ब्राह्मणवाद, जिसमें सवर्णवाद और मर्दवाद दोनों का योग है। शासन के विभिन्न स्तरों तक इस हमले के पहुंचने से सामाजिक प्रतिक्रांति का वास्तविक खतरा पैदा हो गया है। जातिगत तथा लैंगिक समानता समेत, हर तरह की समानता की सोच आज निशाने पर है। कथित दिमागी नक्सलों के खिलाफ युद्ध की वर्तमान संघी सत्ता की पुकार, इसी सामाजिक प्रतिक्रांति का युद्धघोष है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# बच्चों के पोषण में डिजिटलीकरण न बने बाधा

■ राजु कुमार

हाल के वर्षों में लगभग हर क्षेत्र में डिजिटल प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लक्षित समूहों के लिए चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में भी तकनीक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इससे योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता बेहतर हो सकती है, लेकिन तकनीकी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण पात्र व्यक्ति योजना से वंचित रह जाए, तो यह चिंता का विषय है। बच्चों के भोजन और पोषण से जुड़ी योजनाओं में यह सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि देश में बाल कुपोषण अब भी गंभीर समस्या बना हुआ है। ऐसे में आधार, ई-केवाईसी, फेस रिकग्निशन या किसी ऐप की तकनीकी प्रक्रिया के कारण किसी बच्चे का भोजन और पोषण नहीं रुकना चाहिए। तकनीक का इस्तेमाल योजनाओं को बेहतर बनाने और उनकी निगरानी के लिए हो सकता है, लेकिन गरीब, प्रवासी, आदिवासी और दूसरे वंचित परिवारों के बच्चों के लिए ऐसी शर्तें भोजन और पोषण सेवाओं तक पहुंच को और कठिन बना सकती हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के अनुसार देश में पांच साल से कम उम्र के 29.3 प्रतिशत बच्चे ठिगनेपन के शिकार हैं, 19 प्रतिशत बच्चे दुबले हैं और 31.8 प्रतिशत बच्चों का वजन उनकी उम्र के अनुसार कम है।

> भोजन और पोषण से जुड़ी योजनाओं में बढ़ते डिजिटलीकरण को भी इसी संदर्भ में देखने की जरूरत है, ताकि तकनीक बच्चों तक भोजन और पोषण की पहुंच में बाधा न बने। डिजिटलीकरण के कारण बच्चे की भोजन और पोषण सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बच्चों के निजी आंकड़ों की सुरक्षा का सवाल भी इससे जुड़ा है। दूसरी ओर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों पर डिजिटल रिपोर्टिंग का काम इतना नहीं बढ़ना चाहिए कि बच्चों के साथ सीधे काम करने का उनका समय कम होने लगे।

पिछले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुकाबले इन संकेतकों में सुधार दर्ज हुआ है, लेकिन करीब हर तीन में से एक बच्चे का उम्र के अनुसार कम वजन होना बताता है कि चुनौती अभी भी बड़ी है। बच्चे के जीवन के शुरुआती दो वर्षों में पर्याप्त और विविध आहार मिलना भी पोषण का महत्वपूर्ण आधार है इसलिए कुपोषण को खत्म करने के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं।

बच्चे के पोषण की बुनियाद गर्भावस्था के दौरान ही पड़ जाती है। गर्भवती महिला को पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं मिलना, जन्म के बाद स्तनपान, छह महीने के बाद पर्याप्त और विविध पूरक आहार, साफ पानी, संक्रमण से बचाव और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलना बच्चे के विकास से सीधे जुड़े हैं। इसके बाद आंगनवाड़ी और स्कूल में मिलने वाला भोजन आता है। इसलिए कुपोषण सामने आने के बाद बच्चे का वजन बढ़ाने के प्रयासों के साथ उन कारणों पर भी काम करना जरूरी है, जिनके चलते बच्चा कुपोषण का शिकार होता है।

इस पूरी व्यवस्था में आंगनवाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण है। गरीब, आदिवासी, दूरदराज और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी पोषण के साथ स्वास्थ्य और शुरुआती देखभाल की व्यवस्था भी है। इसके लिए जरूरत के मुताबिक पर्याप्त आंगनवाड़ी केंद्र, अच्छे भवन, पानी, बिजली और स्वच्छता की सुविधाएं तथा पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित कार्यकर्ता जरूरी हैं। भोजन की गुणवत्ता पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध दाल, मोटे अनाज, सब्जियां और दूसरी पौष्टिक सामग्री से गर्म पका भोजन दिया जा सकता है। स्कूलों में स्थानीय भोजन और किचन गार्डन को बढ़ावा देने के साथ बच्चों में जंक फूड के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के उपाय भी जरूरी हैं।

मां के पोषण और उसकी सामाजिक सुरक्षा का सवाल भी इससे जुड़ा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान पर्याप्त आर्थिक सहायता नहीं मिलने का असर मां और बच्चे दोनों के पोषण पर पड़ता है। मातृत्व लाभ की पहुंच बढ़ाने के साथ तीन साल से कम उम्र के बच्चों के लिए क्रेच और शुरुआती देखभाल की व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। प्रवासी मजदूरों, बेघर और विस्थापित परिवारों के बच्चों के लिए समस्या और कठिन है। पहचान या स्थायी पते के अभाव में यदि कोई बच्चा आंगनवाड़ी, स्कूल, भोजन या स्वास्थ्य सेवाओं से बाहर रह जाता है तो इसका सबसे ज्यादा असर पहले से वंचित परिवारों पर पड़ता है।

बच्चों के भोजन की व्यवस्था में स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाने की भी जरूरत है। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों, रसोइयों, किसानों, ग्राम पंचायतों, माता-पिता और स्कूल प्रबंधन समितियों को इससे जोड़ने पर भोजन की गुणवत्ता और निगरानी दोनों में मदद मिल सकती है। स्थानीय किसानों से दाल, मोटे अनाज और दूसरी पौष्टिक सामग्री की खरीद बच्चों को स्थानीय और विविध भोजन उपलब्ध कराने के साथ किसानों और स्थानीय आजीविका को भी सहारा दे सकती है। इसके साथ सामाजिक अंकेक्षण, भोजन की स्वतंत्र गुणवत्ता जांच, सरकारी ठेकों में पारदर्शिता और शिकायतों के निवारण की प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए। बच्चों के भोजन और पोषण की जिम्मेदारी सरकार की है। इसलिए निजीकरण के बजाय सार्वजनिक व्यवस्था को मजबूत करते हुए स्थानीय भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत है।

बदलती जलवायु और बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का असर परिवारों की खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। सूखा, बाढ़, अत्यधिक गर्मी या आजीविका का नुकसान अंतत: घर में उपलब्ध भोजन को प्रभावित करता है। इसलिए आपदा के समय बच्चों और गर्भवती महिलाओं के भोजन और पोषण की व्यवस्था को राहत कार्यक्रमों का जरूरी हिस्सा बनाना होगा। स्थानीय कृषि और पोषण योजनाओं के बीच बेहतर तालमेल भी जरूरी है। आंगनवाड़ी, आशा और पीएम पोषण से जुड़े फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को पर्याप्त मानदेय, सामाजिक सुरक्षा, जरूरी संसाधन और काम की बेहतर परिस्थितियां दिए बिना जमीनी स्तर पर पोषण सेवाओं में अपेक्षित सुधार मुश्किल है।

भोजन और पोषण से जुड़ी योजनाओं में बढ़ते डिजिटलीकरण को भी इसी संदर्भ में देखने की जरूरत है, ताकि तकनीक बच्चों तक भोजन और पोषण की पहुंच में बाधा न बने। डिजिटलीकरण के कारण बच्चे की भोजन और पोषण सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बच्चों के निजी आंकड़ों की सुरक्षा का सवाल भी इससे जुड़ा है। दूसरी ओर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों पर डिजिटल रिपोर्टिंग का काम इतना नहीं बढ़ना चाहिए कि बच्चों के साथ सीधे काम करने का उनका समय कम होने लगे। तकनीक सुविधा और निगरानी का साधन रहे, अधिकार पाने की शर्त नहीं।

भोपाल में हाल में हुए बच्चों के भोजन के अधिकार पर तीसरे राष्ट्रीय अधिवेशन में तीन दिनों की चर्चा के बाद जारी घोषणा में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। अधिवेशन में प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज सहित भोजन के अधिकार के लिए लंबे समय से काम कर रहे कई वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। अधिवेशन में भी इस बात पर जोर दिया गया कि कुपोषण रोकने के प्रयास बच्चे के कुपोषित पाए जाने के बाद ही शुरू नहीं होने चाहिए। मां के पोषण से लेकर बच्चे के शुरुआती आहार, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाओं और स्कूल तक पोषण की निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। कुपोषण जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य, पोषण, मातृत्व सुरक्षा, स्थानीय खाद्य व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को साथ लेकर चलना होगा। साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आधार, पहचान या कोई तकनीकी प्रक्रिया किसी बच्चे और उसके भोजन और पोषण के अधिकार के

## आपके पत्र

### कैप्टन स्मित ने संकट की घड़ी में दिखाया अदम्य साहस

विमान में बैठे यात्रियों के लिए उड़ान का समय सामान्यत: रोमांच और सुविधा का अनुभव होता है, लेकिन जब हजारों फीट की ऊंचाई पर अचानक कोई गंभीर संकट सामने आ जाए तो कुछ ही क्षणों में पूरी स्थिति जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष में बदल सकती है। ऐसे समय में विमान के पायलट की भूमिका केवल विमान उड़ाने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसकी सूझबूझ, धैर्य, निर्णय क्षमता और साहस सैकड़ों लोगों के जीवन की रक्षा का आधार बन जाते हैं। हाल की एक घटना ने एक बार फिर यह साबित किया है कि संकट के सामने मजबूत हौसला और पेशेवर जिम्मेदारी कितनी बड़ी ताकत बन सकती है।

दुबई से इजरायल जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में सामने आए गंभीर खतरे के दौरान कैप्टन स्मित मच्छार ने जिस तरह परिस्थितियों का सामना किया, उसने उन्हें चर्चा के केंद्र में ला दिया है। विमान के भीतर अचानक पैदा हुए संकट ने यात्रियों और चालक दल के सामने असाधारण चुनौती खड़ी कर दी थी। ऐसी स्थिति में घबराहट फैलना स्वाभाविक था, लेकिन विमान के संचालन से जुड़े लोगों के लिए सबसे जरूरी था कि वे संयम बनाए रखें और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कैप्टन स्मित की भूमिका इसी जिम्मेदारी की मिसाल के रूप में सामने आई।

कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी इसलिए उल्लेखनीय है कि संकट की घड़ी में उन्होंने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा। उनका अनुभव, प्रशिक्षण और धैर्य उस समय यात्रियों के लिए सबसे बड़ा भरोसा बना। ऐसी घटनाएं हमें यह समझाती हैं कि तकनीक चाहे कितनी भी आधुनिक हो जाए, आपात स्थिति में इंसानी हिम्मत, विवेक और जिम्मेदारी का महत्व कभी कम नहीं होता। विमान के कॉकपिट में बैठे पायलट के हाथों में केवल नियंत्रण नहीं होता, बल्कि सैकड़ों जिंदगियों का भरोसा भी होता है। कैप्टन स्मित ने इसी भरोसे की गरिमा को अपने साहस से मजबूत किया है।

एक विमानन संबंधी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उनके जीवन की दिशा बदल गई। विमानन की दुनिया ने उन्हें आकर्षित किया और उन्होंने वाणिज्यिक पायलट बनने का निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड में उड़ान प्रशिक्षण लिया और कठिन प्रशिक्षण के बाद व्यावसायिक विमानन में अपना करियर बनाया।

एक पायलट के रूप में उनकी पहली उड़ान बेंगलुरु से दिल्ली के बीच रही। इसके बाद उन्होंने फ्लाईदुबई में अपना कॅरियर आगे बढ़ाया। उन्हें वाणिज्यिक विमान उड़ाने का 13 वर्ष से अधिक का अनुभव है और बोईंग 737 विमान पर लगभग 9750 घंटे उड़ान का अनुभव बताया जाता है। इतने लंबे अनुभव का महत्व तभी समझ में आता है जब पायलट को अचानक सामान्य परिस्थितियों से अलग किसी चुनौती का सामना करना पड़े। वर्षों के प्रशिक्षण और अनुभव से विकसित निर्णय क्षमता ऐसे समय में सबसे बड़ा सहारा बनती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### लक्ष्यवेध पर संदेह क्यों?

*'एक टीकाकार ने लिखा है कि मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से एक मनोवैज्ञानिक खेल खेला है। ऐसा कोई ऑपरेशन वास्तव में हुआ या नहीं इसे कुछ देर के लिए भूल जाएं। यदि भारत की जनता इस बात से प्रसन्न और आश्वस्त होती है कि मोदी सरकार पाकिस्तान से बदला लेने में सक्षम है व हाथ पर हाथ धरे रहने की बजाय कार्रवाई कर रही है तो यही सही। कुछ अन्य टीकाकारों ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया है कि बीते वर्षों में अनेक बार ऐसे सीमित आक्रमण भारत करते रहा है, लेकिन पूर्व में इसका ढिंढोरा कभी नहीं पीटा गया। इस संबंध में पूर्व प्रसंगों के विवरण भी दिए गए हैं। कहने का आशय यह कि मोदी जी इससे राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयत्न कर रहे हैं।''हम मानते हैं कि अगर सचमुच यह लक्ष्यभेदी आक्रमण किया गया था और वर्तमान सरकार इससे लाभ उठा रही है तो यह एक स्वाभाविक राजनीतिक प्रक्रिया है। किन्तु इसमें अगर सिर्फ प्रचार पाने की चाहत है तो आगे चलकर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसा नहीं है।'*

**( देशबन्धु में 06 अक्टूबर 2016 को प्रकाशित )**

**https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/10/blog-post.html**

## पावन प्रसंग

### पितृ तर्पण

भारतीय समाज में धर्म का प्रमुख स्थान रहा है। धर्म का प्रयोग धार्मिक कृत्यों, रीति-रिवाजों, व्रत व त्योहारों के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने तथा व्यक्तित्व विकास में सहायक माना जाता है। इस प्रकार धर्म व्यवस्था से व्यक्ति और समाज अनुशासित होता है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे संस्कारों में मां के चरणों में ममता, त्याग और करुणा का संसार दिखाई देता है, तो पिता के जीवन में परिश्रम, जिम्मेदारी और सुरक्षा की छाया। मां-बाप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़ देते हैं। वे अपनी जरूरतें कम कर बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। उनकी खुशियां बच्चों की मुस्कान में बसती हैं और उनका जीवन परिवार को संवारने में बीत जाता है।

पितृपक्ष; जिसका विशेष महत्व हिंदू धर्म में माना जाता है। पितृ पक्ष में पूर्वजों को विधि-विधान से तर्पण करना पितृ तर्पण कहलाता है। पितृ तर्पण आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पूर्णिमा से अमावस्या तक 15 दिनों तक किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वज कुटुम्बजनों से मिलने स्वर्ग से धरती पर आते हैं व उन्हें आशीष देते हैं और इसलिए तालाब में जाकर जल अर्पित किया जाता है।

पितृपक्ष में कोई मांगलिक कार्य नहीं किया जाता। पितृपक्ष में कुछ कार्य निषिद्ध माने गए हैं; महिलाओं को नये वस्त्र, नया आभूषण, नई चूड़ी पहनना वर्जित होता है साथ ही गर्म पानी में कपड़े डूबाना, सूप छलनी बजाना, पटक कर कपड़े धोना आदि निषिद्ध होता है। व्यक्ति के मृत्यु के एक वर्ष पश्चात प्रथम बार पितृ तर्पण करने को पितर मिलाना कहा जाता है। सभी पुरुषों की तिथि के अनुसार पितृतर्पण किया जाता है तथा सभी महिलाओं का तर्पण नवमी तिथि के दिन किया जाता है जिसे मातृनवमी कहा जाता है।

पितृपक्ष के पहले दिन को पितरबैसकी व अंतिम दिन को पितरखेदा कहा जाता है। पितृपक्ष के प्रथम दिन से पूरे 15 दिनों तक प्रात:काल घर के आंगन में गोबर से चौकोर लीपकर चावल के आटे से चौक बनाकर फूल वह भीगी उड़द के दाल को छिड़क कर लोटे में पानी रखा जाता है। बड़ा व पूड़ी का भोग लगाकर भोग लगाया जाता है। बड़ा, पूरी व मालपुआ आदि का छोटा-छोटा टुकड़ा छप्पर में भी रखा जाता है ताकि कौंवा व अन्य पक्षी पितर के रूप में आकर ग्रहण करें।

पितृपक्ष के 15 वें दिन पितृ अमावस्या के दिन को पितरखेदा कहा जाता है, इस दिन 15 दिनों का होम, बड़ा, बोबरा व पूड़ी को पोटली में बांधकर उसमें पैसे डालकर तालाब में विसर्जित किया जाता है जिससे मछली आदि जीवों को भोजन मिलता है। ऐसा लोकविश्वास है कि-यह सामग्री पितरों को प्राप्त होता है। इस तरह ग्रामीण अंचल में विधि-विधान से पितरों का तर्पण किया जाता है।

**डॉ. श्रीमती ज्योति किरण चंद्राकर**

# चित्रकूट दीपावली मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट

## 6 से 10 नवंबर तक होगा अमावस्या मेला, 13 पार्किंग स्थल और 12 फायर ब्रिगेड रहेंगी तैनात

**सतना, देशबन्धु।** चित्रकूट में आगामी दीपावली मेला 6 से 10 नवंबर तक आयोजित होगा। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में बैठक हुई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समयसीमा में सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि मेले में पार्किंग, प्रकाश, पेयजल, आश्रय स्थल, यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए ड्रॉप गेट व बैरिकेडिंग की व्यवस्था मजबूत रखी जाए। राजस्व विभाग आश्रय स्थलों का चिन्हांकन करेगा, वहीं नगर परिषद सफाई, पेयजल, आंतरिक सड़कों की मरम्मत, कंट्रोल रूम और खोया-पाया केंद्र की व्यवस्था संभालेगी। मेले के दौरान विद्युत व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत कंपनी को लाइनों और ट्रांसफार्मरों की जांच कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

परिक्रमा पथ पर विद्युत तारों को सुरक्षित करने के साथ घाटों और परिक्रमा पथ की फ्लोरिंग का कार्य 20 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत सपना त्रिपाठी, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, आरटीओ रवि बरेलिया, तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया, पीएचई श्वेतांक चौरसिया, सीएमओ अंकित सोनी, सीईओ जनपद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### 8 को मॉकड्रिल

मंदाकिनी नदी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त गोताखोर, बचाव सामग्री, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम तैनात रहेगी। होमगार्ड को 8 अक्टूबर को नदी तट पर मॉकड्रिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। नयागांव रोड के क्षतिग्रस्त पुल पर मजबूत बैरिकेडिंग करने को भी कहा गया है।

### 145 एकड़ में पार्किंग

एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि मेले के लिए 13 पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे, जिनका कुल क्षेत्रफल करीब 145 एकड़ होगा। मेला क्षेत्र में 50 पानी के टैंकर और 12 फायर ब्रिगेड तैनात रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग की 8 टीमें भी तैनात की जाएंगी।

### होटलों के बाहर लगाएं सूची

खाद्य विभाग को दुकानों, होटल और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों की जांच, सैंपलिंग और निर्धारित दरों की सूची प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए गए हैं। होटल-रेस्टोरेंट के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने को भी कहा गया है। कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों से मेले को ड्यूटी नहीं, बल्कि सेवा भाव से संपन्न कराने का आह्वान किया।

# मैहर में बस और भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

## आईसीएच होते हुए कटनी रोड जेल तिराहा से नपा बस स्टैंड पहुंचेंगे वाहन

● जिला प्रशासन ने बसों और भारी वाहनों के मार्ग में किया बदलाव

**सतना, देशबन्धु।** शहर में बढ़ते यातायात दबाव और आए दिन लगने वाले जाम को देखते हुए जिला प्रशासन ने बसों और भारी वाहनों के मार्ग में बदलाव किया है। कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार रीवा, अमरपाटन, रामनगर एवं उत्तर प्रदेश की ओर से कटनी, जबलपुर, नागपुर आदि की तरफ जाने वाली बसों एवं भारी वाहनों को अब शहर के मुख्य मार्ग के बजाय इंडियन कॉफी हाउस होते हुए कटनी रोड, जेल तिराहा और नगरपालिका बस स्टैंड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार शहर के मुख्य मार्ग पर भारी बसों, विशेषकर स्लीपर कोच बसों के आवागमन से यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा था। इसके चलते एसबीआई चौराहा, रेलवे ओवरब्रिज और सरलानगर अंडरब्रिज के आसपास बार-बार जाम की स्थिति बन रही थी। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ आपातकालीन वाहनों और यात्रियों को भी



आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए कलेक्टर ने केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 तथा मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह मार्ग परिवर्तन किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छोटे वाहनों के आवागमन की व्यवस्था पूर्ववत रहेगी। भारी वाहनों के नए मार्ग पर डायवर्जन से मुख्य बाजार एवं प्रमुख चौराहों पर यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है। व्यवस्था लागू होने के बाद यातायात विभाग द्वारा मार्ग पर निगरानी भी रखी जाएगी।

## सार-समाचार

### चकेरा में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

**रामपुर बाघेलान, देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र सेक्टर सोनौरा के ग्राम चकेरा में आंगन मिलन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू रहे वही अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बिमला शक्ति कोल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित सेवाओं की जानकारी दी गई। अतिथियों ने लाभार्थी परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को जाना तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कार्यकर्ता-सहायिका एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे।



### उत्तराधिकार परिवार समिति ने अर्पित की पुष्पांजलि

**सतना, देशबन्धु।** नौगंवा हनुमान मंदिर प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकार परिवार द्वारा अपने पूर्वजों को पुष्पांजलि दी गई और राष्ट्रगान किया गया। प्रवक्ता छाया गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया,कि यह बैठक प्रकाश नारायण द्विवेदी सरपंच बरहा के मुख्य अतिथि, छोटेलाल पांडे की अध्यक्षता एवं लीला देवी के विशिष्ट आदित्य में आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन राजेश दीक्षित एवं आभार सरपंच प्रकाश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह, कृष्णेंद्र सिंह, विश्वनाथ सोनी, अनिल सिंह, चंद्रकांत द्विवेदी, रामनरेश पांडे, अजेन्द्र द्विवेदी, विवेक, प्रयान पयासी, अवनीय त्रिपाठी, अभय द्विवेदी, अजय शुक्ला, आनंद विश्वकर्मा, शुभम दीक्षित, विवेक पांडे, धीरज मिश्रा, चंद्रभान यादव, मनीष द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम महाजन में भी कार्यक्रम हुआ, जिसमें बुद्ध प्रताप सिंह, राम पांडे, राम गौतम को श्रद्धांजलि दी गई।



### प्राचार्य एपी सिंह परिहार सेवानिवृत्त

**नागौद, देशबन्धु।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद के प्राचार्य आनंद प्रताप सिंह परिहार 30 सितंबर 2026 को अधिवार्षिकी पूर्ण कर करीब 40 वर्ष की शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सीएम राइज संदीपनी के प्राचार्य शिवपाल माझी, पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य बबिता सिंह, राष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी अरुण कुमार सिंह सहित पूर्व शिक्षकों और सहकर्मियों ने भी उनके कार्यकाल की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से श्री परिहार को शाल, श्रीफल, गीता, सुंदरकांड, डायरी और पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में श्री परिहार ने कहा कि उन्होंने विद्यालय को परिवार की तरह चलाने का प्रयास किया और सभी के सहयोग से यह सफल रहा। उन्होंने विद्यालय परिवार से आगे भी स्नेह बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता सिंह और राकेश प्रताप सिंह ने किया।



### बंदर और कुत्ते की दोस्ती बनी मिसाल

**रामनगर, देशबन्धु।** वार्ड क्रमांक 5 स्थित हनुमाननगर में इन दिनों बंदर और कुत्ते की अनोखी दोस्ती लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। सड़क किनारे दोनों को एक-दूसरे के साथ खेलते और अठखेलियां करते देख लोग रुक जाते हैं। दोनों कभी एक-दूसरे से लिपटते हैं तो कभी घास पर लोट-पोट होकर खेलते नजर आते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह नजारा पिछले कई दिनों से रोजाना देखने को मिल रहा है। सुबह और शाम बंदर पेड़ से उतरकर सड़क किनारे आता है और वहां बैठे काले कुत्ते के साथ खेलने लगता है। दोनों काफी देर तक साथ रहते हैं। उनकी आपसी घुल-मिल देखकर ऐसा लगता है, जैसे दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के साथी हों। यह अनोखी दोस्ती बच्चों के लिए खास आकर्षण बनी हुई है। लोग अपने मोबाइल फोन में दोनों की तस्वीरें और वीडियो भी कैद कर रहे हैं। वार्ड के बुजुर्गों का कहना है कि इंसानों के बीच जहां कई बार भेदभाव की दीवारें खड़ी हो जाती हैं, वहीं इन बेजुबान जीवों की दोस्ती बिना किसी भेदभाव के प्रेम और अपनत्व का संदेश देती है। स्थानीय लोगों के बीच यह तस्वीर एक सरल संदेश छोड़ रही है-सच्ची दोस्ती न जात देखती है, न प्रजाति; वह सिर्फ अपनापन पहचानती है।



# एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं बदली कार्यशैली

## सहायक ग्रेड-3 शिवप्रसाद रावत पर मनमानी के आरोप

**सतना, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उचेहरा के आदेश के बाद भी सहायक ग्रेड-3 शिवप्रसाद रावत की कार्यशैली में सुधार नहीं होने के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व संबंधी कार्यों में लेटलतीफी के चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार एसडीएम उचेहरा द्वारा 30 सितंबर 2026 को आदेश क्रमांक 717 जारी किया गया था। आदेश के तहत सहायक ग्रेड-3 शिवप्रसाद रावत को परसमनिया से हटाकर वृत्त लगरगवां का प्रवाचक नियुक्त किया गया। आदेश में संबंधित कर्मचारी को तीन दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर प्रभार ग्रहण कर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए थे।

**ग्रामीणों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग**

### आदेश के बाद भी मनमानी का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक आदेश जारी होने के बावजूद संबंधित कर्मचारी की कार्यप्रणाली में अपेक्षित बदलाव नहीं आया है। ग्रामीणों के मुताबिक राजस्व से जुड़े मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका आरोप है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों के स्पष्ट आदेश के बावजूद यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है तो इसका असर सीधे आम लोगों के कामकाज पर पड़ता है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की है।

# गौरव दिवस को गौरवशाली बनाने विधायक ने जताया आभार

**सतना, देशबन्धु।** मैहर क्षेत्र के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर जिले के गौरव दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी का हार्दिक आभार माना। विधायक ने कहा कि मैहर की बेटियों ने कथक समूह का नृत्य एक ताल एक लय में किया जो अद्वितीय रहा एवं रिकॉर्ड बना। जिसे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित होकर प्रमाण पत्र दिया जो मैहर जिले के लिए गौरव की बात है। जिसने 3430 मैहर जिले की बेटियों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया उसके लिए बालिकाओं को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।



विधायक ने गौरवपूर्ण आयोजन के लिए प्यारे स्कूली बच्चों, शिक्षा विभाग के शिक्षकों, अशासकीय संस्थाओं के शिक्षकों, सभी जनप्रतिनिधियों ,सामाजिक कार्यकर्ताओं, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन, सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सांस्कृतिक दलों, जनप्रतिनिधियों, नार्दन ने जिस निष्ठा और विश्वास से सहयोग दिया, वह अविस्मरणीय है।

# पर्यावरण संरक्षण पर हुई निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता

**सतना, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड उचेहरा में सेक्टर लगारगवां आदर्श ग्राम लोहरौरा में स्वच्छ भारत अभियान एवं पयाज़्वरण संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन काकी फाउंडेशन के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



निबंध एवं चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त समाज एवं स्वच्छ भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक आशीष कुमार ताम्रकार एवं विकासखंड समन्वयक विश्वनाथ रैदास की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को स्वच्छता अपनाने, पर्यावरण की रक्षा करने तथा समाज में जनभागीदारी के साथ सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम में नवांकुर संस्था काकी फाउंडेशन से वीरेंद्र प्रताप सिंह परामर्शदाता सतवंत सिंह लक्ष्मी प्रजापति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयंती पर आयोजित हुआ आनंद मेला



**सतना, देशबन्धु।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा सामाजिक एकता, समरसता एवं पारिवारिक मनोरंजन को समर्पित आनंद मेले का आयोजन बूटीबाई अग्रवाल विद्या सदन जवाहर नगर में आयोजित हुआ। मुख्यतिथि सांसद गणेश सिंह, विशिष्ट अतिथि राकेश मिश्र रहे। मेले में महिलाओं द्वारा हस्तकला प्रदर्शनी, स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल, मनोरंजन गेम्स एवं हाउजी सहित विभिन्न गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मेले में उपस्थित लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का आनंद लिया तथा मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूवज़्क भाग लिया। महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं हुनर प्रदर्शित करने का अवसर मिला, वहीं बच्चों, युवाओं एवं परिवारों ने भी मेले का भरपूर आनंद उठाया।

आयोजन की सफलता पर अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महामंत्री राम अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप अग्रवाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, मंत्री राजेश अग्रवाल, सहमंत्री मोहित अग्रवाल, अंकेक्षक सीए रोहित गगज़्, मेला संयोजक राजेश अग्रवाल नारद, राजकुमार अग्रवाल व अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मूक बधिर छात्रावास में सेवा गतिविधि आयोजित



**सतना, देशबन्धु।** लायंस क्लब विन्ध्य द्वारा लायंस क्लब उड़ान एवं कोटर उद्धव के संयुक्त तत्वावधान में लायंस सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सीडब्ल्युएसएन बालिका छात्रावास मूक बधिर सिविल लाइन में लायन सदस्यों ने छात्राओं के साथ समय बिताया और दृष्टिहीन बच्चियों ने ब्रेल लिपि की पुस्तक पढ़कर सुनाई तथा गीत-भजन प्रस्तुत किए। छात्रावास संचालिका एकता सिंह ने बताया कि वे किस प्रकार संकेतों के माध्यम से बच्चों से संवाद करती हैं। क्लब सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने सभी बच्चियों की नेत्र जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि 8 अक्टूबर को आयोजित नेत्र जांच शिविर में बच्चियों को लाया जाएगा और आवश्यकता होने पर नि:शुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में कोटर उद्धव क्लब के अध्यक्ष लायन सव्यसांची मिश्रा के सौजन्य से सभी बच्चियों को अल्पाहार पैकेट वितरित किए गए। कायज़्क्रम में अध्यक्ष हर किशन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आरके शुक्ला, उड़ान क्लब अध्यक्ष शिवा सिंह, वीरेंद्र सहाय सक्सेना, लायंस क्लब सतना से रमेश मिश्रा, विन्ध्य से राजेश अग्रवाल, नीलेश पाठक, डॉ. रियांका अग्रवाल, इंजी. बीएल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 38 लोगों ने किया रक्तदान

सतना, देशबन्धु।। सेवा संकल्प अभियान अंर्तगत गौरव दिवस के अवसर पर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देश में जिला चिकित्सालय मैहर में प्रात: 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न संस्थाओं, संगठनों के पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए रक्तदान किया।



शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। डॉक्टर शरद दुबे ने रक्तदान को महान सामाजिक सेवा बताते हुए कहा गया कि रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन बचाने का माध्यम बन सकती है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से दुर्घटना, प्रसव, शल्य चिकित्सा सहित विभिन्न परिस्थितियों में मरीजों को आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है।

# कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के अध्यक्ष बने बृजेन्द्र

**सतना, देशबन्धु।** किसानों और ग्रामीण मजदूरों के हितों को मजबूती से उठाने के संकल्प के साथ कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ सतना की नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला स्तरीय बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्य योजना एवं मजदूर-किसानों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रमुख मगन वाल्मीकि ने संगठन की भूमिका और ग्रामीण मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इसके बाद भारतीय मजदूर संघ सतना के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन की आगामी गतिविधियों पर विचार रखे। प्रदेश महामंत्री प्रदीप सिंह ने कहा कि किसानों एवं मजदूरों की विभिन्न न्यायसंगत मांगों को लेकर संगठन निरंतर संघर्षरत



रहेगा। उन्होंने आगामी 26 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता का आह्वान किया। इसके बाद नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों और ग्रामीण मजदूरों के हितों, अधिकारों एवं समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। नई जिला कार्यकारिणी में बृजेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष, रामायण द्विवेदी मंत्री, शिवेंद्र द्विवेदी एवं अनिल कुमार तिवारी उपाध्यक्ष, धीरज मालवीय कोषाध्यक्ष तथा अशोक शुक्ला के संगठन मंत्री बनाया गया।

# पलायन नहीं, पराक्रम की आवश्यकता



**सतना, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत की दो दिवसीय संतों की मार्गदर्शक मंडल चिंतन बैठक संपन्न हुई। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जगद्गुरु राजारामाचार्य महाराज तथा द्वितीय सत्र की अध्यक्षता महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज ने की। बैठक में सनातन हिंदू संस्कारों के दृढ़ीकरण, जीवन मूल्यों के संरक्षण, नशामुक्ति और जनसंख्या में हो रहे बदलाव जैसे विषयों पर चर्चा हुई। महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि ने नशामुक्ति के लिए संतों से जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के बढ़ते प्रभाव से युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है और इसके दुष्परिणाम समाज पर पड़ रहे हैं। उन्होंने युवाओं को संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता बताई। जगद्गुरू राजारामाचार्य ने कहा कि परिवार और संस्कारों को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक बदलाव के लिए पलायन नहीं, पराक्रम की आवश्यकता है। गौसंवर्धन और गौरक्षा के लिए संतों से आश्रमों में आदर्श गौशालाएं विकसित करने का आग्रह भी किया। डॉ. मुकुंददास ने स्कूल-कॉलेजों में जाकर बच्चों को संस्कारों से जोड़ने तथा 16 संस्कारों को पुन: जागृत करने की बात कही। बैठक में संतों ने ग्रामीण, गिरिवासी, वनवासी और सेवा बस्तियों में जाकर जनजागरण करने का संकल्प लिया।

# नाला खोदकर भूली नगर परिषद, वार्ड-2 में बढ़ी परेशानी

## अधूरा पड़ा नाला, रहवासियों को आवागमन में हो रही दिक्कत

**नागौद, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित हरदुआ मोहल्ले में नाला खोदकर छोड़ दिए जाने से स्थानीय रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। कई दिनों से नाला अधूरा पड़ा है, लेकिन नगर परिषद की ओर से अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है। खुला और अधूरा नाला लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।





स्थानीय रहवासियों के अनुसार निर्माण कार्य के नाम पर नाला तो खोद दिया गया, लेकिन इसके बाद काम आगे नहीं बढ़ाया गया। नाला खुला होने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण पूरा नहीं कराया गया तो बारिश अथवा अन्य कारणों से समस्या और बढ़ सकती है। मामले को लेकर अमन त्रिपाठी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नागौद को पत्र सौंपा है। उन्होंने अधूरे पड़े नाले का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है।

अमन त्रिपाठी ने कहा कि नगर परिषद द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और नाले का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाना चाहिए। रहवासियों ने भी नगर परिषद से मांग की है कि अधूरे निर्माण को जल्द पूरा कर आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**सतना, देशबन्धु।** वरिष्ठ समाजसेवी नरेंद्र चंद्र गुप्ता की माता संतोष देवी गुप्ता के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल लालता चौक स्थित उनके निज निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर शोकाकुल गुप्ता परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दु:ख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, सांसद गणेश सिंह, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, भाजपा जिला अध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पांडेय, महापौर योगेश ताम्रकार, संजय तीर्थवानी, राजेश चतुर्वेदी पालन, विजय यादव, मणिकांत माहेश्वरी, रविशंकर गौरी, श्यामलाल गुप्ता श्यामू, प्रबल श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## नाले में डूबने से मासूम की मौत, गांव में छाया मातम



**सलेहा, देशबन्धु।** ग्राम नचने में तब मातम छा गया जब शनिवार को नरवा के पास खेल रहे 10 वर्षीय बालक हनी के पानी में डूबने की खबर मिली। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा 10 वर्षीय मासूम हनी को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हनी दो अन्य बच्चों के साथ नरवा के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह वहां बने गहरे पानी के गड्ढे में डूब गया। साथ मौजूद दोनों बच्चे घबरा गए और घटना की जानकारी परिजनों को दी।

परिजनों ने मौके पर पहुंचकर बालक की तलाश की। परिवारजनों के मुताबिक जब हनी को पानी से बाहर निकाला गया, तब उसकी सांस चल रही थी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उसकी सांस थम गई। दस वर्षीय बालक की मौत की सूचना मिलते ही समूचे क्षेत्र में मातम सा पसर गया।

हनी के पिता जोगिदा और माता राजकुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिजनों के साथ सरपंच प्रतिनिधि रामबहोरी विश्वकर्मा भी अस्पताल में मौजूद रहे और परिवार को ढांढस बंधाया।

घटना की सूचना मिलने पर सलेहा पुलिस के प्रधान आरक्षक विपिन पांडे अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की लिखापढ़ी एवं आवश्यक पुलिस कार्रवाई की। शाम अधिक होने के कारण शव को मर्चरी में रखवाया गया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया जहां पर उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## बालूपुर में विस्थापित परिवारों की नवीन बस्ती का किया निरीक्षण

**पन्ना, देशबन्धु।** अजयगढ़ एसडीएम आलोक मार्को द्वारा टीम के साथ शनिवार को मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत ग्राम बालूपुर में विस्थापित परिवारों की नवीन बस्ती का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्युत सप्लाई व्यवस्था ठीक करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही आंगनबाड़ी और स्कूल के लिए भी शासकीय भूमि चिन्हांकित की गई।

बांध के रिसाव को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग को शीघ्र ड्रेनेज निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा 43 विस्थापित परिवारों के लिए स्वीकृत साढ़े 7 लाख रूपए की अतिरिक्त पुनर्वास राशि की सूची का ग्रामीणों के समक्ष वाचन किया गया। इस दौरान शेष परिवारों से सहमति पत्र व संयुक्त खाता तत्काल सचिव और रोजगार सहायक को देने का आग्रह किया गया, जिससे निर्धारित राशि का भुगतान अविलंब बैंक खातों में किया जा सके।

## जेल में सात दिन अनशन के बाद अमित भटनागर भर्ती, प्रशासन ने गंभीर स्थिति बताते हुए रीवा भेजा

### ग्रामीण बोले-आंदोलन को दबाने का हथकंडा



**पन्ना, देशबन्धु।** मझगांय डैम परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवारों के मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर 'चिता आंदोलन' सोमवार को 24वें दिन भी जारी है। आंदोलन में शामिल जनअधिकार कार्यकर्ता अमित भटनागर को पन्ना जेल में 7 दिन के आमरण अनशन के बाद रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासन के मुताबिक उन्हें बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि भटनागर ने इसे अनशन खत्म कराने की कोशिश बताया है।

**अस्पताल से भी अनशन जारी रखने की बात कही**

प्रशासन सोचता है कि जगह बदलने से आंदोलन खत्म हो जाएगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। यह अस्पताल में जबरन भर्ती करवा कर अनशन तुड़वाने की साजिश है। जब तक मझगांय डैम से प्रभावित एक-एक आदिवासी परिवार, महिला और किसान को उनका पूरा मुआवजा और पुनर्वास का हक नहीं मिल जाता, तब तक अस्पताल के बेड से भी मेरा आमरण अनशन जारी रहेगा। भटनागर ने अस्पताल में भर्ती किए जाने को लेकर प्रशासन पर अनशन तुड़वाने की कोशिश का आरोप लगाया है।

**अमित भटनागर की गिरफ्तारी से गहराया आंदोलन-**

जय किसान संघ ने बताया कि प्रशासन का दावा है कि भटनागर के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए रीवा भेजा गया है, जबकि भटनागर का कहना है कि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और प्रशासन आंदोलन का दबाव कम करने के लिए यह हथकंडे अपना रहा है। अमित भटनागर की गिरफतारी और फिर अस्पताल शिफ्ट किए जाने के बाद से पूरे क्षेत्र में जनआक्रोश और गहरा गया है।

**ग्रामीण बोले- जब तक समाधान नहीं तब तक धरना जारी रहेगा-** आंदोलन के 24वें दिन मझगांय डैम स्थल पर प्रभावित ग्रामीणों का धरना और प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आंदोलन के प्रमुख नेताओं की गिरफतारी और भटनागर को अस्पताल भेजे जाने से उनकी मांगों को लेकर संघर्ष कमजोर नहीं होगा।

## सार-समाचार

### महिला से मारपीट, बाल खींचे, ईंट से हमला

**उमरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय उमरिया के वार्ड क्रमांक 11 में पारिवारिक विवाद के दौरान महिला के साथ कथित मारपीट गाली-गलौज और ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस द्वारा 29 सितंबर को एनसीआर दर्ज कर लिया है। दस्तावेज के अनुसार प्रकरण गैर-संज्ञेय अपराध के रूप में दर्ज हुआ है।

शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि घटना के दौरान उसके साथ गाली-गलौज की गई तथा ईंट उठाकर हमला करने का प्रयास किया गया। शिकायत में बाल खींचने और लाठी से कमर के पास मारने का भी आरोप लगाया गया है। महिला के अनुसार विवाद के दौरान उसे अपमानित करने के साथ शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

पुलिस दस्तावेज में आरोपियों के रूप में तरन्ना बेगम और शब्बो शरीफ के नाम दर्ज हैं। दोनों का पता भी वार्ड क्रमांक 11 उमरिया दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता ने घटना के संबंध में कार्रवाई की मांग की है।

### सौरभ शुक्ला बने सांसद प्रतिनिधि



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** पंडित राम किशोर शुक्ला शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के जन भागीदारी पुनर्गठन में सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने शासकीय महाविद्यालय में पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ शुक्ला पिता मिथिलेश शुक्ला निवासी वार्ड नंबर 13 ब्यौहारी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया। महाविद्यालय में होने वाली प्रशासनिक बैठकों में सांसद प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित होंगे उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त की है।

### सेवा यात्रा का स्वागत से विदाई तक सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने की सहभागिता



**सिंगरौली, देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा क्रमांक तीन ' में पधारे सेवा यात्रियों के स्वागत से लेकर उत्तर प्रदेश के लिए विदाई तक सांसद डॉ. राजेश मिश्रा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

कार्यक्रमों की शुरुआत सिंगरौली जिले के खैरपुर से हुई, जहां सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सेवा यात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके बाद चितरंगी विधानसभा अंतर्गत ग्राम लोहदा में सेवा यात्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पश्चात ग्राम पंचायत नौडिहवा, जनपद पंचायत चितरंगी में सेवा यात्रियों के साथ सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने भोजन किया। उन्होंने स्वयं सेवा यात्रियों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। भोजन के बाद सेवा यात्रियों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रमों के अंतिम चरण में झरकटा बॉर्डर पर 'वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा' में शामिल सेवा यात्रियों को उत्तर प्रदेश के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सेवा यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय एवं सफल यात्रा की कामना की और सीधी लोकसभा क्षेत्र से उत्तर प्रदेश की ओर प्रस्थान करने पर उन्हें आत्मीय विदाई दी। सेवा यात्रा के दौरान स्वागत, संवाद, सहभोज, सम्मान और विदाई के विभिन्न अवसरों पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

## वाह रे सिस्टम, 3 नोटिस के बाद भी निर्माण पूरा!

### नपा की एनओसी नहीं, कई शिकायतें और फिर भी निर्माण पूरा, विराट मंदिर के पीछे सिस्टम पर सवाल



**शहडोल, देशबन्धु।** ऐतिहासिक विराट की सुरक्षा और उसके आसपास लागू निर्माण प्रतिबंधों के बीच सरकारी जमीन पर कथित रूप से तैयार हुए पक्के माकन को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मंदिर के पीछे सरकारी खसरा नंबर 437/3/1 पर निर्माण होने का मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर कई शिकायतें किए जाने का दावा है, लेकिन शिकायतकर्ताओं के अनुसार नगर पालिका के अधिकारी, कलेक्टर और कमिश्नर स्तर तक मामला पहुंचने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर कार्रवाई करने के बजाय मामले को लंबित करते रहे और देखते ही देखते सरकारी जमीन पर कब्जा कर भवन तैयार हो गया।

मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह क्षेत्र ऐतिहासिक विराटेश्वर मंदिर के आसपास स्थित है। 10वीं-11वीं शताब्दी में कलचुरी काल में निर्मित विराट मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में है। संरक्षित स्मारक के आसपास निर्माण को लेकर निर्धारित नियम और अनुमति की प्रक्रिया लागू होती है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रतिबंधित क्षेत्र के आसपास निर्माण की शुरुआत से लेकर भवन तैयार होने तक संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां थी?

**शिकायतें होती रहीं, निर्माण बढ़ता गया-** निर्माण को लेकर समय-समय पर शिकायतें की गईं। शिकायतों में सरकारी भूमि पर कथित कब्जे, भवन निर्माण की अनुमति और ऐतिहासिक स्मारक के प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण जैसे मुद्दे उठाए गए। इसके बावजूद निर्माण नहीं रुका। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि एक तरफ वे लगातार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे, दूसरी तरफ निर्माण कार्य लगातार आगे बढ़ता रहा। नगर पालिका से लेकर जिला प्रशासन और संभागीय स्तर तक शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण या लापरवाही से निर्माण पूरा होने तक स्थिति पहुंची।

**नपा की एनओसी नहीं तो भवन कैसे तैयार हुआ?-** मामले में सबसे बड़ा सवाल नगर पालिका की भवन शाखा को लेकर है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार संबंधित भवन के लिए नगर पालिका से एनओसी अथवा भवन निर्माण अनुमति जारी नहीं होने की बात सामने आ रही है। यदि अनुमति नहीं थी तो निर्माण की शुरुआत में ही उसे रोकने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

बताया जा रहा है कि भवन को लेकर तहसीलदार द्वारा 3 नोटिस भी जारी किए गए थे। यदि तीन-तीन नोटिस दिए जाने के बावजूद भवन आज भी खड़ा है, तो नोटिस के बाद कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या केवल नोटिस जारी करना ही तहसील की जिम्मेदारी है या नियम विरुद्ध निर्माण को रोकना और नियमानुसार कार्रवाई करना भी उसकी जिम्मेदारी है?

**कलेक्टर के पत्र के बाद भी जांच अधूरी-** मामले में 28 मार्च 2025 को कलेक्टर की ओर से पत्र क्रमांक 641 के माध्यम से तहसीलदार सोहागपुर को जांच के लिए पत्र भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। लेकिन शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय बाद भी जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं हुई। यदि सरकारी जमीन पर कब्ज और निर्माण की शिकायत पर जांच के निर्देश दिए गए थे, तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं हुई और निर्माण पर रोक क्यों नहीं लगाई गई? यही वजह है कि अब शिकायतकर्ता नगर पालिका के साथ-साथ राजस्व और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठा रहे हैं।

**बिजली कनेक्शन ने बढ़ाए सवाल-** भवन में बिजली कनेक्शन लग जाने की बात सामने आने के बाद मामला और गंभीर हो गया है। जब नगर पालिका की ओर से भवन निर्माण की एनओसी नहीं होने की बात कही जा रही है, तो बिजली कनेक्शन किस आधार पर जारी हुआ? कनेक्शन से पहले संबंधित दस्तावेजों और भवन की वैधता की जांच किस स्तर पर की गई? यह भी जांच का विषय है।

**धरोहर के पीछे निर्माण, संरक्षण व्यवस्था पर सवाल-** विराट मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि शहडोल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में इसके आसपास सरकारी जमीन पर कथित कब्जा और पक्का निर्माण होना धरोहर संरक्षण व्यवस्था के लिए भी गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायतों पर कार्रवाई होती तो निर्माण को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सकता था। शिकायतें होती रहीं, अधिकारी बदलते रहे, फाइलें आगे बढ़ती रहीं, लेकिन निर्माण भी उसी गति से बढ़ता रहा और अंतत: सरकारी जमीन पर पका माकन खड़ा हो गया।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया या फिर कार्रवाई जानबूझकर टाली गई? नगर पालिका, राजस्व विभाग, जिला प्रशासन, कमिश्नर कार्यालय, एएसआई और बिजली कंपनी की भूमिका की निष्पक्ष जांच होने पर ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी ?

कलेक्टर पार्थ जायसवाल से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत वृद्धाश्रम में किया योगाभ्यास, रोपे फलदार पौधे

### भारत विकास परिषद ने वृद्धजनों का किया सम्मान, फल-वस्त्र वितरित कर समयदान का दिया संदेश

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा द्वारा जिला प्रशासन के सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों ने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उन्हें फल एवं वस्त्र वितरित किए। इस दौरान वृद्धजनों को सूक्ष्म योगाभ्यास और फिजियोथैरेपी के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी अभ्यास भी कराए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक मुद्रिका सिंह ने कहा कि वृद्धजनों के साथ समय बिताना समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समयदान की आवश्यकता है। लोगों को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर बुजुर्गों के साथ बिताना चाहिए। इसके बाद उन्होंने परिषद के सदस्यों के साथ वृद्धाश्रम परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

परिषद के क्षेत्रीय संयोजक संपर्क एसएस जौहरी ने कहा कि वृद्धजनों के लिए सूक्ष्म योगाभ्यास और फिजियोथैरेपी उपयोगी है। इससे उन्हें दैनिक जीवन में सक्रिय रहने में सहायता मिल सकती है। उन्होंने आगामी शीत ऋतु को देखते हुए वृद्धजनों को नियमित रूप से सक्रिय रहने की सलाह दी।



कार्यक्रम की शुरुआत परिषद की सचिव नीति सिंघल द्वारा वृद्धजनों को सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराने के साथ हुई। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. दीपक प्रजापति ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक अभ्यास बताए। परिषद अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत किया। प्रांतीय पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने वृद्धजनों को समर्पित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में परिषद सदस्य अखिलेश शर्मा ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के सहायक संचालक गजेंद्र द्विवेदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, राकेश खरे, डॉ. सुशील सिंघल, डॉ. ओपी चौधरी, अशोक सराफ, विजय दुबे, अशोक मोर, भारती गुप्ता, जितेंद्र मिश्रा, गौरव मिश्रा, अजय शर्मा सहित परिषद के सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यौहारी में गूंजा साहित्य, संस्कार और बाल प्रतिभाओं का स्वर

### बाल साहित्य उत्सव में रचनाकारों ने बच्चों को दिखाई सृजन और सपनों की राह पूर्णेन्दु कुमार सिंह 'सुदीर्घ साधना सम्मान-2026' से सम्मानित

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** गांधी जयंती एवं विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर को सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, मऊ, ब्यौहारी में पं. रमाविलास सेवा संस्थान द्वारा बाल साहित्य उत्सव एवं सुदीर्घ साधना सम्मान-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल काव्य-पाठ प्रतियोगिता, साहित्यिक व्याख्यान, कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह तथा गांधी जीवन-दर्शन प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संस्थापक पं. रमाविलास के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि रामनिहोर तिवारी, सुप्रसिद्ध रचनाकार, बल्होड, उमरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष उपाध्याय, अध्यक्ष, अखिल भारतीय ब्राह्मण सेवा संस्थान, ब्यौहारी ने की। विशिष्ट अतिथि संतोष द्विवेदी 'लोकनाथ ', वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं पत्रकार, उमरिया रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध गजलकार राजकुमार महोबिया, उमरिया ने किया। शिवपाल तिवारी, अध्यक्ष, हिंदी साहित्य सम्मेलन, ब्यौहारी इकाई ने अतिथियों एवं साहित्यकारों का स्वागत किया।

**पूर्णेन्दु कुमार सिंह को 'सुदीर्घ साधना सम्मान-2026-** साहित्य के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक समय से सक्रिय वरिष्ठ साहित्यकार एवं गजलकार पूर्णेन्दु कुमार सिंह को उनके दीर्घकालीन साहित्यिक योगदान के लिए 'सुदीर्घ साधना सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र



एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया। पूर्णेन्दु कुमार सिंह ने बाल साहित्य के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा उनकी गजलों ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

**सात विद्यालयों के बच्चों ने किया बाल काव्य-पाठ-** बाल काव्य-पाठ प्रतियोगिता में कुल सात विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय, क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल, सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल, गाँधी मेमोरियल विद्यालय, विवेकानंद उच्च विद्यालय, सुन्नीबाई केशरवानी विद्यालय और संदीपनी विद्यालय सभी प्रतिभागी बच्चों ने आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ काव्य-पाठ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल, द्वितीय क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल, तृतीय स्जवाहर नवोदय विद्यालय। विजेता विद्यालयों एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में साहित्य के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, कल्पनाशक्ति एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## महाविद्यालय तक बस और सड़क की मांग, जेन-जी ने रीवा-अमरकंटक मार्ग में 4 घंटे किया चक्काजाम, आश्वासन पर माने



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर रीवा - अमरकंटक मार्ग पर सोमवार को एनएसयूआई छात्रसंघ के बैनर तले पुष्पराजगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी दो मुख्य मांगों को लेकर जेनजी छात्रों ने सड़क जाम कर अपनी विरोध प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन से मुख्य मार्ग से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई और दूर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुंची राजेंद्रग्राम पुलिस और पुष्पराजगढ़ तहसीलदार ईश्वर प्रधान के विद्यार्थियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन छात्रों ने लगभग 3.5 घंटे के बाद तहसीलदार के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया।

छात्र संघ की मांग के अनुसार बताया जाता है कि इस वर्ष नवीन सत्र के दौरान 17 सितंबर से पुष्पराजगढ़ महाविद्यालय का संचालन राजेंद्रग्राम स्थित पुराने भवन से स्थनांतरित कर नवीन भवन में संचालित किया गया था। जो मुख्य मार्ग से लगभग 700 मीटर दूर पहाड़ी की ऊंचाई वाले हिस्से पर बनाया गया है, जहां आवागमन की सुविधा के लिए सड़क निर्माण नहीं कराया गया है, बारिश के दौरान भी कीचड़युक्त सड़क से लोगो को आना-जाना करते हैं। वहीं सबसे बड़ी समस्या राजेंद्रग्राम से महाविद्यालय तक लगभग 4-5 किलोमीटर दूर वीरान स्थल तक पहुंच के लिए छात्रों के लिए प्रबंधक की ओर से अब तक कोई बस सुविधा नहीं दी गई है, जिससे छात्रों को मार्ग से गुजरने वाले वाहनों एवं बसों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे काफी पैसा खर्च होता है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। छात्रों ने पहले भी बस सुविधा के लिए कई बार प्रदर्शन किया है, लेकिन जिला प्रशासन और महाविद्यालय प्रबंधन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

महाविद्यालय प्राचार्य संगीता मसीह ने बताया कि मुख्य मार्ग से महाविद्यालय तक शासन से 14.21 लाख की राशि से ग्रेवल सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत है, हाल के दिनों में बारिश के कारण निर्माण कार्य संभव नहीं था, जिसे देखते हुए कलेक्टर द्वारा निर्देशित कर बीटी रोड की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है, जिस पर अब सड़क का काम कराया जाना है। बस के लिए प्रावधान नहीं है,इसे जनभागीदारी व्यवस्था के तहत संचालित किया जाता है, छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक तय की गई है, जिसमें बातचीत के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विद्यार्थियों का विरोध जारी है। थाना प्रभारी विरेन्द्र वरकड़े ने बताया कि छात्रों द्वारा प्रर्दशन की सूचना एसडीएम पुष्पराजगढ़ को दी गई थी जिसकी अनुमति सड़क जाम की कोई अनुमति पहले से नहीं ली हुई थी, इन पर संवैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। पुष्पराजगढ़ तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने ने कहा कि छात्रों से चर्चा के दौरान कहा गया कि स्थानीय बस संगठन एवं महाविद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर समस्या के समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

## राजनगर कॉलरी के डबल स्टोरी का गिरा छज्जा, बर्तन साफ कर रही महिला घायल,15 दिन में दूसरी घटना





**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल अंतर्गत हसदेव क्षेत्र के उपक्षेत्र राजनगर के वार्ड क्रमांक 13 इंदिरा कॉलोनी में सोमवार की दोपहर कॉलरी कर्मचारियों के लिए बने डबल स्टोरी भवन के कमरा नंबर 104 का ऊपरी छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला दीना मरकाम पति कमलेश मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गई। सर्वे ऑफ हो चुकी जर्जर कॉलोनी के क्वार्टर के नीचे महिला बर्तन धो रही थी। घायल महिला के पति कमलेश राम मरकाम सीआईएसएफ के जवान हैं जो खोंगापानी छत्तीसगढ़ में कॉलरी में कार्यरत है।

बताया जा रहा है कि जिस आवास में यह हादसा हुआ, वह एसईसीएल द्वारा ही सीआईएसएफ जवान कमलेश राम मरकाम को आवंटित किया गया है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल महिला को मलबे से बाहर निकाला और उपचार के लिए छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ सेंट्रल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अंबिकापुर रैफर कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि करीब 15 दिन पहले इसी मकान के पीछे स्थित एक अन्य मकान का भी इसी तरह छत (बालकनी का हिस्सा) गिर चुका था। यानी कॉलोनी के जर्जर भवनों से उत्पन्न खतरे का संकेत पहले ही मिल चुका था।

अब दोबारा इसी तरह की घटना सामने आने के बाद एसईसीएल प्रबंधन की ओर से जर्जर भवनों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों पर सवाल उठ रहे हैं। थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक ने बताया कि डबल स्टोरी का ऊपरी हिस्सा का मकान खाली था, दोपहर महिला मकान के पीछे के हिस्से में बर्तन धोने गई थी, थी बालकनी का हिस्सा भरभरा कर नीचे गिर गया, घायल को उपचार के लिए अंबिकापुर ले जाया गया है। फिलहाल घटना स्थल के पास लोगों के आवाजाही को रोकने घेराबंदी की गई है। बताया यहां सीआईएसएआफ के लगभग 50 से 60 परिवार निवास करते हैं।

## सार-सामाचार

### संकल्प वृक्ष' अभियानः भोपाल में रोपण हेतु एक्सीलेंस कॉलेज में हुआ मिट्टी संग्रहण



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में एनसीसी निदेशालय के निर्देशानुसार 'संकल्प वृक्ष' कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी संग्रहण का विशेष आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस संग्रहीत मिट्टी का उपयोग आगामी 1 नवंबर 2026 को भोपाल में आयोजित होने वाले मुख्य 'संकल्प वृक्ष' रोपण कार्यक्रम में किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार श्री अखिलेश प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. वर्मा ने की। मिट्टी संग्रहण के इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रो. पी.पी. मिश्रा, डॉ. नंद कुमार पटेल एवं एनसीसी केयरटेकर डॉ. अमरजीत साहू तथा प्रशांत चौबे की उपस्थिति सराहनीय रही। महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पूर्ण अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लेते हुए निर्धारित स्थान से मिट्टी का संग्रहण किया। संग्रहीत मिट्टी को एनसीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षित और विधिवत लेबल वाले पात्रों में संरक्षित किया गया है, जिसे भोपाल में होने वाले भव्य कार्यक्रम हेतु प्रेषित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि संकल्प वृक्ष अभियान पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का एक अनूठा संदेश देता है।

### ग्राम पंचायत एवं जनपद स्तरीय जल स्त्रोतों के साफ-सफाई एवं जल संरक्षण के आयोजित हुए कार्यक्रम

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान 2026 अंतर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत जल संरक्षण,जल स्त्रोतों की साफ सफाई के कार्यक्रम आज जिले के कलेक्टर श्री रत्नाकर झा व जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन मे जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत दुलहरा के दूल्हा तालाब, जनपद अनूपपुर के शासकीय तालाब मौहाराटोला ग्राम पंचायत दैखल, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बेनीबहरा के झुरखी तालाब जलसार, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत जीलंग के अमृतसरोवर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेवा मेरा योगदान के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत के जल स्त्रोतों के साफ सफाई गतिविधि का कार्यक्रम स्थानीय जनप्रतिनिधियों नागरिकों की सहभागिता से आयोजित किया गया। जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत दुलहरा के दूल्हा तालाब मे के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर स्वच्छता श्रमदान के साथ ही पौधारोपण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण तथा स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

## ट्राला की टक्कर से पुत्र की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**पन्ना, देशबन्धु ।** एक तेज रफ्तार ट्राला ने मोटरसाइकिल चालक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयानक रही की पुत्र घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा पिता बुरी तरह घायल बताया जाता है कि सीमेंट से भरा ट्राला अमानगंज से पन्ना की ओर जा रहा था तथा मोटरसाइकिल चालक पिता पुत्र अपने ग्रह ग्राम शंकरगढ़ जा रहे थे इस दौरान ग्राम द्वारी मुख्य बस स्टैंड के पास यह जोरदार टक्कर हुई और पुत्र की मौत हो गई तथा पिता घायल हैं । भारी भरकम ट्रैक चलने से रोज सड़क हादसे में लोग अपनी जान गवा रहे हैं ट्राला क्रमांक एनएल 01 के 2135 है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई अमानगंज थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मृतक का शव ट्रैक्टर में लादकर पोस्टमार्टम के लिए अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है।

**द्वारी ग्राम की घटना, पन्ना अमानगंज रोड में आए दिन हो रहे हादसे**

## भेजरी में जगतगुरु माऊली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी का रोमांच, कई राज्यों से पहुंचेंगी टीमें





**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में ग्राम जोड़ो अभियान के तहत पुष्पराजगढ़ क्षेत्र के ग्राम भेजरी में जगतगुरु माऊली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ स्थित रानी प्रभा कुमारी फुटबॉल स्टेडियम में सोमवार को हुआ। नर्मदांचल वीर युवा संगठन पुष्पराजगढ़ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से फुटबॉल टीमें हिस्सा लेंगी। शुभारंभ में दो मैचों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के अलग-अलग हिस्सों से खिलाड़ी भेजरी पहुंचकर मैदान में अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष एवं फुटबॉल खिलाड़ी हीरा सिंह श्याम और उनकी मित्र मंडली के सहयोग से किया जा रहा है।

**25 सितंबर तक हुआ टीमों का पंजीयन** - प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीमों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 25 सितंबर 2026 तक पूरी की गई। आयोजकों के मुताबिक बड़ी संख्या में टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। अंतरराज्यीय स्तर की टीमों के शामिल होने से मुकाबलों के रोमांचक होने की उम्मीद है।

**विजेता को 51 हजार, उपविजेता को 25 हजार रुपए** -फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर खिताब जीतने वाली टीम को 51 हजार रुपए एवं विजेता ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 25 हजार रुपए पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

**बालिका वर्ग से होगी शुरुआत, एक माह तक चलेंगे मुकाबले** - प्रतियोगिता की शुरुआत जूनियर बालिका वर्ग के मुकाबलों से होगी। इसके बाद जूनियर पुरुष वर्ग के फुटबॉल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। क्वालीफायर मैच के बाद सीनियर वर्ग की टीमें मैदान में उतरेंगी। इसके बाद बाहर से आने वाली टीमों के बीच भी लगातार मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता का सिलसिला करीब एक माह तक जारी रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, डॉ. मदन त्रिपाठी, रंजीत सर्राटी , जिला मंत्री राजेश सराठिया, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश मिश्रा, अनूसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बब्बू चंद्रवंशी, कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, युवामोर्चा जिला मंत्री प्रदीप मिश्रा, भेजरी सरपंच भागवती तेंद्रो,सहित जनप्रतिनिधि, फुटबॉल प्रेमी ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### वर्षों से खेल प्रतिभाओं को मिल रहा मंच

आयोजक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि यह फुटबॉल प्रतियोगिता पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में हर वर्ष देश के अलग-अलग क्षेत्रों से खिलाड़ी शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

पिछले वर्षों की तरह इस बार भी मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। प्रतियोगिता के दौरान भेजरी का रानी प्रभा कुमारी स्टेडियम फुटबॉल के रोमांच से गुलजार रहेगा।

## जगतगुरु शंकराचार्य ने मां नर्मदा को नमन, पूजन अर्चन कर लिया आशीर्वाद

### नर्मदा मंदिर में पुजारियों ने किया विशेष सम्मान, श्री मार्कंडेय आश्रम में हुआ पादुका पूजन



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में सोमवार को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज मां नर्मदा मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया। जगद्गुरु के मंदिर पहुंचने पर पुजारियों एवं सेवायतों द्वारा परंपरागत रूप से उनका विशेष सम्मान किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां नर्मदा का विशेष पूजन-वाचन संपन्न कराया। साथ में श्री मार्कंडेय आश्रम के अग्निपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज तथा स्वामी नर्मदानंद जी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जगद्गुरु शंकराचार्य ने मां नर्मदा के पावन उद्गम का दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मां नर्मदा से लोककल्याण की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके सान्निध्य में संपन्न धार्मिक अनुष्ठान ने अमरकंटक की आध्यात्मिक गरिमा को और अधिक व्यापकता प्रदान की। नर्मदा मंदिर में पूजन-अर्चन के पश्चात जगद्गुरु शंकराचार्य श्री मार्कंडेय आश्रम पहुंचे। जहां आश्रम के आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज के शिष्यों ने श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया। आश्रम परिसर में वैदिक परंपरानुसार पादुका पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ पादुकाओं का पूजन कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**शिष्यों ने श्रद्धाभाव से किया पादुका पूजन-** श्री मार्कंडेय आश्रम में आयोजित पादुका पूजन में राम नरेश दुबे एवं गिरिजा शंकर पाण्डेय सपरिवार उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर जगद्गुरु शंकराचार्य एवं संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आश्रम में शंकराचार्य के सान्निध्य और संतों की उपस्थिति ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। सनातन परंपरा में गुरु की पादुकाओं को श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना गया है। इसी भाव के साथ श्रद्धालुओं ने पादुका पूजन में सहभागिता की।

मां नर्मदा के पावन दर्शन से लेकर श्री मार्कंडेय आश्रम में पादुका पूजन तक पूरा आयोजन सनातन संस्कृति और संत परंपरा की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता रहा। एक ओर नर्मदा मंदिर में वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई दी तो दूसरी ओर आश्रम परिसर में गुरु-भक्ति और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज की अमरकंटक यात्रा को श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर बताया। मां नर्मदा की पावन धरा पर संतों के इस संगम ने अमरकंटक की धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान को और अधिक सशक्त किया।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 06 अक्टूबर 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, अश्विनी कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-अश्लेषा**

मेष - आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दु-खी हो सकता है।

वृषभ - आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे।

मिथुन - थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। **क-678-457**

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट- सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

सिंह - आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है।

कन्या - आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ-साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख- संतोष की अनुभूति होगी।

तुला - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। मां से आर्थिक लाभ होगा। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे।

वृश्चिक - आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में गहरी चिंताएं सताया करेगी।

धनु - अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

मकर - विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

कुंभ - आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

मीन - आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। **मॉ-356-490**

2,7,8,9-26,78,81,92,64,56,35,44

## नवीन मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्यवाही की नियमित की जाए मॉनिटरिंग : कलेक्टर



**समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले में मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, नवीन मतदाताओं के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बीएलओ की बैठक लेकर उन्हें मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। साथ ही इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। सोमवार को कलेक्टर रत्नाकर झा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशितकरते हुए कहीं।

कलेक्टर श्री रत्नाकर झा ने कहा कि जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से निकलने वाली 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेवा ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण होगा। कार्यक्रम की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद एवं व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिले के कोल माइंस एवं औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े ग्रामों में ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन ग्रामों में जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि संबंधित ग्रामों में सड़क, पेयजल, बैठक व्यवस्था, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी से धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में अधिक से अधिक पात्र किसानों का धान उपार्जन हेतु पंजीयन कराया जाए। इस दौरान उन्होंने गिरदावली एवं फार्मर आईडी बनाए जाने की प्रगति की भी जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अनूपपुर जिले में निरंतर मॉनिटरिंग एवं प्रयासों के परिणामस्वरूप सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ताओं से स्वयं संवाद कर उनकी समस्याओं को समझें तथा नियमानुसार उनका संतुष्टिपूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण करें। 1000 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का परीक्षण करें तथा प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करें।

# संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक पहुंचे कार्यकर्ता: हेमंत खंडेलवाल

## 50 वर्ष बाद भी आने वाली पीढ़ी निस्वार्थ भाव से काम करने वाले कार्यकर्ताओं को याद करेगी



**रीवा देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने सोमवार को रीवा प्रवास के दौरान भाजपा के संभागीय कार्यालय अटल कुंज में आयोजित वृहद जिला कार्यसमिति एवं संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने वाले किसानों पर गोलियां चलाई गईं। उन्होंने वर्ष 1998 में बैतूल जिले के मुलताई में हुए गोलीकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार में 19 किसानों की मृत्यु हुई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को फसल बीमा सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव किया है। गैस कनेक्शन मिलने से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली और उनका समय बचा है। इसी प्रकार सरकार की योजनाओं के माध्यम से बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य तक सहायता उपलब्ध कराई



जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

**50 वर्ष बाद भी याद किए जाएंगे समर्पित कार्यकर्ता**

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आजादी के आंदोलन में देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले लोगों को समाज आज भी सम्मान के साथ याद करता है। उसी प्रकार आने वाली पीढ़ियां उन भाजपा कार्यकर्ताओं को भी याद करेंगी, जिन्होंने संगठन और विचारधारा को मजबूत करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

**भारत तकनीक और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा - जनार्दन मिश्रा**

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि भारत तकनीक, डिजिटल सेवाओं, नवाचार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है और भारत दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं ने गरीबों को सम्मान से जीने का अधिकार दिया: राजेंद्र शुक्ल**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहजता और सरलता कार्यकर्ताओं को और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 से पहले विंध्य क्षेत्र को भाजपा के लिए कठिन क्षेत्र माना जाता था, लेकिन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने निरंतर परिश्रम किया। आज यही क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ बन चुका है।

भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण में संगठनात्मक गतिविधियों एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीवा जिला संगठन पूरी निष्ठा के साथ भाजपा की रीति-नीति और सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहा है। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने रीवा के अटल पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की।



बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, संभाग प्रभारी विजय दुबे, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, जिला प्रभारी रविंद्र चौहान, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, विंध्य विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, विधायक नागेंद्र सिंह, दिव्यराज सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, नरेंद्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह, महाबली गौतम, रमेश गर्ग, राजेंद्र पांडे, गौरव तिवारी, राम सिंह, श्रीमती साधना गुप्ता, प्रदेश मीडिया कार्यसमिति सदस्य योगेंद्र शुक्ला रमाशंकर गुप्ता सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रेडक्रास अधिकारियों कर्मचारियों की मासिक बैठक आयोजित



**रीवा देशबन्धु।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रीवा एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला निशक्त पुनर्वास के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक सचिव डॉ राजेंद्र प्रसाद पांडे के द्वारा की गई एवं पिछले माह की रिपोर्ट एवं अगले माह के कार्यों की समीक्षा की एवं रेड क्रॉस जिला निशक्त पुनर्वास की अधिकारियों को आदेशित करते हुए प्रत्येक माह की 2 तारीख को समस्त की गई गतिविधियों के रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कहा साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए माह में कम से कम 10 सिविर आयोजित करने हेतु आदेशित किया

### कमिश्नर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा देशबन्धु।** रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 6 अक्टूबर को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों, पेंशन प्रकरणों तथा सेवा संकल्प अभियान की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने तहसीलदार को दिया नोटिस

**रीवा देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव को कारण बताओ नोटिस दिया है। सीएम हेल्पलाइन प्रकरण के निराकरण में लापरवाही बरतने पर नोटिस दिया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि नोटिस का तीन दिन में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के साथ प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समय सीमा का पालन न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। आपके द्वारा सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशीलता नहीं दिखाई जा रही है। इसे अनुशासनहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए नोटिस दिया गया है।

### संभागीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव में सौ उम्मीदवारों को मिला ऑफर

**रीवा देशबन्धु।** संभागीय आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें निजी संस्थान द्वारा विभिन्न पदों के लिए आईटीआई में प्रशिक्षित 135 उम्मीदवारों का इंटरव्यू लिया गया। इंटरव्यू के बाद सौ उम्मीदवारों का विभिन्न पदों के लिए चयन किया गया है। इन उम्मीदवारों को कंपनियों द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पूर्णकालिक रोजगार का अवसर दिया गया है। इस संबंध में प्राचार्य आईटीआई सौरभ शुक्ला ने बताया कि संभागीय आईटीआई में हर महीने प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित तथा कुशल युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं।

**.....कलेक्टर** ने राजस्व अधिकारियों को आमजन से जुड़े राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

# पलायन नहीं, पराक्रम की आवश्यकता है: जगद्गुरु राजारामाचार्य

## दो दिवसीय संतों की चिंतन बैठक संपन्न

**रीवा देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत के पूज्य संतों के मार्गदर्शक मंडल की दो दिवसीय चिंतन बैठक संपन्न हुई।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता श्रीमद् जगद्गुरु राजारामाचार्य जी महाराज एवं द्वितीय सत्र की अध्यक्षता महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज ने की।

मंच पर जगद्गुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, स्वामी बालक दास जी महाराज एवं स्वामी मुकुंद दास जी महाराज उपस्थित रहे। बैठक में





सनातन हिंदू संस्कारों का दृढ़ीकरण, जीवन मूल्यों का संरक्षण-संवर्धन, नशामुक्ति के लिए जनजागरण तथा हिंदू समाज में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर चर्चा हुई। महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए संतों से जनजागरण का आह्वान किया।

उन्होंने मोबाइल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक पहुंच रही अश्लील सामग्री के दुष्प्रभावों पर भी चिंता व्यक्त की। जगद्गुरु राजारामाचार्य ने कहा कि संस्कारों के दृढ़ीकरण से परिवार मजबूत होगा। उन्होंने समय पर विवाह, मतांतरण रोकने एवं सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा, 'डेमोग्राफी बदलने के लिए पलायन नहीं, पराक्रम की आवश्यकता है।'

उन्होंने शास्त्र के साथ शस्त्र प्रशिक्षण की बात भी कही। डॉ. मुकुंददास ने स्कूल-कॉलेजों में संतों द्वारा विद्यार्थियों से संवाद एवं 16 संस्कारों को पुनः जागृत करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में स्वामी अवध नारायणदास कृपालपुर, पीयूसदास महाराज, निर्मला माता, अनिरुद्धाचार्य, अमृतानंद, वासुदेवानंद भारती, त्यागी कृष्ण दास, राम जी शरण, विष्णु प्रपन्नाचार्य, रमेश मणि, चौकी वाले बाबा जी, राघवेंद्राचार्य, रामदास महाराज, उपेंद्र प्रपन्नाचार्य, आचार्य प्रेमानंद, विजय शंकर ब्रह्मचारी, मयंक नाथ एवं रामेश्वरानंद सरस्वती सहित संत उपस्थित रहे।

## 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आदित्य उर्फ राकेश मिश्रा, पिता स्व. श्यामलाल मिश्रा, निवासी विझौली, थाना हनुमना, जिला मऊगंज तथा अन्य अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। आरोपियों के संबंध में ऐसी महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति, जिसके आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, अथवा आरोपियों को गिरफ्तार करवाने में सहयोग करने वाले व्यक्ति को निर्धारित इनाम राशि प्रदान की जाएगी।

# कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर विकास मिश्रा ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी गतिविधियों का व्यवस्थित आयोजन किया जाए।

अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को मझौली में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। ग्राम सभाओं में सभी विभागों की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा।

# सामुदायिक सहयोग से बच्चों को मिलेगा सहयोग



**सीधी देशबन्धु।** कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत स्पॉन्सरशिप योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनाथ तथा आर्थिक रूप से कमजोर विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं के पात्र बच्चों को सामुदायिक सहयोग से निजी स्पॉन्सरशिप का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी को जिले के गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों, जनप्रति निधियों तथा औद्योगिक एवं व्यावसायिक संस्थानों से संपर्क कर पात्र बच्चों को व्यक्तिगत रूप से स्पॉन्सर करने के लिए प्रेरित करने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, देखभाल एवं बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है।

## साथिया समागम में पांच उत्कृष्ट साथिया सहित शिक्षक, सरपंच एवं सचिव सम्मानित





**सीधी देशबन्धु।** जिले में रविवार को साथिया समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से साथिया, साथिया मास्टर ट्रेनर, परामर्शदाता, आशा कार्यकर्ता एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में 200 से अधिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विकास मिश्रा ने किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में साथिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था जीवन का महत्वपूर्ण चरण है। इस दौरान सही स्वास्थ्य जानकारी, परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना आवश्यक है। साथिया इस दिशा में किशोर-किशोरियों और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के पांच टॉप साथिया को अपने हाथों से मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक, सरपंच, सचिव एवं अन्य प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए।

# एआई/एमएल के बेहतर उपयोग के लिए पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को राष्ट्रीय पुरस्कार

## स्मार्ट मीटर डेटा से 4,059 अनियमितताओं की पहचान, रू.8.33 करोड़ का आकलन

**रीवा/जबलपुर देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को विद्युत वितरण क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग (ड्ढ/रूरू) के प्रभावी उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के में आयरा द्वारा आयोजित पाँचवें स्मार्ट मीटर समिट में कंपनी को 'बेस्ट एआई/एमएल यूज केस इन डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेशंस' पुरस्कार प्रदान किया गया। कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (आईटी) श्री प्रशांत गुप्ता ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। कंपनी द्वारा लगभग 18 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से प्राप्त डेटा का उपयोग बिजली वितरण व्यवस्था को अधिक डेटा आधारित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए किया जा रहा है।





स्मार्ट मीटर डेटा और एआई/एमएल आधारित विश्लेषण से बिजली उपयोग में संभावित अनियमितताओं की पहचान कर मैदानी जाँच कराई जा रही है। इस पहल के अंतर्गत 8,887 बिजली कनेक्शनों की जाँच में 4,059 अनियमितताएँ पाई गईं तथा इनसे संबंधित लगभग ?8.33 करोड़ की राशि का आकलन किया गया। इससे राजस्व सुरक्षा एवं अनियमित विद्युत उपयोग की पहचान में महत्वपूर्ण सहायता मिल रही है। स्मार्ट मीटर डेटा के माध्यम से उपभोक्ता रिकॉर्ड में दर्ज फीडर एवं ट्रांसफॉर्मर की मैपिंग की शुद्धता की भी जाँच की जा रही है। वहीं, स्मार्ट मीटर डेटा एवं उपभोक्ता शिकायतों के विश्लेषण से बार-बार बिजली बंद होने और कम वोल्टेज वाले क्षेत्रों की पहचान की जा रही है। इस आधार पर लोड संतुलन, नेटवर्क सुदृढ़ीकरण तथा ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि जैसे कार्यों की प्राथमिकता तय करने में मदद मिल रही है।

प्रबंध संचालक अजय गुप्ता ने इस उपलब्धि पर आईटी एवं संबंधित टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर डेटा और एआई/एमएल का उपयोग कंपनी की विद्युत वितरण व्यवस्था को स्मार्ट, डेटा-आधारित एवं उपभोक्ता-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बनाएं: हेमंत खंडेलवाल



**मऊगंज देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने सोमवार को रीवा-मऊगंज प्रवास के दौरान सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्यों में सहभागिता की तथा संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। मऊगंज पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने उनका भव्य स्वागत किया। रघुनाथगंज सीमा से लगभग 1500 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में निकले इस काफिले में श्री खंडेलवाल स्वयं श्री गिरीश गौतम के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर लगभग पांच किलोमीटर तक शामिल हुए। मऊगंज में जगह-जगह नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। शगुन मैरिज गार्डन में आयोजित जिला बैठक एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों से संवाद कर उनका सम्मान किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत करें। भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति के लिए कार्य नहीं करती, बल्कि राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलते हुए देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास किया जा रहा है।

**1500 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ हुआ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया सम्मान**

प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, स्वच्छता सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि 2023 में मऊगंज जिले के गठन के बाद संगठन की प्रत्येक गतिविधि को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मन की बात से लेकर पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में मऊगंज संगठन अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस अवसर पर



सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक प्रदीप पटेल, संभाग प्रभारी विजय दुबे, जिला संगठन प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कांतदेव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखंड प्रताप सिंह, मृगेंद्र सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्रभारी कलेक्टर देशमुख ने किया सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण

**रीवा देशबन्धु।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से आज प्रभारी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बाल विकास परियोजना रीवा शहरी के अंतर्गत 'सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र' लखौरी बाग क्रमांक 6 का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास), पर्यवेक्षक राधा मिश्रा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव और सहायिका लता बंसल उपस्थित रहीं। प्रभारी कलेक्टर ने केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण और पोषण आहार की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान केन्द्र में महिलाओं के लिए डिजिटल वजन मशीन उपलब्ध न होने और बिजली बंद पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल नई वजन मशीन की आपूर्ति सुनिश्चित करने और बिजली व्यवस्था बहाल करने के सख्त निर्देश दिए।

देशबन्धु
विविध



## एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ने की सगाई

**वाशिंगटन।** एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ने गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस से सगाई कर ली है। दोनों ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया है। विल्किंस और काश पटेल अकसर साथ देखे जाते थे। अमेरिका में फेडरल एजेंसी ऑफ इन्वेस्टिगेशन के भारतवंशी डायरेक्टर काश पटेल ने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किन्स से सगाई कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीर शेयर करके खुद इसकी जानकारी दी है। सबसे पहले विल्किंस ने एक्स पर दोनों की तस्वीर शेयर की और बताया कि दोनों एक नए रिश्ते में बंध गए हैं। इसपर काश पटेल ने भी रिंग और दिल बनाते हुए रिश्ते कि पुष्टि कर दी। जानकारी के मुताबिक दोनों एक दूसरे को काफी समय से डेट कर रहे थे। काश पटेल इस समय 46 साल के हैं जबकि उनकी मंगेतर की उम्र केवल 27 साल है। काश पटेल के शपथ ग्रहण के वक्त भी विल्किंस वहीं मौजूद थीं। ऐसे में दोनों के बीच की केमिस्ट्री किसी से छिपी नहीं थी। एलेक्सिस विल्किंस एक कंट्री म्यूजिक सिंगर हैं। वह कई टीवी शो में भी नजर आ चुकीं हैं। इसके अलावा विल्किंस ने फिल्मों में भी काम किया है। सगाई का ऐलान करते हुए विल्किंस ने दोनों की ब्लैक ऐंड वाइट फोटो शेयर की थी।

### पाकिस्तान में बड़ा बवाल

# इमरान खान की खातिर सड़कों पर उतरी हजारों की भीड़

भारत को पड़ोस पाकिस्तान में भयंकर बवाल शुरू हो गया है। इसकी वजह पीटीआई यानी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ समर्थकों का प्रदर्शन है। हजारों की संख्या में पीटीआई समर्थक अपने नेता की रिहाई की मांग को लेकर सड़कों पर उतर गए हैं। खान साल 2023 से जेल में बंद हैं।

प्रदर्शनकारियों और पाकिस्तान सरकार के बीच दो दौर की बातचीत असफल हो चुकी है। इससे पहले यह लॉन्ग मार्च 27 सितंबर से शुरू होना था, लेकिन इसे बाद में 4 अक्टूबर तक के लिए टाल दिया गया था। खबरें हैं कि मुल्क की सरकार प्रदर्शनकारियों को राजधानी इस्लामाबाद में प्रवेश से रोकने के लिए कोशिश कर रही है। वहीं, सरकार ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सुहेल अफरीदी पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत कमजोर करने के आरोप लगाए हैं।

**मार्च से पहले बातचीत**– पीटीआई और पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की अगुवाई वाली सरकार के बीच शुक्रवार और शनिवार को बातचीत हुई थी। हालांकि, दोनों पक्ष मूल मुद्दों पर सहमति नहीं बना सके और चर्चा खत्म हो गई। इधर, पाकिस्तान सरकार ने साफ कर दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि जारी प्रदर्शन के बीच अगर कोई कानून तोड़ता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



साथ ही उन्होंने कहा है कि इस्लामाबाद में किसी भी मार्च की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, लॉन्ग मार्च पहले ही शुरू हो चुकी है और हम कानून तोड़ने वाले किसी को नहीं छोड़ेंगे। मार्च का पहला चरण रविवार दोपहर में गांधी चौक से शुरू हुआ, जिसमें लक्की मरवत, टैंक, डेरा इस्माइल खान, दक्षिण वजीरिस्तान, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू के समर्थक जुलूस में शामिल हुए। पार्टी की तरफ से इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किए गए हैं। अफरीदी के अनुसार, काफिला पहली रात करक के पास बिताएगा और फिर पांच अक्टूबर को कोहाट की ओर बढ़ेगा।

मार्च के पेशावर की ओर बढ़ने से पहले, छह अक्टूबर को कोहाट, हंगू, कुर्रम और ओरकजई से लोग इसमें शामिल होंगे। इसके बाद यह पेशावर और चारसद्दा से होते हुए आठ अक्टूबर को खैराबाद पहुंचेगा, जहां आंदोलन के अगले चरण की घोषणा होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकारी अधिकारियों ने खैबर पख्तूनख्वा में राष्ट्रपति शासन या आपातकाल लगाने की संभावना भी जताई है। मार्च से पहले प्रदेश के कई जिलों में धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं।

डेरा इस्माइल खान में 04 अक्टूबर से 06 अक्टूबर तक तय रास्तों पर लोगों और गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। कानून–व्यवस्था और जन–सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए दक्षिण वजीरिस्तान, टैंक और हंगू के कुछ हिस्सों में भी इसी तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं।

## आज का इतिहास

1499 – फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया।
1723 – बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
1762 – ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर कब्जा किया।
1862 – भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
1919 – तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री बने।
1935 – भारत में 32 साल के सबसे लंबे समय तक अंपायरिंग करने वाले जीवन डी घोष का बंगाल में जन्म हुआ।
1957 – सोवियत संघ ने नोवाया ज़ेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
1972 – मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत।
1980 – गुयाना ने संविधान को अंगीकार किया।
1981 – काहिरा में सैनिक परेड के दौरान एक सैनिक समूह द्वारा मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की हत्या।
1983 – पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया।
1987 – फिजी एक गणराज्य घोषित हुआ।

## सुडोकू 7414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | | 7 | |
| 5 | | | 7 | | | 9 | | |
| 8 | | 7 | 2 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | 2 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 3 | |
| | | | | | | 7 | | 5 |
| 2 | | | 8 | | 5 | 4 | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | 1 |
| | 1 | | 4 | 7 | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

### शिक्षकों को लोकसभा चुनाव से पहले 7वां वेतनमान दिलाना जन सुराज की गारंटीः प्रशांत

**मुजफ्फरपुर।** जन सुराज के सूत्रधार और विधायक प्रशांत किशोर ने रविवार को मुजफ्फरपुर में शिक्षक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि बिहार में सभी श्रेणी के शिक्षकों को अगले लोकसभा चुनाव से पहले सातवां वेतनमान दिलाना जन सुराज की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों की दशकों पुरानी समस्या का समाधान और समायोजन भी किया जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में शिक्षक अलग-अलग श्रेणियों में बंटे हुए हैं। कोई वित्त रहित, कोई नियोजित, कोई विशिष्ट, कोई विद्यालय शिक्षक, प्रधानाचार्य या अतिथि शिक्षक हैं। जन सुराज ने संकल्प लिया है कि सभी श्रेणियों के शिक्षकों के लिए सातवां वेतनमान सुनिश्चित किया जाएगा।

### बरेली में मुकेश सहनी ने शुरू किया 'हर घर निषाद संकल्प अभियान

**बरेली।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने रविवार को बरेली में 'हर घर निषाद संकल्प अभियान' की शुरुआत की। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं और निषाद समाज के लोगों ने हाथ में गंगाजल लेकर अपने बच्चों के अधिकार और हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि वह बरेली के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। इस दौरान पार्टी के युवा साथियों और समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 'हर घर निषाद संकल्प अभियान' के तहत लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान गंगाजल हाथ में लेकर लोगों ने संकल्प लिया है कि वे अपने बच्चों के अधिकार और हक के लिए संघर्ष करेंगे।

### मुख्यमंत्री विजय ने धारापुरम में टीवीके उम्मीदवार के समर्थन में किया रोड शो

**धारापुरम,** (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने रविवार को धारापुरम में एक रोड शो किया और मंगलवार को होने वाले विधानसभा उपचुनाव से पहले प्रचार अभियान तेज होने के बीच तमिलागा वेट्री कड़गम (टीवीके) के उम्मीदवार सत्यभामा के लिए वोट मांगे। टीवीके के हजारों कार्यकर्ता और समर्थक मुख्यमंत्री विजय को देखने के लिए रास्ते में जमा हुए। प्रचार वाहन में मुख्यमंत्री के साथ सत्यभामा भी मौजूद थीं और उन्होंने मतदाताओं से अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने की अपील की। यह रोडशो तिरुप्पुर जिले की आरक्षित विधानसभा सीट पर पार्टी के प्रचार अभियान का हिस्सा था, जहां 6 अक्टूबर को होने वाले उप चुनाव में राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों और निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 22 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस सीट पर टीवीके, डीएमके, एआईएडीएमके, नाम तमिलर काची (एनटीके) और सीपीआई के बीच पांच-तरफा मुकाबला हो रहा है। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, उम्मीदवार और उनके समर्थक पूरे चुनाव क्षेत्र में मतदाताओं तक पहुंचने की कोशिशें तेज

# नरेन्द्र मोदी ने रचा 25 वर्षों के स्वर्णिम सुशासन का कीर्तिमान

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 7 अक्टूबर 2026 को अपनी अनवरत राष्ट्रसेवा के कीर्तिमान गढ़ने जा रहे हैं। यह वह ऐतिहासिक दिन होगा, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री और तत्पश्चात देश के प्रधानमंत्री के रूप में 7 अक्टूबर 2026 को अपनी राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे। यह भारत के राजनैतिक परिदृश?य में नया रिकार्ड होगा। उन्होंने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में तथा 26 मई 2014 को देश के प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था।

**मोदी के दौर में गुजरात की विकास यात्रा**× श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री रहते हुए गुजरात में अभूतपूर्व विकास हुआ। बुनियादी ढांचे, जल, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, उद्योग और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में सराहनीय कार्य हुए, जिसने एक आत्मविश्वासी, प्रगतिशील और आकांक्षी गुजरात की नींव रखी। 2003 में शुरू हुए वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में निवेशकों, बड़े उद्यमियों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाया गया, जिससे संयुक्त उपक्रमों,व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिला। गुजरात में प्रारंभ ज्योतिग्राम योजना ने 1,290 करोड़ रुपये के निवेश के माध्यम से 18,000 से अधिक गांवों में 24 घंटे तीन–फेज बिजली पहुंचाई। गुजरात 2003–04 में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू करने तथा 2006 में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2001 और 2014 के बीच गुजरात के विकास ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी परियोजनाओं के साथ जन–केंद्रित पहलों को जोड़ा और दीर्घकालिक विकास की नींव रखी। मोदी जी के कुशल नेतृत्व में गुजरात में विकास की ऐसी ठोस बुनियाद रखी गई, जिसे कालांतर में 'गुजरात माडल' के रूप में जाना गया।

**संकल्प से सिद्धि तक –श्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रसेवा यात्रा**– श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे तपे–तपाए जननेता हैं, जिनमें कुंदन की कठोरता भी है और चंदन की शीतलता भी विद्यमान है। उनके चिंतन में राष्ट्र, राष्ट्रबोध एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने तमाम ऐसे फैसले लिए जो राष्ट्र के लिए हितकारी थे। चाहे धारा 370 की समाप्ति हो, भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो या सीमाओं की अभेद्य सुरक्षा हो। चंद्रयान–3 व ब्रिक्स सम्मेलन की सफलता से लेकर मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत तक, उनके हर कदम ने भारत को सशक्त बनाया है। स्वच्छ भारत से जल जीवन मिशन तक, उज्जवला योजना से आयुष्मान भारत तक, किसान सम्मान निधि से लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता तक, हर योजना का एक ही ध्येय रहा है कि सबका जीवन बेहतर हो और भारत समर्थ बने। रक्षा के क्षेत्र में तो भारत पूर्णत आत्मनिर्भर बन चुका है। श्री नरेन्द्र मोदी की जनसेवा के ये 25 वर्ष सिर्फ सत्ता के उपभोग के नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के विश्वास पर खरा उतरने, उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने के हैं।

श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल पर नजर डालें तो स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी जी के मार्गदर्शन में युवाओं में नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ाने के लिए स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया और डिजिटल स्किल इंडिया जैसी योजनाओं का सूत्रपात हुआ। आज भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हमारी जीडीपी वृद्धि दर भी 7.8 प्रतिशत है। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के करोड़ों परिवारों को पक्के घर दिए गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखों शौचालयों का, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कराया गया। उज्जवला योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा की गई। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई, जिससे 60 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य बीमा का सुरक्षा कवच मिला। जल जीवन मिशन से हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और डिजिटलीकरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। ग्रामीण भारत में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में मेट्रो और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाएं मूर्तरूप ले रही हैं।

मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है– रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म। इस सरकार ने गरीबों के सम्मान, युवाओं के सामर्थ्य, किसानों की समृद्धि व महिलाओं के सशक्तिकरण को राष्ट्र निर्माण का विशेष आधार बनाया। मोदी जी ने किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए अनेक योजनाओं का प्रावधान किया। महिला सशक्तिकरण मोदी के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। केन्द्र सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है,



**– सुरेश पचौरी**

जिनमें से डेढ़ करोड़ से अधिक लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र प्रथम का संकल्प आज उनकी समावेशी राजनीति की पहचान बन चुका है। उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं से भारत समरस विकास के नये सोपान नापते हुए सतत् गतिमान है। मोदी जी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खूबी यह है कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति पर उनकी नजर सबसे पहले पहुंचती है। सर्वहारा वर्ग के दिल की बात की जाए तो जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसे हमारे कर्मयोगी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूजा।

**व्यक्तित्व एवं कृतित्व – एक युगदृष्टा की पहचान**– मोदी जी के 25 वर्षों की इस अनवरत राष्ट्रसेवा के कालखण्ड में उनके व्यक्तित्व में तपस्वी, युगदृष्टा और जननायक के दर्शन होते हैं। उनकी अविराम राष्ट्रसेवा संकल्प से सिद्धि का प्रतिबिम्ब है। उन्होंने बीते 25 वर्षों के दौरान एक दिन भी अवकाश नहीं लिया। अपने बहुआयामी और विराट व्यक्तित्व से आज मोदी जी समूचे विश्व में शीर्ष नेता के रूप में जाने–पहचाने जाते हैं। मोदी जी को 36 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया है। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में विगत 25 वर्षों में वाइब्रेंट गुजरात से लेकर भारत को विश्व मंच पर प्रतिष्ठापित किया है।

श्री मोदी की जब हम 25 वर्षों की सुशासन यात्रा को देखते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि यह भारत के पुनरुत्थान की यात्रा है। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सिखाया कि राज्य का विकास कैसे होता है और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने दिखाया कि देश कैसे विकसित होता है। देश के नव निर्माण के शिल्पकार दूरदर्शी श्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं।

**( लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं )**

## वर्ग पहेली 7414

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**
१. विष्णु की माला. झंडा, चिन्ह, विजय माल
३. पारा
५. रचना, बनावट, उत्पादन
६. सूर्यपुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९ .सहायता(उर्दू)
१०. झुका हुआ गिरा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचनशक्ति(उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. देखना, एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार से दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:–**
१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. यंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ जकड़ा हुआ बंद किया हुआ
३. युद्धभूमि में होने वाली आवाज
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन सुख, स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन(उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बरबाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा(उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला, मेघ
१५. अज्ञानता(उर्दू)
१७. भैंस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

### वर्ग पहेली–7413

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ष्ट्र | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ त | ह | ४ नि | शां |
| ज | ■ | कु | ■ | ५ ध | तू | रा | ■ | र्मो | ■ |
| ६ ह | ड़ | ब | ड़ा | ना | ■ | ७ श | क्ति | ही | ८ न |
| ठ | ■ | खा | ■ | ९ गा | ड़ | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | १० अ | ना | ११ का | र | ■ | ■ | १२ आ | तु | र |
| ■ | द | ■ | ट | ■ | १३ जि | ज्ञा | सा | ■ | ज |
| १४ ब | द | १५ ल | ना | ■ | ल्ल | ■ | १६ र | १७ स | न |
| हा | ■ | घु | ■ | १८ व | त | १९ न | ■ | मू | ■ |
| २० दु | र्दां | त | ■ | र्षा | ■ | २१ मि | थ्या | चा | २२ री |
| र | ■ | २३ म | न | ग | ढं | त | ■ | ■ | ढ़ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## त्रिपुरा निकाय चुनाव

### रजिस्टर्ड वोटर्स की कुल संख्या 6,31,388

# ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में पुरुष मतदाताओं से ज्यादा महिला मतदाता

**अगरतला, (एजेंसियां)। राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) के आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा में 21 शहरी स्थानीय निकायों के आगामी चुनावों के लिए जारी मतदाता सूची के ड्राफ्ट में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। 21 शहरी स्थानीय निकायों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार, रजिस्टर्ड वोटर्स की कुल संख्या 6,31,388 है, जिसमें 3,22,360 महिलाएं, 3,08,983 पुरुष और 45 थर्ड-जेंडर वोटर्स शामिल हैं।**

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में हर 1,000 पुरुषों पर 1,043 महिलाओं का लिंगानुपात दिखता है एसईसी सचिव अनुराग सेन ने कहा कि 8 अक्टूबर तक ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावों और आपत्तियों को अंतिम रूप देने के बाद 15 अक्टूबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। अगरतला नगर निगम सहित 21 शहरी नागरिक निकायों में से केवल सिपाहीजाला जिले के बिश्रामगंज नगर पंचायत और मेलाघर नगर परिषद में महिला वोटर्स की तुलना में पुरुष वोटर्स की संख्या ज्यादा, क्रमशः 147 और 119 वोटर्स, हैं। अगरतला नगर निगम में 1,85,099 महिला वोटर्स, 1,77,497 पुरुष और 36 थर्ड–जेंडर वोटर्स हैं।



- **लिस्ट में 3,22,360 महिलाएं, 3,08,983 पुरुष शामिल**
- **15 को फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी**

सेन ने कहा कि राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) ने अगरतला नगर निगम सहित 21 शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि अगरतला नगर निगम और 20 अन्य शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव इस साल दिसंबर तक कराए जाने हैं। नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में होने वाले आगामी चुनावों से पहले, एसईसी ने पोलिंग स्टेशनों की फाइनल लिस्ट जारी की है। फाइनल लिस्ट में 783 पोलिंग स्टेशन शामिल हैं, जिनमें अगरतला नगर निगम, 13 नगर परिषद और सात नगर पंचायतें आती हैं। अगरतला नगर निगम में सबसे ज्यादा 439 पोलिंग स्टेशन हैं। आठ जिलों में फैले 21 शहरी स्थानीय निकायों में लगभग नौ लाख लोग रहते हैं। इन नौ लाख लोगों में से चार लाख से ज्यादा लोग अगरतला नगर निगम क्षेत्रों में रहते हैं।

अगरतला नगर पालिका, जिसका नाम बाद में बदलकर अगरतला नगर निगम कर दिया गया, की स्थापना 1871 में तत्कालीन राजा महाराजा चंद्र माणिक्य (1862–96) के शासनकाल में हुई थी। अगरतला नगर निगम का औपचारिक गठन 21 जनवरी 2014 को हुआ, जब तत्कालीन अगरतला नगर परिषद को नगर निगम का दर्जा दिया गया।

# खेल जगत

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए टीम के दरवाजे खुले हैः जॉर्ज जीसस

**लिस्बन।** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कोच जॉर्ज जीसस ने स्टार खिलाड़ी के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ विवाद को गलतफहमी करार देते कहा है कि उनके लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खुले हैं। रविवार को नॉर्वे पर 2-1 से घरेलू जीत के बाद जीसस ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर वह चाहेगा, तो वह राष्ट्रीय टीम में वापस आ जाएगा। हम अगले कॉल-अप से पहले बात कर सकते हैं, लेकिन अंतिम फैसला क्रिस ही करेंगे। मैंने कहा, 'मुझे तुम्हारी जरूरत है, तुम मेरे करीब रहो, चाहे तुम खेल रहे हो या नहीं, मुझे तुम्हारी जरूरत है।' और अब मैं वही बात कह रहा हूं।' जीसस के इस बयान ने रोनाल्डो के लिए पुर्तगाल की राष्ट्रीय में वापसी के रास्ते खोल दिये है। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को नेशंस लीग में नॉर्वे के खिलाफ 2-1 से मिली जीत में रोनाल्डो को एक स्थानापन्न के रूप में रखने के जीसस के फैसले ने सार्वजनिक विवाद को जन्म दिया।



# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बुलंद इरादों से उतरेगा

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की कप्तानी श्रेयस अय्यर के हाथों में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्रेयस अय्यर की अगुआई में भारतीय क्रिकेट टीम 2026 एशियाई खेलों में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को शुक्रवार निशीन(जापान) में थोड़े संघर्ष के बाद 19 रन से हरा अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने के बाद अब वेस्टइंडीज के खिलाफ नवाबों के शहर लखनऊ में पांच टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के मंगलवार को खेले जाने वाले पहले मैच में बुलंद हौसलों के साथ उतरेगी। सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में भारत ने श्रे होप की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज से अपना आखिरी टी-20 मैच इस साल के शुरू में आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर आठ में खेला और संजू सैमसन के अविजित 97 रन से कोलकाता के ईडन गार्डन में चार गेंद के बाकी उसमें रहते पांच विकेट से जीत दर्ज की।

वेस्टइंडीज के कप्तान अभी शे होप हैं जबकि भारत की कप्तानी अब श्रेयस अय्यर के हाथ में वह खुद को भारत के नए टी-20 क्रिकेट कप्तान के रूप में जुटे हैं। भारत ने वेस्टइंडीज से अपने पांच में तीन जीते और दो हारे हैं और उसके खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने के मकसद से ही उतरेगा। संजू सैमसन भारत के लिए एशियाई खेलों में सेमीफाइनल और फाइनल सहित दो मैच खेलने के बावजूद दहाई के अंक तक नहीं पहुंच सके। भारत के सामने बड़ा सवाल यह रहेगा कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले टी-20 अंतराष्ट्रीय में लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अभिषेक शर्मा और 15 बरस के वैभव सूर्यवंशी से ही पारी का आगाज कराए और संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर बरकरार रखे। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत संतुलित एकादश के साथ उतरेगा। ऐसे में अपने अनुभव और पिछली बेहतरीन पारी के चलते बहुत मुमकिन है भारत अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन से पारी का आगाज करा कर वैभव सूर्यवंशी को एकादश से बाहर रखे और तीसरे नंबर तब इशान किशन और चौथे पर कप्तान श्रेयस अय्यर, पांचवें पर तिलक वर्मा और फिर ऑलराउंडर शिवम दुबे, अक्षर पटेल और नीतिश रेड्डी उतरे। भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर का जिस तरह से संजू पर भरोसा है उससे उनके वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टी-20 अंतराष्ट्रीय मैच में भारत की एकादश में अपनी जगह बरकरार रखने की उम्मीद है।



## आईसीसी ने भारत-वेस्टइंडीज टीम पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** न्यू चंडीगढ़ के पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए तीसरे वनडे मुकाबले में स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए आईसीसी ने भारत और वेस्टइंडीज टीम पर जुर्माना लगाया गया है। शनिवार को हुए आखिरी वनडे में समय की छूट को ध्यान में रखते हुए भारत को चार ओवर और वेस्टइंडीज को दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। इसके बाद भारतीय टीम पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत और वेस्टइंडीज पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (जो न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघनों से संबंधित है) के अनुसार, अगर कोई टीम तय समय में ओवर नहीं फेंक पाती है, तो उसके खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

# वैभव को अपने मौके का इंतजार करना होगा : गंभीर

■ सूर्यवंशी इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में बताया है। गंभीर ने कहा कि उन्होंने 15 वर्षीय खिलाड़ी को समझाया कि अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कभी-कभी खिलाड़ी को अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। इस साल जुलाई में सूर्यवंशी इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने। उन्होंने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अपना टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया और सचिन तेंदुलकर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा।

इसके बाद, वह पुरुषों के इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 साल और 118 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि, उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी सीरीज और एशियन गेम्स से पहले जापान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला। 15 साल के इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में भारत की प्लेइंग इलेवन में वापसी की, जहां उन्होंने 21 गेंदों पर 38 रन बनाकर मैच में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'यह मेरे लिए भी एक नया अनुभव था। हां, वह अच्छी फॉर्म में थे, लेकिन मैंने उन्हें समझाया कि कभी-कभी, उन खिलाड़ियों की वजह से जिन्होंने लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें अपने मौके का इंतजार करना पड़ सकता है। एक और बात, सोशल मीडिया या बाहर की बातें प्लेइंग इलेवन तय नहीं करतीं। भारतीय मुख्य कोच ने आगे कहा, 'यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि ड्रेसिंग रूम का समीकरण कैसा है, कौन सा खिलाड़ी कोच और कप्तान को मैच जिताने की क्षमता रखता है, तथा टीम की सबसे मजबूत 'प्लेइंग इलेवन' क्या है। इसके साथ ही यह भी देखना होता है कि किसने लंबे समय तक लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। अगर आज हम वैभव को मौका देते हैं, तो मेरे और टीम से बाहर होने वाले खिलाड़ी- चाहे वह अभिषेक हों या संजू सैमसन के बीच बातचीत काफी मुश्किल होगी।' उन्होंने आगे कहा, 'यही वजह है कि हम अचानक उस टीम संयोजन (कॉम्बिनेशन) को नजरअंदाज नहीं कर सकते, जिसने पिछले डेढ़-दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है। लगातार तीन-चार मैचों में असफल होने पर हम अनुभवी खिलाड़ियों को ड्रॉप करके किसी ऐसे युवा को टीम में शामिल नहीं कर सकते, जो भले ही बेहद प्रतिभाशाली और बेहतरीन फॉर्म में हो। खिलाड़ियों को कभी-कभी अपने मौके का इंतजार करना ही पड़ता है, क्योंकि हमारा मुख्य उद्देश्य ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा और निरंतरता का माहौल बनाए रखना है।

## भारत की 7 सदस्यीय टीम घोषित

## भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे कमान

**हांगकांग,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे। टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं। नितिश आक्रामक बल्लेबाजी और टॉप ऑर्डर में खेलने का अनुभव लाते हैं। वहीं, शशांक और तेवतिया मैच फिनिश करने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। त्रिपाठी आक्रामक इरादे के साथ खेलते हैं और नटराजन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के तौर पर एक खास विकल्प देते हैं। टीम इंडिया हांगकांग सिक्स में फिर से वापसी करेगी और टूर्नामेंट में आगे तक जाने की कोशिश करेगी। 2025 में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध डकवर्थ-लुईस नियम से दो रन की जीत के साथ शुरुआत की थी, लेकिन बाद के मैचों में हार के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। इस बार चुनौती कड़ी होगी। पाकिस्तान 2026 के टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन के तौर पर उतरेगा।



हॉंगकांग सिक्स

# हॉकी इंडिया लीग के बाद, हमारा ध्यान एलए 2028 के लिए एक नई टीम बनाने पर : फुल्टन

**नागोया, (जापान),** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के बाद हमारा ध्यान लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए नई टीम बनाने पर होगा।क्रेग फुल्टन ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 दूर नहीं है और हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खत्म होने के बाद उन्हें नए सिरे से एक टीम बनानी होगी। इसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच अच्छा तालमेल बिठाने के लिए टीम में और अधिक युवा चेहरों को शामिल करना शामिल होगा।

उन्होंने कहा, 'एलए 2028 में दो साल का समय है। यह सुनने में लंबा समय लगता है, लेकिन यह बहुत जल्दी आ जाता है। मुझे लगता है कि अभी हम



**मुझे लगता है कि हर टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का उतार-चढ़ाव वाला दौर आता है : क्रेग फुल्टन**

सही शेड्यूल और सही प्लानिंग बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम तैयारी के बड़े चरणों पर ध्यान दे रहे हैं - जैसे दो साल पहले, एक साल पहले, छह महीने पहले की तैयारी - और उसी के अनुसार योजना बना रहे हैं। हां, मुझे लगता है कि हर टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का उतार-चढ़ाव वाला दौर आता है। हमारे पास अभी अनुभवी खिलाड़ियों का एक अच्छा ग्रुप है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन इंडियन 'ए' टीम और एक मजबूत अंडर-21 टीम में भी बहुत सारे युवा खिलाड़ी हैं, जो बहुत अच्छी बात है। इसलिए अगले दो-तीन महीनों में, मुझे लगता है कि हॉकी इंडिया लीग के ठीक बाद, हम अपने पास मौजूद सभी टैलेंट को देखेंगे, नई टीम चुनेंगे और वहां से नए सिरे से शुरुआत करेंगे,' 51 वर्षीय कोच ने आगे कहा। 1966 बैंकॉक, 1998 बैंकॉक, 2014 इंचियोन और 2022 हांगझोऊ के बाद, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए कॉन्टिनेंटल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में यह कुल मिलाकर पांचवां स्वर्ण पदक था।फुल्टन, जिन्होंने 1996 और 2004 के समर ओलंपिक खेलों में साउथ अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया था, ने कहा कि लगातार गोल्ड मेडल जीतना हमेशा खास होता है। उन्होंने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से, यह एशियाई खेल बहुत अनोखा था। यह पिछले एशियाई खेलों से बहुत अलग था क्योंकि हम यहां दूसरे इवेंट्स और एथलीटों से अलग-थलग थे। कोई तथाकथित 'गेम्स विलेज' नहीं था। लेकिन साथ ही, हमारा अपना रूटीन था। हम मैदान पर जाते थे, खेलते थे, वापस आते थे, और सब कुछ वैसा ही था। लेकिन हांगझोऊ में पहला स्वर्ण पदक जीतना बहुत खास था। और फिर वापस आकर लगातार स्वर्ण पदक जीतना हमेशा खास होता है।

## सार संक्षेप

### ब्राजील से मिली हार के बाद भारत के सामने उरुग्वे की कड़ी चुनौती

**कोलकाता।** ब्राजील से 0-4 की हार से उबरने के लिए भारत के पास बहुत कम समय है उसे अब मंगलवार को यहां फीफा अंतराष्ट्रीय मैत्री मैच में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे जैसी मजबूत टीम का सामना करना है। पनामा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ मैच ने खालिद जमील की टीम के लिए अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन शनिवार को साल्ट लेक स्टेडियम में ब्राजील ने भारत और दुनिया की टॉप टीमों के बीच कौशल का अंतर दिखा दिया। भारत को अब उस हार को पीछे छोड़कर उरुग्वे के खिलाफ मुकाबला करने का तरीका खोजना होगा, जो दुनिया में 20वें नंबर पर है। बड़ी हार के बावजूद, जमील को अपनी टीम के प्रदर्शन में कुछ सकारात्मक बातें दिखीं, खासकर उनकी पासिंग, डिफेंस का तालमेल और शुरुआती 25 मिनट में काउंटर-अटैक करने की कोशिशें। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने भी उन क्षेत्रों में भारत की कोशिशों को माना। भारत को उन पलों को आगे बढ़ाना होगा, खासकर ऐसी टीम के खिलाफ जिसके पास बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय अनुभव है। दुनिया में 138वें नंबर की टीम के लिए, उरुग्वे के खिलाफ ड्रॉ मैच करना या मैच ड्रॉ कराना भी एक बड़ी उपलब्धि होगी।

### न्यूजीलैंड के लिए 'कैजुअल' कॉन्ट्रैक्ट पर खेलेंगे माइकल ब्रेसवेल

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के अनुभवी ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल ने 2026-27 सीजन में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का मौका पाने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ 'कैजुअल' कॉन्ट्रैक्ट लेने का फैसला किया है। इस कदम से वह दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलने के लिए अधिक उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उन्होंने साफ किया है कि उनकी प्राथमिकता अभी भी न्यूजीलैंड के नेशनल टीम के लिए खेलना ही है। 35 वर्षीय ब्रेसवेल उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने 2026-27 सीजन के लिए कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट चुना है। इस सूची में फिन एलन, मार्क चैपमैन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने और टिम सीफर्ट जैसे खिलाड़ी पहले से मौजूद हैं। ब्रेसवेल के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट छोड़ने के बाद उनकी जगह बल्लेबाज निक केली को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। यह केली के करियर का पहला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट है, जो उन्हें अपने फर्स्ट-क्लास डेब्यू के करीब 11 साल बाद मिला है। 33 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है।

### नेशंस लीगः पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा।

# चोट के कारण इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटपोवा

**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है।

पोटापोवा ने अपने सोशल मीडिया पर इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर लगातार उन्हें आराम करने का संकेत दे रहा था। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'मेरा सीजन खत्म हो रहा है। दुर्भाग्य से, हाल ही में मेरा शरीर मुझे बार-बार संकेत दे रहा है कि अब रुकने का समय आ गया है। मेरे लिए यह सबसे साफ संकेत है कि मुझे ब्रेक लेने, अपने शरीर को ठीक होने के लिए जरूरी समय देने और मजबूती से वापसी करने की जरूरत है। 2027 में मिलते हैं।' 'पोटापोवा ने यह घोषणा वीजिंग टूर्नामेंट में लिन्डा क्रॉस के खिलाफ अपने शुरुआती दौर के मैच से दाहिने कंधे की चोट के कारण हटने के कुछ दिनों बाद की है।



**शरीर को आराम की जरूरतः अनास्तासिया पोटापोवा**

उन्हें इसके बाद वुहान में खेलना था, लेकिन अब वह नए सीजन के लिए पूरी तरह फिट होने पर ध्यान देंगी। इस फैसले के साथ ही उस सीजन का समापन हो गया जिसमें पोटापोवा ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई।

उन्होंने साल की शुरुआत लिन्ज से पहले 97वें स्थान पर रहते हुए की थी, लेकिन धीरे-धीरे रैंकिंग में ऊपर चढ़ती गईं और आखिरकार करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग तक पहुंचीं, जो अभी भी उनकी मौजूदा रैंकिंग है। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन क्ले कोर्ट पर रहा।

# टोरंटो सिक्सर्स ने जीता कनाडा सुपर 60 का खिताब

**वेंकूवर,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। टोरंटो सिक्सर्स ने सोमवार को यहाँ मशहूर बीसी प्लेस में खेले गए पुरुषों के फाइनल में वेंकूवर एकर्स को पांच विकेट से हराकर कनाडा सुपर 60 खिताब जीता। यह टोरंटो की दोहरी जीत है। वह इससे पहले महिलाओं की चैंपियनशिप भी जीत चुके है।

जहीर खान की सह-मालिकाना हक वाली टीम वेंकूवर एकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। ओबस पीनार ने 21 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए और कप्तान मोईन अली ने 18 गेंदों पर 45 रन जोड़े, लेकिन टोरंटो ने आखिरी गेंद पर लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट पर 168 रन बनाकर जीत हासिल की। एकर्स ने धमाकेदार शुरुआत की; एन्यूरिन डोनाल्ड ने नौ गेंदों पर 17 रन बनाए, और एरॉन जॉनसन ने 10 गेंदों पर 14 रन जोड़े।



■ मार्टिन एंडरसन के शून्य पर आउट होने के बाद, मोईन और पीनार ने पारी संभाली

मार्टिन एंडरसन के शून्य पर आउट होने के बाद, मोईन और पीनार ने पारी संभाली और दोनों ने मिलकर 21 बाउंड्री लगाईं। पीनार के 82 रन सिर्फ 21 गेंदों पर आए, जिसमें दो चौके और 12 छक्के शामिल थे, जबकि मोईन के 45 रनों में दो चौके और पाँच छक्के शामिल थे। वेंकूवर ने 16.40 के रन रेट से 164/3 का स्कोर बनाया। टोरंटो की ओर से लक्ष्य का पीछा निकोलस पूरन ने किया, जिन्होंने 23 गेंदों पर 67 रन बनाए। उनकी पारी में दो चौके और नौ छक्के शामिल थे और उनका स्ट्राइक रेट 291.30 रहा। कीरोन पोलार्ड ने 13 गेंदों पर 35 रन जोड़े, जबकि डैनियल सैम्स नौ गेंदों पर नाबाद 25 रन बनाकर लौटे (जिसमें तीन छक्के शामिल थे), जिससे टोरंटो मुश्किल लक्ष्य के साथ तालमेल बिठाए रहा। विल स्मीड ने भी सात गेंदों पर 16 रन बनाए, जिसके बाद लुईस ग्रेगरी ने उन्हें आउट कर दिया। पूरन की आक्रामक बल्लेबाजी ने टोरंटो को जरूरी रन रेट से काफ़ी आगे पहुँचा दिया, जिसके बाद पोलार्ड और सैम्स ने सुनिश्चित किया कि अंत में कोई गड़बड़ न हो; सिक्सर्स ने आखिरी गेंद पर 168/5 रन बनाकर पाँच विकेट से जीत हासिल की।

# लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**टोक्यो,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड नंबर 3 कार्लोस अल्काराज ने सोमवार को 'जापान ओपन 2026' के सेमीफाइनल में हमवतन खिलाड़ी जाउमे मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से मात दी। अल्काराज अपनी सर्विस गंवाने के कारण पहला सेट हार गए थे। उन्होंने कुछ 'ब्रेक' के साथ वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता और फिर फाइनल सेट में शानदार खेल दिखाते हुए 6-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ अल्काराज लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गए। टोक्यो के एरियाके कोलिजियम में जीत के बाद टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए अल्काराज ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि पहले सेट में क्या हुआ? सच कहूं तो आमतौर पर पहले सेट में ऐसा ही होता है।

■ **अल्काराज को पूरे टूर्नामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा**

मैंने मैच की अच्छी शुरुआत की थी, ब्रेक किया और सेट के लिए सर्विस भी की। पता नहीं क्या हुआ। ऐसा लगता है कि हर पहले सेट में मुझे संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन जिस तरह से मैं हर बार वापसी करता हूं, मैं उससे वाकई बहुत खुश हूं। पूरे टूर्नामेंट में अल्काराज को पहले सेट में काफी संघर्ष करना पड़ा है। उन्हें क्वार्टर फाइनल में डेनिस शापोवालोव, राउंड ऑफ 16 में माटेओ अर्नाल्डी और राउंड ऑफ 32 में एलेक्स मिशेलसेन के खिलाफ टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी थी। मुनार के विरुद्ध, वह पहले सेट में 5-3 से आगे थे और सेट के लिए सर्विस कर रहे थे, लेकिन अगले गेम में उनकी सर्विस ब्रेक हो गई और मुनार 6-5 से आगे हो गए और पहला सेट जीत लिया।

**हर पहले सेट में मुझे संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन जिस तरह से मैं हर बार वापसी करता हूं, मैं उससे वाकई बहुत खुश हूं : कार्लोस अल्काराज**



# इगा स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 32 में जगह

**बीजिंग,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया। जीत के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए स्वियातेक ने बताया कि उन्हें एक सेट हारने के बाद कैसा महसूस हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मैं सच में बहुत चिढ़ गई थी। मुझे लगा कि मैं बुरा नहीं खेल रही थी, लेकिन निश्चित रूप से वह काफी नहीं था। मैंने कुछ गलतियां कीं। मुझे गुस्सा आ रहा था। मैं कुछ बदलना चाहती थी। जाहिर है कि वह काम नहीं कर रहा था। दूसरा सेट शुरू में मुश्किल था। बाद में मैंने समझ लिया कि क्या करना है।



चाइना ओपन

# [ अर्थ जगत

## डॉलर के सामने रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 96.30 पर हुआ बंद

**मुंबई।** पांच अक्टूबर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को पांच पैसे की गिरावट के साथ 96.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 96 के अहम स्तर के आसपास सीमित दायरे में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जोखिम लेने की बढ़ती धारणा ने रुपये को सहारा दिया, हालांकि कारोबारी अब विदेशी पूंजी प्रवाह और आरबीआई के आगामी मौद्रिक नीति निर्णय पर नजर बनाए हुए हैं।



# 6 अक्टूबर से महंगी होगी हवाई यात्रा

## इंडिगो ने सभी रूटों पर बढ़ाए टिकट के दाम



*नई दिल्ली। 6 अक्टूबर से फ्लाइट टिकट महंगी होने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने एटीएफ की बढ़ती कीमतों को ध्यान में रखते हुए डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने की घोषणा की है। इंडिगो ने सोमवार को बताया कि नया फ्यूल सरचार्ज 6 अक्टूबर से लागू होगा, जिससे हवाई सफर महंगा हो जाएगा।*

**डोमेस्टिक फ्लाइट्स पर 350 रुपये तक बढ़ा फ्यूल सरचार्ज**-एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने एक बयान में कहा कि डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए, दूरी के आधार पर फ्यूल सरचार्ज में 100 रुपये से लेकर 350 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही, इंडिगो ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के लिए फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोतरी की है।

**डोमेस्टिक फ्लाइट्स पर 375 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक का देना होगा फ्यूल सरचार्ज**-इंडिगो ने डोमेस्टिक फ्लाइट्स को लेकर बताया कि 6 अक्टूबर को 00:01 बजे से 500 किमी तक की यात्रा पर प्रत्येक यात्री से 375 रुपये, 1000 किमी तक की यात्रा के लिए 600 रुपये, 1500 किमी तक की यात्रा के लिए 900 रुपये, 2000 किमी तक की यात्रा के लिए 1150 रुपये और 2000 किमी से ज्यादा की यात्रा के लिए 1300 रुपये का फ्यूल सरचार्ज वसूला जाएगा।

**इंटरनेशनल फ्लाइट पर लगेगा 10,000 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज**-इंडिगो ने बताया कि इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर प्रत्येक यात्री को 1000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज देना होगा। इंडिगो ने सार्क देशों में 500 किमी तक की यात्रा के लिए 1000 रुपये, 501 किमी से ज्यादा की यात्रा के लिए 3000 रुपये, दक्षिण पूर्व एशिया की यात्रा के लिए 5500 रुपये, खाड़ी देशों और मध्य पूर्व की यात्रा के लिए 5500 रुपये, उत्तरी और पूर्वी एशिया की यात्रा के लिए 5500 रुपये, अफ्रीका की यात्रा के लिए 6000 रुपये और यूरोप की यात्रा के लिए 10,000 रुपये का फ्यूल सरचार्ज फिक्स किया है।

**एटीएफ की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से एयरलाइन कंपनियों पर बढ़ा दबाव**-इंडिगो ने कहा कि एटीएफ की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है और इसमें हाल ही में महीने-दर-महीने 14% से ज्यादा की बढ़त भी शामिल है। एटीएफ की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण इंडिगो को अपने ऑपरेशनल कॉस्ट स्ट्रक्चर में बदलाव करना पड़ा है, ताकि तेल की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव निपटा जा सके। इंडियो ने बयान में कहा, एटीएफ, किसी भी एयरलाइन कंपनी की परिचालन लागत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए कीमतों में इस बढ़ोतरी से इंडिगो समेत सभी एयरलाइन कंपनियों की लागत संरचना और नेटवर्क से जुड़ी आर्थिक स्थिति प्रभावित होने की आशंका है।

# शेयर बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 472 अंक चढ़ा

*मुंबई। घरेलू शेयर बाजार आज एक बड़ी राहत देते हुए बढ़त लेकर हरे निशान में बंद हुआ। हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन में आईटीसी, एटरनल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस समेत कई शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। हालांकि, सोमवार को एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। आज बाजार ने बढ़त लेकर ही कारोबार शुरू किया था।*

**0.66 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ सेंसेक्स**-सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 472.77 अंकों (0.66 प्रतिशत) की तेजी के साथ 72,382.47 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स 133.80 अंकों (0.60 प्रतिशत) की बढ़त लेकर 22,555.75 अंकों पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त लेकर हुए बंद**-आज सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 10 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की 50 में से 31 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 18 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए और एक कंपनी का शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी आईटीसी के शेयर आज सबसे ज्यादा 4.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि, दिग्गज आईटी कंपनी एचसीएल टेक का शेयर आज सबसे ज्यादा 3.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।



## एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा के शेयरों में भारी गिरावट

सोमवार को सेंसेक्स के बाकी शेयरों में आज एटरनल के शेयर 2.50 प्रतिशत, भारती एयरटेल 2.38 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.28 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.13 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.11 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.72 प्रतिशत, एलएंडटी 1.48 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.45 प्रतिशत, टाइटन 1.43 प्रतिशत, टीसीएस 1.40 प्रतिशत, मारुति सुजुकी 1.07 प्रतिशत, पावर ग्रिड 0.92 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 0.87 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.82 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.73 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.66 प्रतिशत, भारतीय स्टेट बैंक 0.52 प्रतिशत, इंडिगो 0.28 प्रतिशत और बीईएल के शेयर 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

**लाल निशान में बंद हुए एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा समेत ये स्टॉक्स**-वहीं दूसरी ओर, आज एचडीएफसी बैंक के शेयर 1.99 प्रतिशत, सन फार्मा 1.55 प्रतिशत, इन्फोसिस 1.50 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.43 प्रतिशत, ट्रेंट 0.86 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक 0.83 प्रतिशत, टाटा स्टील 0.61 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.05 प्रतिशत और टेक महिंद्रा के शेयर 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, 90 डॉलर के करीब

*नई दिल्ली। निवेशकों द्वारा मिडिल ईस्ट में बढ़ते जोखिमों और ओपेक+ की स्थिर प्रोडक्शन पॉलिसी के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें भारी गिरावट के साथ 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गईं। आज सुबह 11:22 बजे के करीब मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 19 अक्टूबर की डिलीवरी वाले कच्चे तेल की कीमतें 2.71 प्रतिशत (242 रुपये) की भारी गिरावट के साथ 8674 रुपये प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रही थीं।*

**गुरुवार को 8916 रुपये प्रति बैरल पर बंद हुआ था कच्चे तेल का भाव**-हफ्ते के पहले ट्रेडिंग सेशन में कच्चे तेल ने 8665 रुपये प्रति बैरल के भाव पर कारोबार की शुरुआत की थी, जो पिछले हफ्ते गुरुवार को 8916 रुपये प्रति बैरल के भाव पर बंद हुआ था। बताते चलें कि शुक्रवार को गांधी जयंती के मौके पर एमसीएक्स बंद था। आज कारोबार के दौरान, कच्चे तेल की कीमतें 8720 रुपये प्रति बैरल के इंट्राडे हाई से लेकर 8644 रुपये प्रति बैरल के इंट्राडे लो तक पहुंच चुके थे।

**90 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंची डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतें**-oilprice.com के मुताबिक, सोमवार को दोपहर 12:20 बजे के करीब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतें 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 90.11 डॉलर प्रति बैरल पर थीं। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.61 प्रतिशत गिरकर 101.6 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इनके अलावा, मुर्बन क्रूड 1.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 110.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था।



**सऊदी-समर्थित सेनाओं ने बड़े पैमाने पर शुरू किए मिलिट्री ऑपरेशन**-यमन में सऊदी-समर्थित सेनाओं ने ईरान-समर्थित हूतियों के कब्जे वाले इलाकों को वापस लेने के लिए बड़े पैमाने पर मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किए हैं। हूतियों ने लाल सागर और अदन की खाड़ी के बीच बाब अल-मंडेब चोकपॉइंट पर कब्जा कर लिया था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया ने बताया कि लंबे समय से सप्लाई में रुकावट के बावजूद, ओपेक+ के प्रमुख सदस्य अगले महीने प्रोडक्शन कोटा में कोई बदलाव न करने पर सहमत हुए हैं। तेल की कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रही हैं, जबकि फ्यूल पंपों पर डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। इसके जवाब में, जी7 देश अपने इमरजेंसी ऑयल रिजर्व जारी कर रहे हैं।

# आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली से 2.10 लाख करोड़ की नकदी निकाली

*मुंबई। बैंकिंग प्रणाली में भारी अतिरिक्त नकदी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को दो एक दिवसीय परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो नीलामियों के जरिये प्रणाली से 2,10,192 करोड़ रुपए की नकदी निकाली। पहली नीलामी के दौरान केंद्रीय बैंक को दो लाख करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि के मुकाबले 2,10,688 करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं। उसने 5.24 प्रतिशत की भारित औसत दर पर 2,00,050 करोड़ रुपए स्वीकार किए।*



दूसरी नीलामी में बैंकों की प्रतिक्रिया सुस्त रही, जहां 50,000 करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि के मुकाबले सिर्फ 10,142 करोड़ रुपए की बोलियां मिलीं, जिसे केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह स्वीकार कर लिया। पिछले दो महीनों में केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग प्रणाली से अतिरिक्त नकदी निकालने और एक दिवसीय मुद्रा बाजार की दरों को रेपो दर के अनुरूप बनाए रखने के लिए कई वीआरआरआर नीलामियां आयोजित की हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, चार अक्टूबर तक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 5.16 लाख करोड़ रुपए की अधिशेष नकदी रहने का अनुमान है। बैंकों द्वारा एफ.सी.एन.आर. (बी) जमा में भारी बढ़ोतरी के कारण बैंकिंग प्रणाली नकदी से भरपूर है। इसके अलावा, महीने के अंत में वेतन और पेंशन भुगतान सहित सरकारी खर्च ने भी बैंकिंग प्रणाली में नकदी को बढ़ाने का काम किया।

## सेल का कच्चे इस्पात का उत्पादन में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का कच्चे इस्पात का उत्पादन चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 96 लाख टन हो गया। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में हॉट मेटल का उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 1.02 करोड़ टन हो गया, जबकि तैयार इस्पात का उत्पादन एक प्रतिशत बढ़कर 83.9 लाख टन रहा। कंपनी ने कहा कि कुल बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन में तैयार इस्पात की हिस्सेदारी अप्रैल-सितंबर, 2025 के 86.8 प्रतिशत से बढ़कर 89.2 प्रतिशत हो गई।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 96.29 |
| एक यूरो | 108.19 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 126.69 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 67.40 |
| एक जापानी येन | 00.60 |

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 136 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-146 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स - 85 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

# 1,500 रुपए से ज्यादा टूटा सोने का भाव

## चांदी में उछाल

*नई दिल्ली। सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 1,500 रुपए से ज्यादा टूट गया, जबकि चांदी में 1,100 रुपए से अधिक की तेजी दर्ज की गई। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में बढ़त देखने को मिली।*

बाजार में इस उतार-चढ़ाव के पीछे अमेरिकी अर्थव्यवस्था से जुड़े कमजोर आंकड़ों को प्रमुख वजह माना जा रहा है। हालिया आर्थिक आंकड़ों के बाद अक्टूबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना कम हुई है। ब्याज दरों को लेकर नरम रुख की उम्मीद से सोने और चांदी जैसे ऐसे एसेट्स को सपोर्ट मिलता है, जिनसे नियमित ब्याज आय नहीं होती।



वैश्विक बाजार में स्पॉट गोल्ड 0.4 प्रतिशत बढ़कर 4,158.17 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर डिलिवरी वाला अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर 0.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 4,186.40 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचा। स्पॉट सिल्वर भी 1.7 प्रतिशत चढ़कर 61.40 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कमोडिटी मार्केट एक्सपर्ट्स ने सोने और चांदी की कीमतों को लेकर कहा था कि इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में फिर से भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि अमेरिकी डॉलर में हलचल और अमेरिका-ईरान तनाव ने हालात को धुंधला कर दिया है। घरेलू मोर्चे पर, निवेशक बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति फैसले पर नजर रखेंगे, जिसमें ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। एक्सपर्ट्स ने कहा कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के सेवा पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी व्यापार आंकड़े और उपभोक्ता धारणा के आंकड़े भी सर्राफा कीमतों को दिशा देंगे।

## आरबीआई की एमपीसी बैठक शुरू

# क्या 2023 के बाद पहली बार बढ़ेगी रेपो रेट?

*नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक सोमवार से शुरू हो गई है। कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल और बढ़ती महंगाई के जोखिमों के बीच वित्तीय बाजार में इस बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की पूरी संभावना दिख रही है।*

साल 2025 में दरों में कुल 125 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती करने के बाद केंद्रीय बैंक ने पिछली चार लगातार बैठकों में रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। हालांकि, अब बदले वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के कारण वर्ष 2023 के बाद पहली बार नीतिगत दरों में 25 बेसिस प्वाइंट्स की वृद्धि होने के मजबूत संकेत मिल रहे हैं। समिति अपने नीतिगत फैसले का एलान बुधवार, को करेगी, जिस पर पूरे बाजार की निगाहें टिकी हुई हैं।

**आरबीआई की बैठक क्यों महत्वपूर्ण है और दरें बढ़ने की संभावना क्यों है?**-रिजर्व बैंक की यह तीन दिवसीय बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। रिपोर्टिंग के समय ब्रेंट क्रूड लगभग 101.26 डॉलर प्रति बैरल और क्रूड ऑयल करीब 89.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। कच्चे तेल की इन ऊंची कीमतों और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों ने केंद्रीय बैंक को मौद्रिक कड़ाई की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है।

## सतना बाजार भाव

### सराफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सोना फाइन | 1,44,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| सोना जेवर | 1,38,000 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी जेवर | 2,100 रु. | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी फाइन | 2,30,000 रु. | प्रति किलो |

### दाल- किराना भाव

- भाव प्रति किलो -

- भाव प्रति किलो -

अरहर ऊंची 110 अरहर मीडियम 100, उड़द ऊंची 110, उड़द धुली 115, मूंग खड़ी 100, मूंग धुली -110, चना 80-90, मसूर खड़ी 80, मसूर दाल 85-90

- भाव प्रतिकिलो -

धनियां खड़ी 100, धनियां पिसी 185, जीरा ऊंचा 270, जीरा मीडियम 260, हल्दी खड़ी 150, हल्दी पिसी 250, मूंगफली ऊंची 140, मूंगफली मीडियम 120, लाल मिर्च खड़ा 180, लाल मिर्च पिसी 280, जायफल-850, जावित्री-2400, तेज पत्ता-100, चैली-240, राई-120,

### लोहा वाला ट्रेडर्स

प्रो. हरिशंकर तिवारी मो.नं. 7049440762

- भाव प्रति किलो -

रायपुर- 8 एमएम -50.50, 10 एमएम -48.50, 12 एमएम -48.50, 16 एमएम -48.50

कामधेनू- 8 एमएम -55.50, 10 एमएम -53.50, 12 एमएम -53.50, 16 एमएम -53.50

# जीएसटी काउंसिल की बैठक बुधवार को, छोटे कारोबारियों को मिल सकती है बड़ी राहत

*नई दिल्ली। जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक बुधवार, 7 अक्टूबर को होने जा रही है, जिसमें टैक्स से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं में बड़े बदलाव पर चर्चा हो सकती है। इनका मकसद कारोबारियों के लिए टैक्स से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसान बनाना, छोटे ई-कॉमर्स विक्रेताओं को जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए प्लेटफॉर्म के वेयरहाउस का इस्तेमाल करने की इजाजत देना, असली खरीदारों के इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुरक्षा करना और कम कीमत वाले मामलों से जुड़े कानूनी विवादों को कम करना शामिल है।*

जीएसटी 2.0 प्रोसेस में सुधार के तहत लाए गए इन प्रस्तावों का मकसद रजिस्ट्रेशन और रिटर्न फाइलिंग को आसान बनाना और टैक्सपेयर्स व टैक्स विभाग के बीच विवादों को कम करना है।

**जीएसटी अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्ति वापस!**-नए प्रस्ताव के तहत सीजीएसटी एक्ट की धारा 69 में संशोधन की तैयारी है. अब तक कमिश्नर स्तर की मंजूरी पर अधिकारी सीधे गिरफ्तार कर सकते थे, लेकिन अब गंभीर धोखाधड़ी के मामलों में भी बिना कोर्ट ऑर्डर के गिरफ्तारी नहीं की जा सकेगी. यानी कि नए नियमों के तहत, किसी कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से पहले की मंजूरी अनिवार्य की जा सकती है.

**आपराधिक कार्रवाई की सीमा बढ़ाना**-अभी जीएसटी के तहत आपराधिक मुकदमा शुरू करने की न्यूनतम सीमा 1 करोड़ है. यानी कि जीएसटी से जुड़े कुछ गंभीर मामलों में अगर रकम 1 करोड़ से ज्यादा है, तो आपराधिक कार्रवाई की जा सकती है. बुधवार को होने वाली बैठक में कानून समितिद्वारा आपराधिक कार्रवाई शुरू करने के लिए टैक्स चोरी की इस लिमिट को बढ़ाकर सीधे 5 करोड़ करने पर विचार किया जा रहा है. हालांकि, इस नई लिमिट में भी फर्जी इनवॉइस (बिना माल की सप्लाई के सिर्फ बिल बनाना) के मामलों में राहत की कोई संभावना नहीं है.

**सामान्य टैक्स विवाद में कोई गिरफ्तारी नहीं**-किसी सामान या सेवा की टैक्स दर, उसकी कैटेगरी या इनपुट क्रेडिट टैक्स को लेकर कारोबारी और टैक्स अधिकारी अपनी अलग-अलग राय रख सकते हैं क्योंकि टैक्स के नियम-कानून इतने जटिल होते हैं कि एक ही नियम को दो अलग-अलग लोग अलग तरीके से समझ सकते हैं. जब तक किसी मामले में जानबूझकर टैक्स चोरी करने या फर्जीवाड़ा साबित न हो, तब तक उसे गलती नहीं मानी जाएगी. ऐसे सामान्य टैक्स विवादों को अपराध की श्रेणी से बाहर रखा जाएगा.



**छोटे ई-कॉमर्स विक्रेताओं को बड़ी राहत**-ऑनलाइन सामान बेचने वाले छोटे कारोबारियों के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन को आसान बनाने के मकसद से एक और प्रस्ताव है. इसके तहत, कारोबारी अमेजन-फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदामों या वेयरहाउस को ही अपना रजिस्टर्ड पता के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं. इस नियम से करीब 9.5 लाख छोटे कारोबारियों के लिए हर उस राज्य में अलग से दुकान या ऑफिस किराए पर लेने, भारी सिक्योरिटी डिपॉजिट रखने और स्टाफ रखने का मेंटेनेंस खर्च पूरी तरह खत्म हो जाएगा, जहां उन्हें अपने माल की सप्लाई करनी होती है.

**वास्तविक खरीदारों के आईटीसी की सुरक्षा**-कई बार दुकानदार सामान खरीदने के बाद अपनी जेब से टैक्स की पूरी रकम चुकाने के बाद भी अपना इनपुट टैक्स क्रेडिट खो देते है क्योंकि आगे वाला सप्लायर सरकार को टैक्स नहीं भरता है. नए नियम के तहत, अगर खरीदार के पास सही इनवॉइस है, तो उसका आईटीसी सुरक्षित रहेगा और सरकार सीधे डिफॉल्ट करने वाले सप्लायर से वसूली करेगी.

देशबन्धु
ग्राहक सेवा

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है।
अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक **अशोक मिश्रा** द्वारा श्रीजी प्रिंटर्स नौदरा ब्रिज जबलपुर से मुद्रित सैमरिया चौक रीवा रोड सतना म.प्र. से प्रकाशित। फोन 0761-4085031, सम्पादक- **मोहन सुरजन**, पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार), मानसेवी सलाहकार सम्पादक-**नियाज खान**, स्थानीय संपादक-**कपिल चौरसिया**, रीवा कार्यालय: चौरसिया बिल्डिंग, अमहिया रोड रीवा म.प्र. फोन-07662-406671 आर.एन.आई पंजी.क्रमांक **38532/85**, डाक पंजीयन-रीवा संभाग/16/2009-2011

## ‘यह स्टेप कैसे होगा?’ से शुरू होती है गरबा की तैयारी



**नवरात्रि की आहट के साथ गरबा और डांडिया की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। देशबंधु के बैनर तले आयोजित विंध्य गरबोत्सव के प्रशिक्षण में इन दिनों सिर्फ कदम ही नहीं थिरक रहे, बल्कि स्टेप्स को लेकर प्रतिभागियों के बीच बातचीत भी खूब हो रही है।**

**सतना, देशबन्धु।** कृष्णनगर रोड स्थित कन्हैया पैलेस में अभ्यास के दौरान एक स्टेप पूरा होते ही कोई पूछता है–‘अगला स्टेप कौन सा है?’ तो साथी प्रतिभागी उसे हाथ और पैरों की गति समझाते नजर आते हैं। गरबा के गोल घेरे में कदम मिलाते हुए प्रतिभागी ताल, गति और हाथों की मुद्राओं का तालमेल बैठाने में जुटे हैं। डांडिया अभ्यास में जोड़ी बदलते समय स्टिक की टाइमिंग को लेकर भी एक–दूसरे को संकेत दिए जाते हैं। प्रशिक्षक स्टेप दोहराते हैं तो प्रतिभागी पहले धीरे–धीरे उसे समझते हैं और फिर उसी गति में पूरी टीम के साथ करने की कोशिश करते हैं। शुरुआती प्रतिभागियों के लिए बेसिक स्टेप्स पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जबकि अनुभवी युवा तेज ताल और समूह प्रस्तुति की कोरियोग्राफी साध रहे हैं। किसी स्टेप में गलती होने पर हंसी–मजाक के बीच उसे दोबारा करने का उत्साह भी नजर आता है।

आयोजन सुवान क्रिएशन एवं वैष्णवी डांस एकेडमी के सहयोग से हो रहा है। इसमें उमेश वर्मन, विशाल विश्वकर्मा, ऋचा गुप्ता, केजी बुनकर, हैशटैग माय सलून की श्वेता अग्रवाल, गौरी जेवर वाला के रवि शंकर गौरी, मॉडल एवं ग्रुमिंग एक्सपर्ट खुशबू तिवारी और ब्लॉगर मधु पाण्डेय, एंकर रूपाली कृष्णानी सहयोग कर रहे हैं।





नवरात्रि का समय जैसे–जैसे नजदीक आ रहा है, प्रशिक्षण लेने के लिए भीड बढ़ती जा रही है। गरबा के दो और तीन ताल स्टेप्स के बारे में बताया गया।

**अनामिका वर्मा**



गरबा और डांडिया में ताल के साथ काउंटिंग बेहत महत्वपूर्ण है। इसके बारे में प्रतिदिन अभ्यास शुरू में ही कराया जाता है। क्योंकि इसका अभ्यास होना जरूरी है।

**अरोही वर्मा**



मैने इसी वर्ष गरबा–डाडिया में हिस्सा लिया है। देशबन्धु द्वारा जो आयोजन हो रहा है। उसमें आकर के बहुत अच्छा लग रहा है। कल से कुछ और मित्र यहां आएंगे।

**तनिष्क वर्मा**



घर में अभ्यास के लिए समय नहीं दे पाते। जितना वर्कशॉप में अभ्यास कर लिया उतना ही है। धीरे–धीरे यहां और ज्यादा समय देंगे क्योंकि नवरात्रि का पर्व आने वाला है।

**अनु सिंह**

## विधायक के सामने खूनी गुटबाजी : दो पक्षों में विवाद जमकर हुई मारपीट

- **थाना परिसर में चला हाई वोल्टेज ड्रामा दोनों पक्षों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज**



**मऊगंज देशबन्धु।** जिले के लौर थाने में उस वक्त अफरा–तफरी मच गई जब सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के दो उग्र गुट आपस में भिड़ गए और थाना परिसर कुरुक्षेत्र में तब्दील हो गया। घटना के दौरान पुलिस की बेबसी का आलम यह था कि थाने के भीतर हंगामा इतना बढ़ गया था कि कोई पुलिस की सुनने को तैयार ही नहीं था। जब माहौल पूरी तरह अनियंत्रित होने लगा और थाने की व्यवस्था चरमरा गई, तब मऊगंज एसडीओपी सचि पाठक ने तत्काल खुद कमान संभाली।



एसडीओपी सचि पाठक ने मौके पर पहुंचकर अपनी त्वरित समझाइश, सूझबूझ और कड़े रुख से दोनों बेकाबू पक्षों को शांत कराया, स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लिया और कानून के तहत दोनों पक्षों पर संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई। घटना की जड़ आंगनबाड़ी केंद्र शिवपुरा नेबुहा में आयोजित मिलन कार्यक्रमसे जुड़ी है, जहाँ से शुरू हुआ विवाद थाने की दहलीज तक पहुंच गया। मामले मे एक पक्ष सुरेंद्र सिंह चंदेल का आरोप है कि वे शिवपुरा नेबुहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां ग्राम पंचायत शिवपुरा नेबुहा की महिला सरपंच के पति गंगा प्रसाद द्विवेदी और उनके साथी गोविंद लाल तिवारी ने गाली–गलौज की और मारपीट की, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरे पक्ष गंगा प्रसाद द्विवेदी निवासी ग्राम शिवपुरा नेबुहा ने आरोप लगाया कि सुरेंद्र सिंह द्वारा पर्दा व कुर्सी कम लगाने की बात पर गाली–गलौज की गई थी। सुरेंद्र सिंह व उनके सहयोगियों ने रास्ता रोककर उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की तथा उनकी स्कार्पियो गाड़ी में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी।

## सार-समाचार

### शर्मनाक: गूगल ने देश में रीवा को दी ‘कोरेक्स सिटी ऑफ इंडिया’ की पहचान!



**रीवा देशबन्धु।** लंबे समय से नशीली कप सिरप के अवैध इस्तेमाल और कारोबार के कारण अब गूगल और एआई ने भी विन्ध्य के रीवा को कोरेक्स सिटी ऑफ इंडिया के नाम से संबोधित कर दिया है। जहां नशीली दवाओं और कप सिरप के दुरुपयोग को लेकर समय–समय पर सवाल उठते रहे हैं। सबसे चिंता की बात यह है कि जिस कप सिरप का इस्तेमाल चिकित्सकीय उपचार के लिए होना चाहिए, वही युवाओं के बीच नशे का साधन बन रही है। बिना चिकित्सकीय जरूरत या गलत तरीके से इन दवाओं का इस्तेमाल युवाओं को नशे की ऐसी राह पर धकेल सकता है जहां से वापस लौटना आसान नहीं होता। रीवा से जैसे ऐतिहासिक शहर की पहचान यदि नशीले कप सिरप से जुड़ने लगे तो यह पूरे विन्ध्य के लिए चिंता का विषय है। लगाम नहीं लगाई गई तो इसका असर आने वाली पीढ़ी पर पड़ सकता है।

### ट्रक चालक से रूपए लूटने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सतना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक ट्रक ड्राइवर से जबरन जेब में रखे रूपए लूटकर फरार तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा दिया, जबकि फरार चौथे आरोपी की भी सरगर्मी से तलाश कर रही है। इसके पहले दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है। मिली जानकारी मुताबिक ट्रक चालक सत्यभान पिता राजवीर सिंह निवासी धुवरी सेहनाजपुरा जिला टेटा उत्तरप्रदेश थाना आकर रिपोर्ट किया कि 2 अक्टूबर को रात्रि करीब 2.30 बजे बांसनाका पुलिया के आगें टिकुरिया टोला रोड स्थित टीसीआई ट्रान्सपोर्ट के सामने ट्रक खडा कर आराम कर रहा था। तभी दो व्यक्ति पैदल व दो व्यक्ति मोटरसायकल से आए व ट्रक का गेट खोलकर उपर चढकर धमकाते हुये जेब से 3400 रू छीनकर भाग गए। दो आरोपी पहले गिरफ्तार के जेल भेजे गए वहीं फरार तीसरे आरोपी अमित बेल्दार पिता राकेश बेल्दार 19 वर्ष निवासी बजरहा टोला को गिरफ्तार कर कार्यवाही उपरांत न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## 3430 छात्र-छात्राओं ने एक साथ किया कथक, 9 मिनट 24 सेकेंड की प्रस्तुति

**सतना, देशबन्धु।** मां शारदा की पावन नगरी मैहर ने स्थापना दिवस के तीसरे वर्ष गौरव दिवस समारोह में ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिसने जिले का नाम देश–दुनिया में रोशन कर दिया। फुटबॉल मैदान में

### मां शारदा की नगरी मैहर ने रचा इतिहास

आयोजित भव्य समारोह में 3430 छात्र–छात्राओं ने एक साथ 9 मिनट 24 सेकेंड तक सामूहिक कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर मैहर का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा दिया। सैकड़ों छात्राओं और छात्रों की एक साथ थिरकती कदमताल, लयबद्ध मुद्राएं और अनुशासित प्रस्तुति ने पूरे मैदान को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।



पारंपरिक कथक की मनोहारी प्रस्तुति देखकर मैदान में मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। मां शारदा की नगरी में कला, संस्कृति और प्रतिभा के इस संगम ने मैहर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान की।

**प्रमाण पत्र और मैडल से सम्मान**

गौरव दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री राधा सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, एडीएम रोशन राय, नंदिता पाठक, कमलेश सुहाने सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक–शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की टीम ने निर्धारित मानकों के अनुसार सामूहिक कथक प्रस्तुति का अवलोकन किया। प्रस्तुति पूरी होने के बाद टीम ने इसे रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किए जाने की

### एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

घोषणा की। इसके बाद प्रभारी मंत्री, विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

**दीप प्रज्वलन से शुरूआत, आरती से समापन**

कार्यक्रंम का शुभारंभ मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्र–छात्राओं की सामूहिक कथक प्रस्तुति ने समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का समापन मां शारदा की सामूहिक आरती के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान मैदान मां शारदा के जयघोष और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा

ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने कहा कि मां शारदा की नगरी मैहर के बेटे–बेटियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण से जिले का गौरव बढ़ाया है। यह उपलब्धि आने वाली पीढियों के लिए प्रेरणा बनेगी। गौरव दिवस पर आयोजित यह आयोजन मैहर की सांस्कृतिक विरासत और नई पीढ़ी की प्रतिभा का अनूठा संगम बन गया।

## सड़क किनारे बैठी महिला के पास मिली नशीली सामग्री, जांच के बाद होगी पुष्टि

**रीवा देशबन्धु।** शहर के रतहरा बायपास तिराहे से सड़क किनारे एक महिला सड़क किनारे बैठी दिखाई दे रही है और उसके पास नशीली सामग्री रखी नजर आ रही है। भीड़भाड़ वाले इलाके में इस तरह गांजा बेचने का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। हालांकि वीडियो में दिखाई दे रही सामग्री वास्तव में गांजा है या नहीं और महिला की भूमिका क्या है, इसकी पुष्टि पुलिस की जांच के बाद ही होगी। वीडियो



सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस वीडियो में दिखाई दे रही महिला की पहचान और मौके से जुड़ी जानकारी जुटा रही है। गांजा बिक्री से जुड़े संभावित लोगों और सप्लाई नेटवर्क की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## कोरेक्स तस्कर की गुंडागर्दी, दुकान में कट्टा लहराकर फैलाई दहशत

### सीसीटीवी में घटना कैद

**रीवा देशबन्धु।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र से कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। क्षेत्र के खजूहा ग्राम पंचायत मे एक कोरेक्स तस्कर ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पाद मचाया और इलाके में दहशत फैला दी। बदमाशों ने एक स्थानीय किराना दुकान में घुसकर न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि कट्टा लहराकर पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो शोसल मीडिया मे वायरल हो रहा है।



जानकारी के अनुसार, घटना खजूहा ग्राम पंचायत की है, जहां पीड़ित छकौड़ी लाल की किराना दुकान है। आरोप है कि क्षेत्र के ही कोरेक्स तस्कर ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर अचानक दुकान पर धावा बोल दिया। दुकान के भीतर घुसते ही गाली–गलौज शुरू कर दी और भारी उपद्रव मचाया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, आरोपी और उसके साथियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से खुलेआम कट्टा लहराया। इस दौरान आरोपियों ने छकौड़ी लाल को निशाना बनाते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, उन्हें अपमानित किया और विरोध करने पर जान से मारने की सीधी धमकी दी। फिलहाल सामने आये वीडियो में आरोपी साफ तौर पर वारदात को अंजाम देते और हथियार चमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस अब इस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनकी तलाश में जुट गई है।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती फिर प्यार और दुष्कर्म

### 24 घंटे मे आरोपी विदिशा से गिरफ्तार

**रीवा देशबन्धु।** अमहिया थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में की गई इस त्वरित कार्रवाई के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया गया है।20 वर्षीय आरोपी सेवक राम कुशवाहा निवासी ग्यारसपुर, जिला विदिशा ने



अमहिया थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका से सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की थी।उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और बहला–फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच और किशोरी की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी अमहिया मनोज गौतम और उनकी पुलिस टीम ने आरोपी के ठिकाने का पता लगाया। पुलिस टीम ने दबिश देकर न सिर्फ नाबालिग किशोरी को दस्तयाब आरोपी सेवक राम कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया।

## दूध व्यापारी को घेरकर चाकुओं से गोदा

### ताला के आनंदगढ़ की घटना

**रीवा देशबन्धु।** गोविंदगढ़ से सटे मैहर जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदगढ़ में रविवार की देर शाम एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ 4 बदमाशों ने एक दूध व्यापारी को घेरकर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने व्यापारी के पेट, गर्दन और हाथ पर चाकुओं से 4 घातक वार किए हैं। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के



मुताबिक, आनंदगढ़ निवासी नरेंद्र यादव दूध का व्यवसाय करते हैं। रविवार की शाम वह रीवा के गोविंदगढ़ से दूध की बिक्री कर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह ताला थाना क्षेत्र के आनंदगढ़ के पास पहुँचे, पहले से घात लगाकर बैठे हमलावरों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस खूनी वारदात को अंजाम देने वाले हमलावरों की संख्या 4 बताई जा रही है। हमले का मुख्य आरोपी आनंदगढ़ के पड़ोसी गाँव कदहली का रहने वाला अर्जुन यादव है।

**SBI**

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की नियुक्ति**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| पद का नाम | रिक्ति | आयु (31.07.2026 तक) | |
|---|---|---|---|
| | | न्यूनतम | अधिकतम |
| **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/24 (संविदा पद)** | | | |
| उप उपाध्यक्ष (एनालिटिकल मार्केटिंग एंड कैंपेन) | 1 | 33 | 45 |
| उप उपाध्यक्ष (डिजिटल मार्केटिंग) | 2 | 33 | 45 |
| कंटेंट विशेषज्ञ | 1 | 25 | 40 |
| **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2026-27/25 (संविदा पद)** | | | |
| हेड सेल्स | 1 | 40 | 52 |
| केंद्रीय अनुसंधान दल (उत्पाद लीड) | 2 | 30 | 45 |
| प्रबंधक (व्यवसाय प्रक्रिया) | 1 | 30 | 40 |
| परियोजना विकास प्रबंधक (प्रौद्योगिकी) | 1 | 25 | 40 |
| सेंट्रल ऑपरेशंस टीम (सीओटी) सपोर्ट | 1 | 30 | 40 |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://sbi.bank.in/web/careers/ post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 30.09.2026 से 21.10.2026 तक.**

**स्थान:** मुंबई

**दिनांक:** 30.09.2026

**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## आदिवासी किसान का ट्रैक्टर जब्त, विधायक धरने पर, बेवजह परेशान करने का आरोप

**अधिकारी बोले– वन भूमि पर जुताई के मामले में नियमानुसार कार्रवाई**

**सतना, देशबन्धु।** मझगवां में आदिवासी किसान का ट्रैक्टर जब्त किए जाने के विरोध में सोमवार को सियासत गरमा गई। किसान के समर्थन में विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सैकड़ों ग्रामीणों के साथ वन विभाग कार्यालय पहुंच गए और वहीं धरने पर बैठ गए। विधायक ने वन विभाग पर आदिवासी किसान को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए जब्त ट्रैक्टर तत्काल छोड़ने की मांग की। बताया गया कि किसान खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वन भूमि पर जुताई किए जाने का आरोप लगाते हुए ट्रैक्टर जब्त कर लिया। कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने विधायक से शिकायत की। इसके बाद विधायक ग्रामीणों के साथ वन विभाग कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सामने ट्रैक्टर छोड़ने की मांग रखी।

**बोले– ट्रैक्टर नहीं छोड़ा तो यहीं कटेगी रात**

धरने के दौरान विधायक ने



अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसान का ट्रैक्टर छोड़ा जाए, अन्यथा वे रातभर वन विभाग कार्यालय में ही धरने पर बैठे रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि वन विभाग आदिवासी किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहा है। विधायक ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनकी समस्या का तत्काल समाधान होना चाहिए।

**वन विभाग ने बताया नियमानुसार कार्रवाई**

वहीं, वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वन भूमि पर जुताई किए जाने के मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के मुताबिक नियमों के विपरीत जब्त किए गए ट्रैक्टर को तत्काल छोड़ना संभव नहीं है। विभाग ने कार्रवाई को पूरी तरह नियमानुसार बताया है। मौके पर वन विभाग के एसडीओ, मझगवां रेंजर सहित पुलिस बल मौजूद है। विधायक अपनी मांग पर अड़े हुए हैं, जबकि वन विभाग के अधिकारी नियमों के तहत की गई कार्रवाई पर कायम हैं। देर शाम तक वन विभाग कार्यालय में धरना जारी रहा। मामले को लेकर ग्रामीणों और वन विभाग के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।